कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी 12:35 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 नवंबर 2024
वर्ष 5, अंक 224, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी आज भी अधूरी है 16

थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान 15

# पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

**कैबिनेट के फैसले**



- योजना में मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी आर्थिक मदद
- भारतीय खाद्य निगम को मिलेंगे 10,700 करोड़ रुपये

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को बुधवार को मंजूरी दे दी ताकि वित्तीय बाधाएं उन्हें गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोक सकें। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने को भी मंजूरी दे दी।

पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों (क्यूएचईआई) में दाखिला लेने वाला कोई भी विद्यार्थी पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन शुल्क और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से बिना किसी जमानत या गारंटर के ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र होगा। वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए योजना को मंजूरी दी है। यह योजना राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचा (एनआईआरएफ) रैंकिंग द्वारा निर्धारित सरकारी और निजी सभी शीर्ष क्यूएचईआई पर लागू होगी जो एनआईआरएफ में शीर्ष 100 में स्थान रखते हैं। इसमें एनआईआरएफ में 101-200 रैंक पर आने वाले राज्य के उच्च शिक्षा संस्थान और केंद्र द्वारा संचालित सभी संस्थान शामिल हैं। दूसरी ओर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने की भी मंजूरी दी गई।

# ट्रंप ने कड़े मुकाबले में हैरिस को हराया

**277** वोट ट्रंप को मिले

**224** वोट हैरिस ने पाए



**अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव** — ऐतिहासिक जीत हासिल कर दूसरी बार पहुंचे व्हाइट हाउस

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार देश के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। ट्रंप ने कड़े चुनावी मुकाबले में अपनी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को हरा दिया। विस्कोन्सिन में जीत के साथ ट्रंप (78) ने राष्ट्रपति पद के लिए जरूरी 270 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए। उन्होंने विस्कोन्सिन जैसी महत्वपूर्ण सीट पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पराजित किया। शाम सात बजे तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार, रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने 277 निर्वाचक मंडल वोट जबकि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस को 224 वोट हासिल हुए। ट्रंप ने फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए इस जीत को अमेरिका में स्वर्णिम युग की वापसी बताया। 4 साल के बाद ट्रंप फिर से व्हाइट हाउस पहुंचेंगे।

### खरगे और राहुल ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। खरगे ने कहा कि हम वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। राहुल गांधी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार रहीं कमला हैरिस को भी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मेरे दोस्त ट्रंप को बधाई : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति निर्वाचित होने और उनकी ऐतिहासिक जीत पर बुधवार को उन्हें बधाई दी तथा वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई।

## एक नजर

### भड़काऊ भाषण : मिथुन चक्रवर्ती पर प्राथमिकी

**कोलकाता।** बिधाननगर पुलिस ने बुधवार को अभिनेता से भाजपा नेता बने मिथुन चक्रवर्ती के खिलाफ पिछले महीने उत्तर 24 परगना जिले में एक पार्टी कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के लिए प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चक्रवर्ती के खिलाफ शिकायत 27 अक्टूबर को साल्ट लेक क्षेत्र में ईजेडसीसी में भाजपा के एक कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा दिए गए भाषण से संबंधित है, जिसके आधार पर पुलिस ने बिधाननगर दक्षिण थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे, जो भाजपा के सदस्यता अभियान के पश्चिम बंगाल चरण की शुरुआत के लिए आयोजित किया गया था।

### सीबीएसई ने 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डमी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ले ली और छह स्कूलों का उच्चतर माध्यमिक का दर्जा घटाकर माध्यमिक कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम सितंबर में राजस्थान और दिल्ली के विद्यालयों में किए गए औचक निरीक्षण के बाद उठाया गया है, जिसमें कई खामियां पाई गई थीं। सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा कि डमी या बिना-उपस्थित प्रवेश की प्रथा स्कूली शिक्षा के मूल उद्देश्य के विपरीत है।

# रातों रात बुलडोजर लाकर घर नहीं गिरा सकते : सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट ने 2019 में ढांचों को गिराने पर उप्र सरकार से नाखुशी जताई

- अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पर सभी राज्यों को जारी किए निर्देश
- जिसके घर को गिराया उसे 25 लाख रुपये मुवावजा दे उप्र सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 2019 में अवैध तरीके से ढांचों को गिराने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से नाखुशी जताई और सड़कें चौड़ी करने एवं अतिक्रमण हटाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश जारी किए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उप्र सरकार को निर्देश दिया कि उस व्यक्ति को 25 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए जिसका घर 2019 में सड़क चौड़ीकरण के लिए गिरा दिया गया था। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के वकील से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते कि बुलडोजर लेकर आएं और रातों रात भवनों को गिरा दें। आप परिवार को घर खाली करने के लिए समय नहीं देते। घर में रखे घरेलू सामान का क्या? पीठ ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव से कहा कि महाराजगंज जिले में मकान गिराने से संबंधित मामले में जांच कराई जाए और उचित कार्रवाई की जाए।

### प्राकृतिक न्याय सिद्धांतों का पालन करें राज्य

अदालत ने राज्यों से कहा कि वे अभिलेखों या मानचित्रों के आधार पर सड़क की मौजूदा चौड़ाई का पता लगाएं तथा सर्वेक्षण करें, जिससे सड़क पर यदि कोई अतिक्रमण है तो उसका पता चल सके। कहा कि यदि सड़क पर अतिक्रमण का पता चलता है तो राज्य को इसे हटाने से पहले अतिक्रमण करने वाले को नोटिस जारी करना होगा और यदि नोटिस की सत्यता और वैधता पर आपत्ति जताई जाती है तो राज्य प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए स्पीकिंग ऑर्डर (कारण सहित आदेश) जारी करेगा।

### उचित कारण जरूरी, मुनादी से नहीं चलेगा काम

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ भटनागर और अधिवक्ता शुभम कुलश्रेष्ठ पक्ष रख रहे थे। अदालत ने उनका पक्ष सुनते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि मकान गिराने की प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी थी और कानून का पालन किए बिना इसे अंजाम दिया गया। सुनवाई के दौरान पीठ को संबंधित क्षेत्र में 123 ढांचों को गिराए जाने के बारे में सूचित किया गया। पीठ ने राज्य सरकार के वकील से कहा कि आप कह रहे हैं कि आपने केवल मुनादी की थी। बताएं कि किस आधार पर निर्माण कार्य को अनधिकृत बताया गया। जब राज्य के वकील ने सड़क चौड़ीकरण परियोजना के बारे में बताया तो पीठ ने कहा, सड़क चौड़ीकरण बस एक बहाना है। यह उचित कारण नहीं लगता।

### अतिक्रमण हटाने से पहले दी जाए नोटिस

पीठ ने कहा कि यदि आपत्ति को खारिज कर दिया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को अतिक्रमण हटाने के लिए एक तर्कसंगत नोटिस दिया जाएगा। यदि संबंधित व्यक्ति इसका अनुपालन नहीं करता, तो सक्षम प्राधिकारी अतिक्रमण हटाने के लिए कदम उठाएंगे, जब तक कि सक्षम प्राधिकारी या अदालत के आदेश से रोक न लगाई जाए। जहां सड़क की मौजूदा चौड़ाई, जिसमें उससे सटी राज्य की भूमि भी शामिल है, सड़क चौड़ीकरण के लिए पर्याप्त नहीं है, तो राज्य कार्रवाई को शुरू करने से पहले अपनी भूमि का अधिग्रहण करने के लिए कदम उठाएगा।

# डीसीएम व ऑटो के बीच भिड़ंत में 11 लोगों की मौत

## मरने वालों में 6 महिलाएं, 3 बच्चे और दो युवक शामिल

- हरदोई जिले के बिल्हौर-कटरा हाईवे पर गांव रोशनपुर के पास हुआ हादसा
- मुख्यमंत्री ने जताई शोक संवेदना, घायलों के समुचित इलाज के दिए निर्देश

संवाददाता, बिलग्राम (हरदोई)



बिल्हौर-कटरा हाईवे पर दुर्घटनास्थल पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिल्हौर-कटरा हाईवे पर बुधवार दोपहर 12 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। बिलग्राम थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव के पास डीसीएम और ऑटो की भिड़ंत में 11 लोगों की मौत हो गई है। जबकि तीन लोग गंभीर हैं। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची ने घायलों को सीएचसी भेजा। मरने वालों में 6 महिलाएं और 3 बच्चे और दो युवक हैं। सूचना पर एसपी नीरज कुमार जादौन, एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार रोशनपुर पहुंचे और घायल लोगों से मिले।

प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताया है। अधिकारियों को निर्देश दिए है कि घायलों का समुचित इलाज और उनकी देखरेख की जाए। इसके अलावा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी ने मृतक के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये सहायता देने के निर्देश दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बुधवार दोपहर 12 बजे एक सीएनजी आटो माधौगंज से 15 सवारियां लेकर बिलग्राम आ रहा था। आटो जैसे ही गांव रोशनपुर के पास पहुंचा, उसी बीच एक राहगीर को बचाने में सामने से आ रही डीसीएम से जा टकराया। चीख-पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े, उसी बीच चालक डीसीएम छोड़ कर भाग गया। सूचना पर पहुंचे एसपी नीरज कुमार जादौन, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार, सीओ बिलग्राम सुनील कुमार शर्मा और एसडीएम बिलग्राम ने स्थानीय लोगों के आक्रोश को संभाला। पुलिस ने बताया मृतकों में माझगांव निवासी माधुरी (38), सुनीता (40) पटियनपुरवा माधौगंज, आंशी (8), नीलम (60) इटौली, सत्यम (30) पटेल नगर पूर्वी माधौगंज, राधा (42) इटौली, निर्मला (36) अल्लीगढ़ बिलग्राम, रोशनी (30) गुर्रा सवायजपुर, वंशिका (6), प्रांशु (4), विमलेश (25) सर्रा सथरा थाना सुरसा शामिल है।

घायलों में संजय पहुतेरा, रमेश अल्लीगढ़ बिलग्राम व आनंद पहुतैरा शामिल हैं। एक घायल की पहचान नहीं हो पाई। उधर, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

# पंप कर्मियों से लूट में दरोगा समेत 4 पुलिसकर्मी निलंबित

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

- एसपी ने लापरवाही पर की कार्रवाई, वारदात के खुलासे के लिए जुटी हैं दस टीमें
- तीन बदमाशों ने बैंक के कैशियर पर हमला करके लूट लिए थे साढ़े पांच लाख रुपये

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पेट्रोल पंप के कैशियर के साथ हुई साढे. पांच लाख रुपये की लूट के मामले में हल्का दरोगा, हेड कांस्टेबल और दो कांस्टेबलों को निलंबित कर दिया है।

हाईवे किनारे पर एक होटल के पास 4 नवंबर की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे भारत पेट्रोल पंप के कैशियर गांव दरियापुर निवासी जबर सिंह बाइक से सुरक्षा गार्ड सोमपाल सिंह के साथ हसनपुर मार्ग पर एसबीआई में कैश जमा करने जा रहे थे। इसी बीच तीन नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर कैशियर से रुपयों से भरा बैग लूट लिया था। घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस की 10 टीमें लगी हैं। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बुधवार को हल्का उपनिरीक्षक संजय कुमार, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार और जितेंद्र को निलंबित कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि बदमाशों की तलाश में सभी टीमें कार्य कर रही हैं।

# जम्मू-कश्मीर विस में विशेष दर्जा बहाली प्रस्ताव पारित

- भाजपा विधायकों का कड़ा विरोध वेल में कूदे, जमकर हंगामा

श्रीनगर, एजेंसी



विधान सभा के भीतर विरोध प्रदर्शन करते भाजपा के विधायक। ● एजेंसी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने भाजपा के कड़े विरोध और हाईवोल्टेज ड्रामा के बीच विशेष दर्जा बहाली संबंधी प्रस्ताव को बुधवार को पारित कर दिया। इस प्रस्ताव में केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष दर्जा बहाल करने, संवैधानिक गारंटी देने और इन प्रावधानों को बहाल करने के लिए संवैधानिक तंत्र तैयार करने के लिए बातचीत शुरू करने का आह्वान किया गया। उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी द्वारा विशेष दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पेश किया गया जिसका स्वास्थ्य मंत्री सकीना मसूद ने समर्थन किया। प्रस्ताव के बाद सुबह विधानसभा में काफी हंगामा हुआ। प्रस्ताव का मसौदा बहुत ही चतुराई से तैयार किया गया था और इसमें अनुच्छेद 370 या पांच अगस्त 2019 का उल्लेख नहीं था जब जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किया गया था। भाजपा विधायकों ने खड़े होकर प्रस्ताव का विरोध किया। नारेबाजी-हंगामे के चलते अफरा-तफरी मच गई। कुछ विधायक सदन के वेल में कूद गए और अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर पर हमला करते हुए उनसे प्रस्ताव वापस लेने को कहा। उनमें से कुछ ने अध्यक्ष के खिलाफ नारे लगाए। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के विधायक भी अपनी सीटों से उठ गए और प्रस्ताव के पक्ष में नारे लगाने लगे।

### प्रस्ताव वापसी तक विस चलने नहीं देंगे : भाजपा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने कहा कि वह सदन की कार्यवाही तब तक चलने नहीं देगी जब तक राज्य के विशेष दर्जे को बहाल करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश के निर्वाचित प्रतिनिधियों और केंद्र के बीच बातचीत संबंधी प्रस्ताव को वापस नहीं लिया जाता। नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि यह एक अवैध प्रस्ताव है।

# एलएमवी लाइसेंस धारक चला सकेंगे ट्रांसपोर्ट वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट का निर्णय, 7500 किग्रा वजन की सीमा तय

वाणिज्यिक वाहन चालकों को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) का लाइसेंस धारक व्यक्ति 7,500 किलोग्राम तक वजन वाले परिवहन वाहन चला सकता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का फैसला बीमा कंपनियों के लिए एक झटका है। बीमा कंपनियां उन दावों को खारिज कर देती थीं, जो एक विशेष वजन के परिवहन वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित होते थे। पीठ के लिए सर्वसम्मति से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय ने कहा कि ऐसे कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं जो यह दर्शाते हों कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के लिए एलएमवी लाइसेंस धारक जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि एलएमवी लाइसेंस धारक, जो अधिकतम समय वाहन चलाते हैं, उनकी शिकायतों को खारिज नहीं किया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति रॉय के अलावा पीठ में न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

# सनातन में सभी को धारण करने की क्षमता

- चित्रकूट में संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले- रामायण से हमें मिलती है जीवन जीने की सही सीख

संवाददाता, चित्रकूट



संबोधन करते संघ प्रमुख भागवत, बैठे हुए संत मोरारी बापू।

**अमृत विचार :** संतों के काम में कोई बाधा न आए इसलिए संत जब सनातन धर्म की कथा कहते हैं तो संघ के लोग डंडा लेकर बाहर बैठते हैं। सभी को जोड़कर उन्नति करना हमारे देश का धर्म है। महाभारत हमें सिखाती है कि दुनिया कैसी है और रामायण बताती है कि यहां कैसे रहना है। यह बात बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने श्रीधर धाम दास हनुमान देवस्थान आश्रम में प्रख्यात कथावाचक स्व. पं. रामकिंकर उपाध्याय के 3 दिवसीय जन्म शताब्दी समारोह के समापन पर कही। संघ प्रमुख ने कहा कि ऋषि-मुनियों के कठोर परिश्रम से भारत की नींव रखी गई। हम मूल रूप से एक हैं। सनातन का भी यही मूल है, इसमें सभी को धारण करने की क्षमता है। आज देश में धर्म-अधर्म की लड़ाई चल रही है। ऐसे में ईश्वर प्रदत्त कर्तव्य है कि धर्म के पक्ष में खड़े हो जाएं। प्रभु राम ने धर्म को जीकर दिखाया है। संघ प्रमुख ने स्व. रामकिंकर का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी कथा कृपा स्वरूपा थी और यही हमारे राष्ट्र का आधार है। जीवन को कुंदन करने के लिए रामकिंकर जी जैसे महान संतों को सुनने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भगवान की इच्छा है, इसलिए भारत का उत्थान हो रहा है। भगवान की इच्छा पूरी करने के लिए पुरषार्थी लोगों को शस्त्र धारण करना पड़ता है। समारोह में प्रख्यात रामकथा वाचक संत मोरारी बापू भी उपस्थित रहे।

**उपलब्धि** — यूपीटीटीआई ने तैयार की सस्ती वाटर प्यूरीफायर डिवाइस, बोतल में लगाने पर 1 साल से ज्यादा समय तक गंदा पानी करेगी साफ

# केवल 50 रुपये में पीजिए एक साल तक शुद्ध पानी

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

- पानी से हैवी मैटल, लेड, क्रोमियम जैसे तत्वों को हटाने में सक्षम



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (यूपीटीटीआई) ने एक ऐसी डिवाइस बनाई है, जो किसी भी तरह के दूषित पानी को आरओ जैसे स्वच्छ पानी में बदल देगी। इस डिवाइस की खासियत यह है कि इसे पानी की बोतल में आसानी से फिट किया जा सकता है। यह डिवाइस पानी में मौजूद हैवी मैटल, लेड, क्रोमियम जैसे तत्वों को हटाने में सहायक है। पॉलिएस्टर और केमिकल मिश्रित इस डिवाइस की प्रारंभिक कीमत लगभग 50 रुपये होगी। इसे अगले साल मार्च तक बाजार में उपलब्ध कराने की योजना है।

संस्थान ने एक साल के शोध और अनुसंधान के बाद वाटर प्यूरीफायर डिवाइस बनाई है। इसे तैयार करने वाले प्रो. डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि यह पॉलिएस्टर सिलामेंट की डिवाइस है। टेक्सटाइल में नैनो टेक्नॉलाजी के जरिए धागा बनाते समय उसमें अति सूक्ष्म सुराख किए गए। डिवाइस इन्हीं सुराखों और केमिकल की मदद से काम करती है। पानी सूक्ष्म छिद्रों से गुजरकर साफ होता है। इस डिवाइस की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इस्तेमाल के योग्य नहीं रहने पर इसके दूसरे सिरे से पानी गुजारने पर यह फिर से पहले की तरह शोधन करने लगती है। इस डिवाइस की औसत उम्र एक साल से अधिक है। सभी तरह के प्रयोगों से सफल परिणाम हासिल करने के बाद डिवाइस को पेंटेंट प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। पेटेंट हासिल होने के बाद इसे बाजार में उतारने की योजना है। इस संबंध में कई कंपनियों से बातचीत चल रही है। जल्दी ही उत्पादन के लिए एमओयू साइन किया जाएगा

### स्कूली बच्चों और दुर्गम इलाकों के लिए वरदान

यूपीटीटीआई के शोधकर्ता डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि यह डिवाइस स्कूली बच्चों और फील्ड में काम करने वाले लोगों तथा दुर्गम इलाकों के लिए काफी उपयोगी है। अमूमन एक बोतल में एक या दो लीटर पानी आता है। यह पानी खत्म हो जाने पर लोगों को दोबारा साफ पानी तलाश करना पड़ता है। ऐसे में इस डिवाइस युक्त बोतल में हर तरह का पानी भरकर साफ पानी हासिल किया जा सकता है। डिवाइस को बनाने में लगभग 9 लाख रुपये खर्च आया है।

> अपने छोटे आकार की वजह से यह डिवाइस बोतल या उसके जैसी किसी भी चीज में आसानी से फिट हो जाती है। इससे बोतल में बार-बार साफ पानी भरने का झंझट खत्म हो जाता है। पेटेंट का आवेदन किया गया है। कंपनियों से बात चल रही है। जल्दी ही डिवाइस को बाजार में उतारने का प्रयास है। **-डॉ. जेपी सिंह**, प्रोफेसर, यूपीटीटीआई, कानपुर।

## शहर में आज



☞ आओ हाथ बढ़ाएं संस्था की ओर से 11 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह खुशहालपुर स्थित ह्वाइट हाउस बैंक्वेट हाल में दिन में 11:00 बजे।

☞ मार्डन पब्लिक स्कूल में अंडर 19 इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल मैच पूर्वाह्न 11:00 बजे।

☞ बिशप पारकर मेमोरियल अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट पारकर इंटर कॉलेज में सुबह 9:30 बजे।



सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट के पास रामगंगा नदी के घाट पर छठ पूजा की तैयारी को लेकर निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुज सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल। ● अमृत विचार



बुद्धि विहार में पूजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## डीएम-एसएसपी ने किया रामगंगा घाट का निरीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** छठ महापर्व के आयोजन की तैयारियां नगर निगम की ओर से रामगंगा नदी के घाटों व अन्य जगहों पर की गईं। नदी किनारे बैरिकेडिंग के अलावा पंडाल लगाया गया। पेयजल व सफाई का प्रबंध भी किया गया। बुधवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने रामगंगा विहार स्थित सीएल गुप्ता घाट का निरीक्षण कर तैयारियों को देखा। नगर निगम के अधिकारियों के अलावा पुलिस कर्मियों को सुरक्षा व अन्य व्यवस्था में ढिलाई न करने का निर्देश दोनों अधिकारियों ने किया। जिलाधिकारी ने कहा कि घाट पर लोगों के बैठने व पेयजल आदि का पर्याप्त प्रबंध रखा जाए।

# खरना के साथ व्रती महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू

## आज अस्ताचलगामी सूर्य भगवान को देंगी अर्घ्य, रामगंगा नदी के घाट एवं कृत्रिम जलाशयों पर की गई छठ पूजा की व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भगवान सूर्य की उपासना के महापर्व छठ की शुरुआत मंगलवार को नहाय खाय से शुरू हुई थी। बुधवार को व्रती महिलाओं ने खरना किया। दिन भर महिलाओं ने उपवास रखा। शाम को मिट्टी के चूल्हे और गैस पर गुड़, दूध, चावल से खीर और रोटी बनाई गई। खरना की थाली में सिंदूर और घी मिलाकर सूर्य चक्र बनाया गया। इसके बाद मिट्टी के बर्तनों में प्रसाद रखा गया। बुद्धि विहार, लाइनपार, कपूर कंपनी, रामगंगा विहार, रेलवे हरथला कॉलोनी व अन्य स्थानों पर श्रद्धापूर्वक विधि-विधान से महिलाओं ने छठ मैया की आराधना करते हुए खरना किया। खरना के साथ ही व्रती महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया। गुरुवार को व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर बच्चों की लंबी आयु और खुशहाली का वरदान मांगेंगी।

पूर्वांचलवासी संस्था के महासचिव अमित दुबे ने बताया कि खरना के दिन व्रती महिलाएं शुद्ध मन से सूर्यदेव और छठ मइया की पूजा करके गुड़ की खीर का भोग लगाती हैं। खरना के दिन जो प्रसाद बनता है, उसे नए चूल्हे पर बनाया जाता है। व्रती इस खीर का प्रसाद अपने हाथों से ही पकाती हैं। खरना के दिन व्रती महिलाएं सिर्फ एक ही समय भोजन करती हैं। बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान सूर्य बुद्धि व आरोग्य के देवता हैं। इनकी आराधना से बुद्धि-विवेक और धन धान्य के अलावा कुष्ठ व चर्म रोग सहित अन्य असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है। घरों के अलावा घाटों पर भी आज छठी व्रती महिलाएं स्नान करके खरना का प्रसाद, गुड़-चावल की खीर और रोटी तैयार की। उनके खाने के बाद प्रसाद घर के बाकी सदस्यों में बांटा गया।

प्रसाद को ग्रहण करने के बाद ही व्रती महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। बताया कि खरना पूजा के बाद ही घर में देवी षष्ठी (छठी मइया) का आगमन हो जाता है। व्रतियों ने शाम को स्नान करके नए कपड़े पहने और केले के पत्तों पर कुल देवता व छठी मैया की पूजा अर्चना की। पूजा के बाद भगवान को खीर का भोग लगाया गया और परिवार के सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। परिवार के सभी लोगों ने छठ मैया का आशीर्वाद लिया। गुरुवार की सुबह से ही घरों में डाला में पूजा सामग्री रखने की तैयारी होगी। घाटों पर डूबते सूर्य को व्रती महिलाएं शाम को अर्घ्य देंगी।

सर्वजन हिताय संस्था के अध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को छठ पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है। संतान की लंबी उम्र, निरोग व मनोकामना की पूर्ति के लिए छठ व्रत किया जाता है। छठव्रती महिलाएं सूप, डोला, फल, ठेकुआ आदि लेकर परिवार के साथ गुरुवार को दोपहर में 3:00 बजे घाट पर उपस्थित होंगी और रामगंगा घाट पर महिलाएं सूप में फल लेकर गंगा में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी। कहा कि सभी घाटों पर लाउडस्पीकर लगाए गए हैं। जिससे सभी को सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी भी दी जाएगी।

इसका पालन सभी करेंगे। बुधवार को श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए सभी प्रबंध देखे गए। कमियों को दूर किया गया। इस मौके पर भूपेश सिंह, अजीत कुमार, अमन सिंह, विशाल सिंह, बेबी सिंह, रूबी देवी, पिंकू देवी, बिन्नी सिंह, संध्या गिरी, रिंकू देवी, शालू सिंह, अपर्णा, रश्मि गुप्ता, आराधना अग्रवाल, मनोरमा देवी, सुजाता सिंह, पूर्णिमा सिंह, कोमल सिंह, कंचन सिंह, साक्षी गोस्वामी, श्रुति गोस्वामी, सीमा दुबे, पीके पाण्डेय, जोगेन्द्र सिंह, मालती राय, पंडित तेज नारायण मिश्रा, अर्चना शर्मा, राहुल राय, नीरज कुमार राय, धनंजय मिश्रा, अलका मिश्रा, अजीत सिंह, पंकज केसरी, गोविन्द शाह, अमृता राय, करिश्मा राय, माधुरी दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।



लाइनपार स्थित विकास नगर में सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के लिए बनाया गया कृत्रिम जलाशय। ● अमृत विचार



बुद्धि विहार में तैयार कृत्रिम जलाशय।



इंपीरियल ग्रीन में खरना पूजन करतीं महिलाएं।

## एक नजर



पद्मश्री बाबूराम यादव को सम्मानित करते मोहम्मद आबिद।

### पद्मश्री बाबूराम का सम्मान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सर सैय्यद एसोसिएशन सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पद्मश्री व शिल्पगुरु बाबूराम यादव को सम्मानित किया गया। बुधवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद आबिद ने पद्मश्री बाबूराम को बंगला गांव स्थित उनके आवास पर जाकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मोहम्मद आबिद ने कहा कि हमारे पीतल नगरी के लिए बड़े गर्व की बात है कि बाबूराम यादव को भी पद्मश्री अवार्ड से नवाजा गया है। हमारी सोसाइटी उनकी लंबी उम्र और अच्छे भविष्य की कामना करती है। इस मौके पर सोसाइटी के कोषाध्यक्ष मोहम्मद आमिर भी शामिल रहे।



टीएमयू में साइबर सुरक्षा ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत करते अतिथि। ● अमृत विचार

# साइबर सिक्योरिटी में स्वर्णिम संभावनाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** देश में साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनर्स की कमी है। इसीलिए युवाओं के लिए इस क्षेत्र में कॅरिअर की असीम और स्वर्णिम संभावनाएं हैं। साइबर सुरक्षा ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरूआत स्कूल स्तर से ही होनी चाहिए। ये बातें राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी गांधीनगर, गुजरात के एडजंक्ट प्रोफेसर एंड ग्लोबल सर्विसेज व्हाइजेक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के हेड कर्नल (डॉ.) मिलन पटनायक ने बुधवार को तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) में आयोजित कार्यक्रम में कहीं।

टीएमयू में साइबर सिक्योरिटी एज ए करियर आईटी वर्सेज ओटी पाथवे पर आयोजित लीडरशिप टॉक सीरीज सेंशन-08 में कार्यक्रम आयोजित हुआ था। इससे पहले कर्नल (डॉ.) मिलन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, टिमिट के निदेशक प्रो. विपिन जैन, एग्रीकल्चर के डीन प्रो. प्रवीण जैन आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके लीडरशिप टॉक सीरीज सेंशन-08 का शुभारंभ किया। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने स्वागत भाषण, जबकि प्रो. विपिन जैन ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। डॉ. पटनायक ने डाटा की चोरी को रोकने पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में डॉ. अभिषेक, आरती चौधरी, सिमरन सिंह, राजेश कुमार, अंशिका श्रीवास्तव, अपूर्वा, आकाश चौहान, ब्रजपाल सिंह रावत, कुसुम आदि समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति बनने से निर्यातकों में जगी उम्मीदें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत से पीतल नगरी के निर्यातकों ने खुशी का इजहार किया है। निर्यातकों का कहना है कि ट्रंप ने अमेरिका में चीन के आयात को हतोत्साहित करने की घोषणा अपने चुनावी वादे में की थी। वहां चीन का आयात महंगा होने का फायदा मुरादाबाद समेत देश भर के हस्तशिल्प सेक्टर को मिलेगा।

महानगर के निर्यातकों की नजर अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव पर टिकी थी। मुरादाबाद के हस्तशिल्प निर्यात कारोबार में अमेरिका की हिस्सेदारी लगभग आधी होने के मद्देनजर राष्ट्रपति का चुनाव अहम माना जा रहा था। निर्यातक कारोबारी परिदृश्य में बदलाव की संभावनाओं का विश्लेषण करने में जुटे थे। डोनाल्ड ट्रंप की जीत की खबर सुनते ही सभी खुशी से झूम उठे। निर्यातकों का कहना है कि ट्रंप में राष्ट्रपति बनने से निर्यात को फायदा पहुंचेगा।



ट्रंप का राष्ट्रपति बनना निर्यात कारोबार के लिए अच्छा है। ट्रंप का मेक इन अमेरिका के प्रति अधिक फोकस होते हुए भी हस्तशिल्प निर्यात के क्षेत्र में उनकी अपेक्षाकृत बेहतर नीतियों का लाभ हमें मिल सकेगा।

**– नवेदुर्रहमान,** अध्यक्ष मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन



ट्रंप के पूर्व के कार्यकाल में भी भारतीय हस्तशिल्प का निर्यात अमेरिका में काफी बढ़ा था। अब अमेरिका से अच्छा कारोबार होगा। कस्टम की जो परेशानियां चल रही है, उनमें भी सुधार की उम्मीद है।

**– आकांक्षा,** निर्यातक

## खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को दिए निर्देश

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मूंढापांडे में बुधवार को बीआरसी केंद्र पर बैठक हुई। इसमें खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार चतुर्वेदी ने एनएटी और एनएएस की परीक्षा में बच्चों के प्रतिभाग कराने के लिए निर्देश जारी किए।

बुधवार को एनएटी और एनएएस परीक्षा को लेकर बैठक हुई। एसआरजी डॉ.सचिन शुक्ला ने बताया कि पिछले एनएटी,एनएएस व डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा असेसमेंट परिणामों का विश्लेषण कर,सी,डी,ई ग्रेड के मध्यम से संघर्षशील विद्यालयों पर बच्चों पर विशेष फोकस करना है। इसके साथ ही राज्य स्तर से भेजे गए अभ्यास पत्रक को हर दिन विद्यालय स्तरीय अभ्यास में उपयोग करना है। वही ओएमआर शीट में छात्रों द्वारा किए गए अभ्यास को भरना है। बताया कि एनएएस परीक्षा में 30 छात्रों का सैंपल पेपर के माध्यम से शिक्षक तैयारी कराएं। वहीं उपस्थिति वृद्धि अभियान ,बुलावा टोली के माध्यम से परीक्षाओं में अधिक से अधिक छात्रों को जोड़ना है। इस मौके पर संजय सिंह, अजयपालसिंह, डॉ. योगराज सिंह,सुरेन्द्र सिंह, शीशपाल सिंह, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



पाकबड़ा में दूध का सैंपल भरती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम।

# खाद्य विभाग की टीम ने लिया नमूना

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** पाकबड़ा में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खराब दूध की वीडियो वायरल होने के बाद दूध का नमूना भरा है। जिसे टीम ने जांच के लिए भेज दिया है। मोहल्ला डॉक्टर अली अख्तर अस्पताल के पास अशोक दूध डेयरी के नाम से दुकान है। करीब 3 दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रही थी। जिसमें बताया जा रहा था कि दूध रबड़ की तरह खींच रहा है। यह दूध अशोक दूध डेयरी से लाया गया था। जब दुकानदार से इस बारे में पूछा गया तो उसने कहा कि यह दूध जम गया होगा खराब होने पर ऐसा हुआ होगा। जिसकी सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दी गई। वीडियो का संज्ञान लेकर बुधवार को अशोक दूध डेयरी पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम पहुंच गई। जिससे आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया और सभी अपनी-अपनी दुकानों के शटर गिराकर भाग निकले। टीम ने डेयरी पर पहुंचकर दूध का नमूना लिया और उसे जांच के लिए भेज दिया गया है। वहीं डेयरी संचालक अशोक ने बताया कि जो यहां से दूध ले गए थे। उन पर तीन माह के रुपये बकाया हैं। पैसे मांगने के बाद उन्होंने अगले दिन मुझे वह दूध दिखाया। वह दूध कहां से लाए मुझे नहीं पता।

## गाजियाबाद प्रकरण में हड़ताल पर रहे वकील

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गाजियाबाद प्रकरण को लेकर अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी है। बुधवार को लाठीचार्ज का विरोध जताते हुए अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। हड़ताल के चलते न्यायिक कार्य पर असर पड़ा। वादकारी मायूस होकर लौटे। गुरुवार को भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य नहीं करेंगे और अपना विरोध जाएंगे।

बुधवार को गाजियाबाद के वकीलों के समर्थन में जिले के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य नहीं किया। दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा उर्फ बब्ली व महासचिव अभिषेक भटनागर ने बताया कि 29 अक्टूबर को गाजियाबाद कोर्ट में वकीलों पर जिला जज के आदेश के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। जिससे वकीलों में रोष है। इस पर बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश व वेस्ट यूपी हाईकोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति के वकीलों ने न्यायिक कार्य न करने का फैसला लिया। सभी अदालतों में न्यायिक कार्य बंद है।

विज्ञान प्रदर्शनी | प्रतियोगिता में शामिल हुए 139 छात्र और 70 गाइड अध्यापक, मंडलीय प्रतियोगिता के लिए टीम चयनित

# विश्वास और समर्थ के मॉडल को मिला प्रथम पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में चल रही विज्ञान प्रदर्शनी का तीसरे दिन बुधवार को समापन किया गया। इसमें जूनियर वर्ग में चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के विश्वास अग्रवाल के मॉडल को प्रथम स्थान, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हुसैनपुर छिरावली की पायल के मॉडल को द्वितीय स्थान मिला है।

सीनियर वर्ग में आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज के समर्थ वर्मा के मॉडल को पहला और चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के राहुल कुमार के मॉडल को दूसरा स्थान मिला है। इस तरह मंडल स्तर के लिए टीम का चयन भी हो गया है। विज्ञान प्रदर्शनी में जिले के विभिन्न विद्यालयों से कुल 139 प्रतिभागी छात्र और उनके साथ 70 गाइड अध्यापक भी थे।

प्रतियोगिता में मंडल स्तर के लिए जूनियर एवं सीनियर टीमों का चयन किया गया है। इसमें जूनियर वर्ग में विश्वास अग्रवाल, पायल व शिवम का चयन हुआ है। इसी तरह सीनियर वर्ग में समर्थ वर्मा, राहुल व तनुश्री का चयन किया गया है। अब मंडल स्तर पर आयोजित होने वाली विज्ञान प्रदर्शनी में यह युवा वैज्ञानिक अपने मॉडल का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मनोज कुमार द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे, डीआईओएस द्वितीय सर्वेश कुमार व एडीआईओएस सतानंद शर्मा, लेखा अधिकारी राकेश कुमार मौर्य और प्रधानाचार्य वीर सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

निर्णायक मंडल में असिस्टेंट प्रोफेसर वीरेश कुमार, डॉ. स्मिता ज्योति और डॉ. अमनप्रीत कौर, डॉ. रीमा चौधरी ने छात्रों को मॉडल से संबंधित जानकारी दी। अनुवीक्षण समिति की ओर से डायट कांठ के प्रवक्ता आशुतोष त्यागी, जग शरन सिंह और पीएलजेएल इंटर कॉलेज के अर्पित सिंह थे। विज्ञान प्रदर्शनी का संचालन विज्ञान प्रभारी नरेंद्र सिंह ने किया। इसके साथ ही जिला समन्वयक विकासकांत गुप्ता, मोहम्मद शारिब, चंद्र मोहन सिंह, अमन सक्सेना, अनिल कुमार, मनु दत्त शर्मा, पंकज शर्मा और विशाल अग्रवाल का सहयोग रहा।



चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सम्मानित छात्र-छात्राएं व उपस्थित अतिथि।

### प्रथम स्थान पाने वालों को मिले 4-4 हजार रुपये

प्रदर्शनी की नोडल बबीता मेहरोत्रा ने बताया कि जूनियर एवं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को 4000 रुपये, द्वितीय स्थान पाने वाले को 3000 रुपये तथा तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को 2000 रुपये नकद पुरस्कार दिया गया। इसके साथ ही जूनियर व सीनियर वर्ग में पांच-पांच छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 5-5 सौ रुपये दिए गए हैं।



**आज का मौसम**

मौसम साफ रहेगा।

30.0° अधिकतम तापमान | 18.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:31 | सूर्यास्त 05:26

एक कदम सनातन की ओर
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

# महिला महंत ने लगाया जानलेवा हमला व दुष्कर्म करने का आरोप

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- **पुलिस ने 3 महिलाओं समेत 4 के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक धर्मशाला की महिला महंत ने धर्मशाला में ही रहने वाली 3 महिलाओं और उनके एक साथी युवक पर देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी, आश्रम में घुसकर जानलेवा हमला करने और युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना कटघर क्षेत्र स्थित एक धर्मशाला में बने आश्रम की महिला महंत ने आरोप लगाया कि 23 अक्टूबर को जित्तो, हिना, नीलम और इनके खास व्यक्ति गुलफाम ने उसके देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने आश्रम में घुसकर उस पर जानलेवा हमला किया। महिला ने आरोप लगाया कि इस दौरान जित्तो ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसका गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। हिना और नीलम ने लाठी-डंडों से उस पर वार किए, जबकि गुलफाम ने उसके बाल उखाड़ दिए और कपड़े फाड़कर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में सभी आरोपी उसको मृत समझकर भाग गए। महिला महंत ने बताया कि यह पूरी घटना पास की एक फर्म में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। इसके बाद कटघर पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी आश्रम पर अवैध कब्जा करने के लिए कई बार घटनाएं कर चुके हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर जा रही है।

## यूनिवर्सिटी के गले की हड्डी बना समर्थ पोर्टल, कॉलेज प्रबंधन और अभ्यर्थी भुगत रहे हैं परेशानी

# परीक्षाएं कल से, नहीं भरे जा सके डिग्री कॉलेजों में फार्म

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- **अव्यवस्था के कारण समय से नहीं हो पा रही परीक्षाएं, अभी परीक्षा फार्म ही कंपलीट नहीं**

**अमृत विचार :** रुहेलखंड यूनिवर्सिटी की प्रथम, तृतीय व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ नवंबर से शुरू हो रही हैं। इन परीक्षाओं को लेकर डिग्री कॉलेज स्टॉफ से लेकर छात्र-छात्राएं तक उलझन में हैं। एक तो वेबसाइट के स्लो होने से निश्चित तिथि तक अधिकांश छात्र-छात्राएं परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन करने से वंचित हो गए थे और दूसरे 25 अक्टूबर के दिन परीक्षा नियंत्रक की तरफ से डिग्री कॉलेजों को अचानक फरमान जारी कर दिया गया कि सभी परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल पर भरे जाएंगे। जबकि इस संबंध में यूनिवर्सिटी की तरफ से डिग्री कॉलेजों को अभी तक कोई गाइड लाइन जारी नहीं हुई है।

### परीक्षाओं का तय हुआ था रोस्टर

हिंदू कॉलेज के परीक्षा प्रभारी प्रोफेसर जेके पाठक ने बताया कि यूनिवर्सिटी की प्रथम, तृतीय व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ नवंबर से शुरू होने वाली थीं, जो 23 दिसंबर तक चलनी थीं। ये परीक्षाएं तीन पालियों में होना निश्चित हुआ था। यूनिवर्सिटी की तरफ से परीक्षा कार्यक्रम भी जारी किया गया था। परीक्षा के पहले दिन आठ नवंबर को पहली पाली में बीए प्रथम सेमेस्टर में फैशन डिजाइनिंग, पर्यटन और यात्रा प्रबंध, फारसी, कार्यात्मक हिंदी, कार्यालय प्रबंध, भौतिक विज्ञान, व्यापार संचार, व्यापार अर्थशास्त्र और गृह विज्ञान विषयों की परीक्षा होनी थी। उसी दिन दूसरी पॉली में तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा निश्चित थी। इसमें फैशन डिजाइनिंग, पर्यटन और यात्रा प्रबंध, फारसी, कार्यात्मक हिंदी, कार्यालय प्रबंध, भौतिक विज्ञान, गृह विज्ञान के साथ ही कंपनी कानून प्रबंध और लागत लेखांकन के भी प्रश्न पत्र तय हुए थे। इसी तरह तीसरी पॉली में दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं कराने को कहा गया था। इनमें फैशन डिजाइनिंग, पर्यटन और यात्रा प्रबंध, फारसी, कार्यात्मक हिंदी, कार्यालय प्रबंध, भौतिक विज्ञान, व्यापार संचार और कॉमर्स विषय की परीक्षा निर्धारित की गई थीं।

शुक्रवार से शुरू होने वाली परीक्षाओं का क्या होगा? इस संबंध में भी कोई निर्णय यूनिवर्सिटी की तरफ से नहीं हो पाया है। ऐसे में अभ्यर्थियों का परेशान होना स्वाभाविक है। डिग्री कॉलेजों के प्राचार्य व प्रोफेसर अभ्यर्थियों को संतुष्ट भी नहीं कर पा रहे हैं। उनके पास अभ्यर्थियों को संतोष देने के लिए उचित उत्तर नहीं है। गोकुलदास हिंदू गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा ने बताया कि यूनिवर्सिटी की अस्पष्ट व्यवस्था को लेकर वह खुद छात्राओं के सवालों का जवाब नहीं दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व से जारी परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक, शुक्रवार से परीक्षाएं भी होनी हैं। ये परीक्षाएं होंगी या नहीं, इस मामले में भी यूनिवर्सिटी की ओर से कोई निर्देश जारी नहीं किए हैं। हिंदू कॉलेज के प्राचार्य सत्यव्रत सिंह रावत कहते हैं कि परीक्षा टाइम-टेबल जारी हो गया था लेकिन, उसके संबंध में यूनिवर्सिटी की तरफ से कोई निर्देश नहीं मिले हैं। बहुत से बच्चों के परीक्षा फार्म भी ऑनलाइन नहीं हो सके हैं। परीक्षा प्रभारी डॉ. जेके पाठक ने बताया कि 8 नवंबर से परीक्षाएं होनी थीं लेकिन, अब ये परीक्षाएं कैसे होंगी जब यूनिवर्सिटी से कोई दिशा-निर्देश ही नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी यदि नवंबर महीने में बच्चों के परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल पर भरा पाने में सफल होती हैं तो अगले महीने दिसंबर में परीक्षा हो पाने की उम्मीद की जा सकती है। चूंकि वेबसाइट में दिक्कत आने से अधिकांश अभ्यर्थियों के परीक्षा फार्म ऑनलाइन नहीं हो पाए थे। इसलिए यह भी नहीं पता है कि जिन छात्रों ने यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर 3 से 25 अक्टूबर के परीक्षा फार्म ऑनलाइन कर भी लिया है, उन्हें समर्थ पोर्टल पर दोबारा आवेदन कराया जाएगा या नहीं। कुल मिलाकर परीक्षाएं समय रहते संभव नहीं हो पा रही हैं।

# मां के उकसाने पर नाबालिग बेटे ने की थी उप प्रधानाचार्य की हत्या

## पुलिस ने नाबालिग, उसके दोस्त, भाई और मां को गिरफ्तार कर किया हत्याकांड का खुलासा

**शबाबुल हत्याकांड**

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



पुलिस हिरासत में शबाबुल के हत्यारोपी। ● अमृत विचार

- **छोटे भाई की आत्महत्या का बदला लेने को कर डाली हत्या**
- **पुलिस ने आरोपी महिला, दोनों बेटे व उनके दोस्त को भेजा जेल**

**अमृत विचार:** उप प्रधानाचार्य की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या को अंजाम देने वाला नाबालिग निकला। नाबालिग ने भाई की मौत का बदला लेने के लिए मां के उकसाने पर दोस्त से बाइक चलवाई और खुद गोली मारकर पैदल जा रहे उप प्रधानाचार्य की हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को हत्याकांड का खुलासा करते हुए वारदात की साजिश रचने वाली आत्महत्या करने वाले किशोर की मां, उसके 2 बेटों और नाबालिग के दोस्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद महिला और दो अन्य आरोपियों को जेल भेज दिया, जबकि नाबालिग हत्यारोपी को किशोर संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

थाना मझोला के लाकड़ी फाजलपुर निवासी शबाबुल आलम (28) मंगलवार की सुबह घर से स्कूल के लिए पैदल जा रहे थे। तभी पीछे से बाइक सवार दो युवक आ गए, उनमें से पीछे बैठे युवक ने तमंचा निकाल कर शबाबुल के सिर में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। इस मामले में मृतक के भाई रियाजुद्दीन की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपी शिवम राघव और उसके नाबालिग भाई के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। जांच के दौरान शुरुआती पूछताछ में पुलिस को यकीन ही नहीं हुआ कि उप प्रधानाचार्य को गोली मारने वाला हत्यारोपी महानगर के नामी स्कूल का 10वीं का छात्र निकलेगा।

पुलिस लाइन में बुधवार को हुई प्रेसवार्ता में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि लाकड़ी फाजलपुर निवासी शबाबुल आलम की हत्या में थाना मझोला क्षेत्र की आफत नगरी निवासी कविता, उसके बेटे शिवम राघव, दूसरे नाबालिग बेटे और बेटे के दोस्त हर्ष चौधरी निवासी एकता कॉलोनी थाना मझोला को गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी कविता ने बताया कि उसका छोटा बेटा प्रिंस श्री साईं विद्या मंदिर स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ता था। 13 फरवरी को उसने स्कूल में वाइस प्रिंसिपल शबाबुल को एक महिला टीचर के साथ बातचीत करते देख लिया था। इससे गुस्साए शबाबुल और महिला टीचर ने उसकी पिटाई कर दी थी, जिससे परेशान होकर बेटे ने आत्महत्या कर ली थी। वह अपने बेटे की मौत का बदला लेने के लिए शबाबुल को सजा दिलाना चाहती थी, लेकिन उसकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही थी। महिला ने अपने दोनों बेटे और उनके दोस्त हर्ष के साथ मिलकर हत्याकांड की साजिश रची। घटना वाले दिन दोनों बेटे अपने दोस्त को लेकर लाकड़ी फाजलपुर पहुंच गए थे। शिवम की बाइक हर्ष चला रहा था। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठे महिला के नाबालिग बेटे ने शबाबुल के सिर में गोली मार दी थी। इसके बाद दोनों वहां से भाग गए और घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर खड़े शिवम को बाइक पर बैठाकर फरार हो गए थे। पुलिस ने कविता, उसके बेटे शिवम, दोस्त हर्ष व नाबालिग बेटे को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक तमंचा, कारतूस, घटना में इस्तेमाल की गई बाइक व 5 मोबाइल बरामद किए।

### नाबालिग बोला- मुझे शबाबुल की मौत का नहीं अफसोस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बीते मंगलवार की सुबह हुई उप प्रधानाचार्य शबाबुल की हत्या के बाद ही कविता और उसके बेटों पर इस हत्याकांड के आरोप लगने लगे थे। लेकिन 15 साल के नाबालिग को जब पुलिस ने पकड़ा तो उसे यकीन नहीं हुआ कि यह मासूम सा दिखने वाला लड़का किसी की हत्या कर सकता है। गोली मारने वाला नाबालिग पढ़ाई लिखाई में भी बेहतर है। इसलिए पुलिस उससे नरमी से पेश आई। लेकिन, पहले ही सवाल पर नाबालिग बोला कि हां मैंने ही उसे मारा है। उसे तो मरना ही था, क्योंकि उसने मेरे भाई को जो मारा था। मुझे उसकी मौत का अफसोस नहीं है।

### पति 3 साल से उड़ीसा की जेल में है बंद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिस महिला ने अपने बेटे की मौत का बदला लेने के लिए अपने ही दो बेटों से उप प्रधानाचार्य शबाबुल की हत्या कराई है। उसका पति रंटू राघव पिछले 3 साल से उड़ीसा की जेल में बंद है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि महिला का पति रंटू राघव एनडीपीएस एक्ट में 3 साल से उड़ीसा जेल में बंद है। पति के जेल जाने के बाद लगभग 3 साल पहले कविता राघव अपने बच्चों को लेकर मुरादाबाद के मझोला की आफत नगरी में रहने लगी थी।

### कविता करती थी घरों पर काम, शिवम लगाता था पीओपी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बेटों को उकसा कर शबाबुल की हत्या कराने वाली महिला कविता खुद घरों में काम करती थी। जबकि उसका बड़ा बेटा शिवम राघव मकानों में पीओपी का काम करने लगा। मां और बड़ा भाई मिलकर हत्या करने वाले नाबालिग को नामी स्कूल में पढ़ा रहे थे, जिसमें वह 10 वीं का छात्र है।

### बेटों से कहती थी भाई की मौत का बदला नहीं लोगे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नाबालिग बेटे से शबाबुल की हत्या कराने वाली कविता राघव अपने छोटे बेटे प्रिंस की मौत बदला लेने के लिए अक्सर अपने बड़े बेटे शिवम और नाबालिग बेटे को शबाबुल की हत्या के लिए उकसाती थी। कविता हमेशा अपने बेटों से कहती थी कि तुम्हारे छोटे भाई को उसने मार डाला। क्या तुम अपने भाई की मौत का बदला नहीं लोगे। मां के रोजाना तानों से आजिज आ चुके शिवम ने अपने नाबालिग भाई के साथ मिलकर 2 माह पहले ही शबाबुल की हत्या की योजना बनाई।

### खुलासा करने वाली टीम को मिला 25 हजार का इनाम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उप प्रधानाचार्य शबाबुल आलम हत्याकांड का खुलासा थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी ने अपनी टीम के साथ मिलकर किया है। उनकी टीम में निरीक्षक शैलेंद्र कुमार, निरीक्षक रमेश कुमार, एसओजी प्रभारी अमित कुमार, सर्विलांस प्रभारी अनिल कुमार, दरोगा योगेश कुमार, सिपाही दीपक कुमार व नरेश कुमार शामिल है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि हत्याकांड का जल्द ही खुलासा करने पर एसएसपी सतपाल अंतिल ने पूरी टीम को 25 हजार का इनाम देने की घोषणा की है।

## एक नजर

### घर में घुसकर युवकों ने महिला से की मारपीट

**अगवानपुर, अमृत विचार :** शराब पीकर घर में घुसे युवकों ने महिला से मारपीट की। जिसमें उसका दांत टूट गया। महिला ने तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ग्राम महलकपुर निजामपुर निवासी मनोज पुत्र चंद्रपाल व छंगा पुत्र मनोज शराब पीकर गांव के ही बिजेंद्र सिंह के घर में घुस गए और गाली गलौज करने लगे। बिजेंद्र की पत्नी ने विरोध किया तो वह मारपीट करने लगे। इस दौरान महिला का दांत टूट गया। बाद में धमकी देते हुए आरोपी फरार हो गए। महिला ने अगवानपुर पुलिस चौकी में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### काउंसिलिंग के बाद दो जोड़े साथ रहने को तैयार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को नारी उत्थान केंद्र की प्रभारी स्वाति गुप्ता, परामर्शदाता एमपी यादव की काउंसलिंग दो जोड़ों का परिवार उजड़ने से बचाया। काउंसिलिंग के बाद दोनों जोड़े फिर से साथ रहने के लिए राजी हो गए। दोनों ने मौके पर ही साथ-साथ रहने की बात कही।

# मारपीट करने वाला सपा नेता गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- **सपा सांसद रूचिवीरा ने कहा, अब्दुल गनी सिर्फ कार्यकर्ता, पीआरओ नहीं**



प्रेसवार्ता में जानकारी देती सांसद।

**अमृत विचार:** भोजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर साथियों के साथ मिलकर युवक से मारपीट करने वाले सपा नेता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं इस मामले में सांसद रूचि वीरा ने प्रेसवार्ता कर कहा है कि आरोपी अब्दुल गनी उनका पीआरओ नहीं है, वह सिर्फ सपा कार्यकर्ता है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के सचिन देव कालोनी निवासी फरहान सरताज का गांव रसूलपुर नंगला में भूखंड है। मंगलवार को सुबह मोहल्ले के लोगों ने फरहान को बताया कि उसके प्लाट पर कुछ लोग कब्जा कर रहे हैं। सूचना पर फरहान मौके पर पहुंचा तो वहां मौजूद अब्दुल गनी निवासी ख्वाजा नगरी व उजैब निवासी नवाबपुर थाना नागफनी अपने 5 साथियों के साथ मौजूद थे। पीड़ित ने प्लाट पर कब्जे का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। इस बीच अब्दुल गनी ने तमंचा निकालकर उस जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया था। बाद में लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। पीड़ित का आरोप था कि अब्दुल गनी खुद को सांसद का पीआरओ बताकर लोगों पर रौब झाड़ता है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अब्दुल गनी, उजैब और 5 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। बुधवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी अब्दुल गनी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में बुधवार शाम सपा सांसद रूचि वीरा ने अपने कार्यालय पर प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि अब्दुल गनी उनका पीआरओ नहीं है। यहां अफवाह उड़ाकर उन्हें बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब्दुल गनी सिर्फ सपा कार्यकर्ता है।

# महिला सुपरवाइजर की मौत में रोडवेज बस चालक पर रिपोर्ट

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में 3 दिन पूर्व सड़क हादसे में हुई महिला बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की महिला सुपरवाइजर की मौत के मामले में रोडवेज बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। यह रिपोर्ट मृतक महिला इंदिरा रानी के पति ने दर्ज कराई है।

थाना मझोला क्षेत्र के बैंक कालोनी खुशहालपुर निवासी इंदिरा रानी (57) महिला बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में सुपरवाइजर थी। उनके साथ ही रेल विहार मझोला निवासी सुमन दयाल (53) भी उसी विभाग में सुपरवाइजर हैं। सोमवार को उनके स्टाफ के किसी परिवार में मौत हो गई थी। इंदिरा रानी और सुमन दयाल स्कूटी से उनकी गमी में शामिल होने गई थी। दोपहर को दोनों स्कूटी से कांठ रोड हरथला गुलाब मस्जिद के पीछे स्थित कार्यालय पर लौट रहीं थी। दोनों किला तिराहे के पास पहुंची तभी पीछे से आ रही बिजनौर डिपो की बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इस दौरान इंदिरा रानी बस के पहिये के नीचे आकर कुचल गईं। उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी और सुमन भी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि मृतका इंदिरा रानी के पति हरिओम की तहरीर पर रोडवेज बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# गर्भवती महिला की मौत पर हंगामा

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



पिंकी का फाइल फोटो



पिंकी की मौत पर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में दिल्ली रोड स्थित एक निजी अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सकों पर गलत इलाज का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया। पुलिस ने मौके पहुंचकर हंगामा कर रहे लोगों को शांत किया। महिला के पति ने अस्पताल संचालक एवं लापरवाह चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

थाना नागफनी क्षेत्र के जिगर कॉलोनी नट बाबा मंदिर संदीप कुमार की पत्नी पिंकी गर्भवती थी। उसका दिल्ली रोड स्थित निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। पुलिस को दी तहरीर में संदीप ने बताया कि बुधवार को वह अपनी पत्नी पिंकी का रुटीन चेकअप कराने आया था। लेकिन, चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि चिकित्सकों के गलत इलाज और लापरवाही से उसकी पत्नी की मौत हो गई। हंगामा की सूचना पर मौके पर पहुंची मझोला थाना पुलिस ने लोगों को शांत कराया। संदीप ने डॉक्टर के खिलाफ मझोला थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

**प्रदूषण बढ़ा** | जिगर कॉलोनी को छोड़कर अन्य स्थानों पर 100 से अधिक हुआ वायु गुणवत्ता सूचकांक

# महानगर में पारा गिरने साथ बिगड़ी वायु गुणवत्ता

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



कांठ रोड पर बुधवार को छाया कोहरा। ● अमृत विचार

- **धुंध से बढ़ा प्रदूषण, कांशीराम नगर सबसे प्रदूषित रहा**
- **बच्चों, बुजुर्गों व अस्थमा रोगियों को हो रही परेशानी**

**अमृत विचार:** पारा गिरने और कोहरे की धुंध छाने से महानगर में वायु प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ गया। कांशीराम नगर में सर्वाधिक प्रदूषण रहा। यहां शाम 5 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 205 पर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। जबकि जिगर कॉलोनी को छोड़कर अन्य जगहों पर सूचकांक 100 से अधिक रहा।

दिवाली पर महानगर में हुई आतिशबाजी से वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन, पिछले दो दिन से महानगर की हवा स्वच्छ हो रही थी। लेकिन, पारा गिरने के कारण बुधवार की सुबह अचानक कोहरे की धुंध छाई रही। जिससे नमी के धूल के कण जमने से वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ गया। सुबह 10 बजे कांशीराम नगर सहित अन्य जगहों पर प्रदूषण 100 के पार होने लगा, लेकिन शाम को 5 बजे कांशीराम नगर में सर्वाधिक वायु प्रदूषण रिकॉर्ड किया गया। कांशीराम नगर में सर्वाधिक प्रदूषण होने से वायु गुणवत्ता सूचकांक 205 भाग प्रति मिलियन रिकॉर्ड किया गया।

जो खराब स्थिति में माना जाता है। इसके अलावा कांठ रोड पर सेवायोजन कार्यालय क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक 140, दिल्ली रोड पर ईको हर्बल पार्क क्षेत्र में 136, बुद्धि विहार में 134 और ट्रांसपोर्ट नगर में एक्यूआई 143 रहा। यह येलो जोन में रिकॉर्ड किया गया, जबकि कांशीराम नगर का वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब रहा। महानगर में सबसे साफ हवा जिगर कॉलोनी में रही। जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक सबसे कम 87 भाग प्रति मिलियन रिकॉर्ड किया गया।

जिला अस्पताल के वरिष्ठ चेस्ट फिजिशियन डॉ. प्रवीण शाह ने बताया कि कोहरे के चलते प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। स्मॉग के कारण सांस लेने में परेशानी होती है। इससे अस्थमा व सांस संबंधी मरीजों को दिक्कत होती है। उन्हें सलाह है कि वह अपने चिकित्सक के संपर्क में रहें। जरूरत पड़ने पर दवा की डोज बढ़ाई जा सकती है। बुजुर्ग और बीमार लोगों को बहुत सुबह घर से निकलने से बचना चाहिए। साथ ही धूल, मिट्टी वाले क्षेत्रों में जाने से परहेज करें।

## चुनाव में मिठाई बांटने के आरोप में कोर्ट ने किया बरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जनपद के बिलारी क्षेत्र के क्षेत्र गांव मोहम्मद सादिकपुर निवासी महिला ग्राम प्रधान के पति और उसके देवर को अदालत ने चुनाव के दौरान मिठाई और मारपीट करने के मामले में बरी कर दिया।

कोतवाली बिलारी के गांव मोहम्मद सादिकपुर में कोरोना संक्रमण काल के दौरान विधानसभा के चुनाव में ग्राम प्रधान के पति नरेश और उसके देवर महेश के खिलाफ सपा के पक्ष में चुनाव को प्रभावित करने के लिए मिठाई बांटने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें कोरोना संक्रमण के दौरान रसगुल्ले बांटने की वीडियो बनाने पर मोबाइल छीनकर तोड़ने और मारपीट करने आरोप लगाया गया था। इस मामले में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ, जिसके बाद मुकदमे की सुनवाई बिलारी की ग्राम न्यायालय में हुई। मुकदमे की सुनवाई के दौरान गवाह पक्ष विद्रोही हो गए। जिसके कारण बुधवार को अदालत में आरोपी प्रधान के पति नरेश व देवर महेश को दोष मुक्त ठहराया।

# दलपतपुर रेलवे स्टेशन पर दिसंबर में होगा नॉन इंटरलाकिंग का कार्य

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- **कंटेनर डिपो से रेललाइन को जोड़ा जाएगा, मंडल में दलपतपुर पहला गति शक्ति टर्मिनल होगा**

**अमृत विचार:** दलपतपुर रेलवे स्टेशन का नॉन इंटरलाकिंग का काम दिसंबर में किया जाएगा। इस दौरान कंटेनर डिपो से रेललाइन को जोड़ा जाएगा। ताकि कंटेनर डिपो से माल की आवाजाही शुरू हो सके। 725 मीटर रेल कनेक्टिविटी से दलपतपुर में गति शक्ति टर्मिनल से कारोबारी उड़ान का रास्ता भी साफ हो जाएगा। खास बात यह रहेगी कि मुरादाबाद मंडल में दलपतपुर पहला गति शक्ति टर्मिनल होगा। टर्मिनल से मुरादाबाद, रामपुर के अलावा उत्तराखंड के कारोबारियों को सीधे फायदा मिलेगा।

मुरादाबाद मंडल में पीएम की महत्वाकांक्षी गति शक्ति कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के संभवतः जनवरी 2025 में शुरू होने की संभावना है। कनेक्टिविटी के लिए कंटेनर डिपो से 725 मीटर लंबी नई रेल लाइन बिछाई गई है। टर्मिनल से रेललाइन जोड़ने को दलपतपुर में नॉन इंटरलाकिंग का काम होगा। मुख्य रेललाइन से कंटेनर डिपो की साइडिंग जुड़ेगी। कनेक्टविटी होते ही डिपो से रेलवे स्टेशन पर माल की लोडिंग-अनलोडिंग होने में देर नहीं लगेगी। दुबई की कंपनी हिंद टर्मिनल मंडल में दलपतपुर में जीसीटी बनाने का काम कर रही है। तीन साल पहले जीसीटी की परियोजना के लिए कागजी कार्रवाई शुरू हुई, लेकिन फरवरी 23 में टेंडर फाइनल होते ही हिंद कंपनी को काम सौंपा गया। 28 करोड़ की लागत वाले टर्मिनल के शुरू होने में रेल कनेक्टविटी भी एक अड़चन है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मंडल में दलपतपुर में गति शक्ति टर्मिनल के लिए नॉन इंटरलाकिंग का काम होगा। यात्री सुविधाओं को देखते हुए एनआई का काम दिसंबर में कराए जाने की योजना है। फॉग के बीच गाड़ियों का संचालन कम होने से इंटरलाकिंग वर्क आसानी से पूरा हो सकेगा।

## शराब पीने से मना करने पर भाई के घर तोड़फोड़

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में दिवाली पर शराब पीने पर भाई को डांट दिया। जिससे बौखलाए भाई ने अपने साले और अन्य युवकों के साथ मिलकर भाई के घर धावा बोल दिया। जमकर तोड़फोड़ करने के साथ ही लोहे की रॉड मारकर भाई को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपी भाई समेत 4 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के आदर्श कालोनी निवासी आकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दिवाली के दिन भाई अंशुल शराब पीकर घर आया। विरोध किया तो उसने अपने साले विक्की, पत्नी प्रीति के साथ मिलकर घर में तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी। जेवरात और नकदी भी लूट ली। एक नवंबर को घर पर पत्नी के साथ बैठे हुए थे। इसी बीच भाई अंशुल, विक्की व एक अज्ञात ने घर में धावा बोल दिया। लोहे की रॉड से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। इसके बाद हाथ में हथियार लहराते हुए फरार हो गए।

## एक नजर

### एआईएमआईएम प्रत्याशी को बड़े नेताओं का इंतजार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भाजपा, सपा, बसपा की ओर से बड़े नेताओं ने भी कुंदरकी विधानसभा के उपचुनाव में जोर लगाया है। वह बैठक, सम्मेलन व जनसभाओं के माध्यम से अपने प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। वहीं कुछ अन्य दलों के प्रत्याशियों को भी अभी अपने पार्टी के बड़े नेताओं के कार्यक्रम का इंतजार है। इसमें एआईएमआईएम के प्रत्याशी हाफिज मोहम्मद वारिस भी शामिल हैं। उनके दल की ओर से किसी बड़े नेता की जनसभा अभी तय नहीं हुई है। जिससे उनको अधिक भागदौड़ करनी पड़ रही है। एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष मोहिद फरगानी एडवोकेट ने बताया कि उनकी पार्टी पिछड़ा दलित मुस्लिम (पीडीएम) गठबंधन का हिस्सा है। बताया कि उनकी पार्टी के किसी शीर्ष नेता का अभी चुनाव में कार्यक्रम नहीं आया है। फिर भी स्थानीय स्तर पर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में जनसंपर्क किया जा रहा है।

## सामान्य प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# उपचुनाव में यदि कोई समस्या हो तो तत्काल बताएं प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव को लेकर बुधवार को निर्वाचन आयोग की सामान्य प्रेक्षक भारती होलिकेरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों एवं प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चंद्र ने बताया कि कुन्दरकी विधानसभा उपचुनाव में अब 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर (बुधवार) को मतदान होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि 25 नवंबर रहेगी।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करतीं निर्वाचन आयोग की सामान्य प्रेक्षक भारती होलिकेरी।

सामान्य प्रेक्षक ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों से कहा कि अगर उपचुनाव में किसी प्रकार की समस्या आ रही हो तो उससे तत्काल बताएं इसका निराकरण कराएंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी सुझाव भी मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव को निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार निष्पक्षता व शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना है। राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों से कहा कि निर्वाचन कार्यालय में चल रही ईवीएम कमिशनिंग में अनिवार्य रुप से शामिल हों। किसी प्रकार की निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी गड़बड़ी मिलने पर तत्काल जानकारी दें, जिससे उस पर त्वरित कारवाई की जा सके।

बैठक में मॉकपोल, पोलिंग पार्टी रवानगी, पोलिंग एजेंट बनाने, स्टार प्रचारक संबंधी, चुनावी व्यय संबंधी और अन्य निर्वाचन संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। जिस पर प्रेक्षक ने उचित कार्यवाही करने का संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग आफिसर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, लाइजन आफिसर सहित अन्य संबंधित अधिकारी और राजनैतिक दलों के प्रत्याशी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### अब दूसरे चरण में 14 को होगी चुनाव खर्च की जांच

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कुंदरकी विधानसभा के उप चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग के पत्र के क्रम में निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर के मिलान की तारीखों में संशोधन कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि पहले व दूसरे चरण के लेखा व्यय परीक्षण की तिथि 6 नवंबर थी तो अब संशोधित होकर 14 नवंबर हो गई है। जबकि तृतीय चरण की तिथि 10 नवंबर की जगह संशोधित होकर 17 नवंबर हो गई है। इन तिथियों में सुबह 10 से शाम 5 :00 बजे तक निर्वाचन व्यय के लेखा का मिलान रजिस्टर से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी प्रत्याशी स्वयं या उनके अभिकर्ता संशोधित तिथि पर कोषागार स्थित पेंशनर्स भवन में उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करें। निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने के लिए दैनिक व्यय लेखा पंजिका, नकद पंजिका, बैंक पंजिका, बाउचर, बैंक स्टेटमेंट की छाया प्रतियां तीन सेट में प्रस्तुत करना आवश्यक है। लेखा प्रस्तुत करने की तिथि को एक दिन पूर्व तक का लेखा प्रस्तुत करना होगा।

# नेताजी की मनुहार पर भी खुलकर साथ नहीं आ रहे सयाने मतदाता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मतदाताओं की चुप्पी प्रत्याशियों को कर रही बेचैन
- 20 नवंबर को होना है कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में मतदान

**अमृत विचार:** उपचुनाव में अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने में लगे राजनीतिक दिग्गजों की मनुहार पर भी मतदाता मुखर नहीं हो रहे हैं। मतदाताओं की चुप्पी प्रत्याशियों व नेताओं को बेचैन किए है।

कुंदरकी विस उपचुनाव में अब 13 की जगह 20 नवंबर को मतदान होना है। इससे प्रत्याशियों को जनसंपर्क करने का और अवसर मिल गया है। इसमें वह मतदाताओं को साधने के उनके सगे संबंधियों को भी आगे कर रिश्तों की भी दुहाई दे रहे हैं। लेकिन, सयाने मतदाता फिर भी चुप्पी नहीं तोड़ रहे हैं। जबकि भाजपा, सपा, बसपा प्रत्याशी के लिए पार्टी के बड़े चेहरे भी गली-गली घूम रहे हैं। फिर भी मतदाता सबको परख रहे हैं, सबकी टोह लेने के बाद ही वह ईवीएम का बटन दबाएंगे। लेकिन, अपना समर्थन किसे देंगे यह नहीं बता रहे हैं। जिससे प्रत्याशियों के दिलों की धड़कनें समय बीतने के साथ बढ़ती जा रही हैं। हालांकि चुनाव की तारीख 13 से बढ़ाकर 20 नवंबर कर दिए जाने से अब मतदाताओं को साधने के लिए समय और मिलने से थोड़ी राहत भी प्रत्याशियों को मिली है। वह घर-घर माथा टेक कर मतदाताओं का आशीर्वाद हासिल करने में लगे हैं। वहीं भाजपा और सपा के नेता हर हाल में चुनाव में जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हैं।

# गुरुकुल चोटीपुरा की बेटियां बनीं खो-खो चैंपियन

## रुहेलखंड यूनिवर्सिटी की खो-खो प्रतियोगिता में राजेंद्र प्रसाद कालेज मीरगंज की टीम को हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सोनकपुर स्टेडियम में शनिवार को रुहेलखंड यूनिवर्सिटी की अंतर महाविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता हुई। इसकी मेजबानी गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज ने की। इसमें कुल 8 डिग्री कॉलेजों की 102 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा (अमरोहा) की बेटियां खो-खो चैंपियन बनीं। उन्होंने राजेंद्र प्रसाद कॉलेज मीरगंज (बरेली) की टीम को हराया। प्रतियोगिता में जेएस कॉलेज अमरोहा, जीएफ कॉलेज शाहजहांपुर, गोकुलदास कॉलेज मुरादाबाद, श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा, राजेंद्र प्रसाद कालेज मीरगंज, एसएल कॉलेज, साहू जैन कॉलेज, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज पीलीभीत, एसएम कॉलेज चंदौसी की टीमों ने प्रतिभाग किया।



सोनकपुर स्टेडियम में अंतर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं।




प्रतियोगिता की विजेता गुरुकुल चोटीपुरा की टीम ट्राफी के साथ तथा मौजूद अतिथि।

मुख्य अतिथि महापौर विनोद अग्रवाल एवं गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य प्रो. चारू मेहरोत्रा ने गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता की शुरुआत कराई। इससे पहले मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागी टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनकी हौसला अफजाई की। उन्होंने प्रतिभागियों को 'स्वच्छ रहेंगे तभी स्वस्थ रहेंगे' का संदेश भी दिया। प्राचार्य डॉ. (प्रो.) चारू मेहरोत्रा ने विभिन्न महाविद्यालयों से आई खिलाड़ियों की टीम प्रभारियों का स्वागत किया। कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार के खेलों के आयोजन से अनुशासन में रहने की सीख मिलती है।

प्राचार्या ने बताया कि खो-खो एक ऐसा पारंपरिक खेल है, जिसमें खिलाड़ियों को अपनी त्वरित गति, योजना और चपलता का प्रदर्शन करते हुए विरोधी को मात देनी होती है। उप प्राचार्या प्रो. अंजना दास ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के क्रीड़ा पर्यवेक्षक प्रो. सोमपाल और मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज चंदौसी से आए खेल विशेषज्ञ ज्ञान सिंह के पर्यवेक्षण और निर्देशन में हुई। इस अवसर पर ओलंपिक संघ के मंडलीय सचिव डॉ. अजय विक्रम पाठक भी थे।

प्रतियोगिता समापन के अवसर पर विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाकर पुरस्कार बांटे। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में बरेली कालेज के क्रीड़ा सहयोगी रमजान का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता का संयोजन महाविद्यालय क्रीड़ा समिति की संयोजिक प्रो. कविता भटनागर एवं सह संयोजिका/क्रीड़ा अधीक्षिका शिवानी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.मीनाक्षी शर्मा एवं प्रो.अंचल गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्रो.अंशु सरीन, प्रो.किरन साहू, प्रो.सीमा गुप्ता एवं डॉ. रेनू शर्मा के साथ ही प्रो. सीमा अग्रवाल, डॉ. प्रीति पाण्डेय, डॉ. शेफाली अग्रवाल, डॉ. सीमा रानी, डॉ. मोनिका सिंह, डॉ. प्रीति मेहरोत्रा, डॉ. जेबा नाज भी थीं।

# 1500 मीटर दौड़ में दिशा व आलोक प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सोनकपुर स्टेडियम में हुई जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर से लेकर 1500 मीटर तक दौड़ कराई गई। इसमें 1500 मीटर की दौड़ में दिशा व आलोक प्रथम आए। जबकि पारुल व आदित्य को दूसरा स्थान मिला। सभी विजेताओं को एथलेटिक्स को बैग, किट देकर सम्मानित किया गया।

एथलेटिक्स कोच ललिता चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 235 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया है। इसमें 13 विद्यालयों के 110 छात्राएं और 125 छात्र शामिल थे। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी नरेश चंद्र यादव, क्षेत्रीय ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. अजय पाठक और अतिथि के रूप में मौजूद मो. यूनुस खान ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।



सोनकपुर स्टेडियम में 100 मीटर दौड़ में भाग लेते खिलाड़ी।

- सोनकपुर स्टेडियम में हुई एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शामिल हुए 235 छात्र-छात्राएं

एथलेटिक्स कोच ने बताया कि बालक वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर की दौड़ में विनीत प्रथम, गौरव द्वितीय व राजकुमार तृतीय और सुधांशु अवाना चौथे स्थान पर रहे हैं। 400 मीटर में अतुल को पहला, सनी सागर को दूसरा और हर्ष तोमर को तीसरा एवं कार्तिक को चौथा स्थान मिला है। 1500 मीटर दौड़ में आलोक पहले स्थान पर रहे है। जबकि, आदित्य, पंकज व कुशांत क्रमशः द्वितीय, तृतीय व चौथे स्थान पर रहे हैं। 800 मीटर दौड़ में अमित को पहला, मो. कैफ को दूसरा व गौरव को तीसरा स्थान मिला है। 200 मीटर की दौड़ में विनीत प्रथम, अभिषेक द्वितीय व सनी सागर तृतीय रहे हैं। बालक वर्ग में ही लांग जंप में आकिब प्रथम, अतुल द्वितीय व वीरेंद्र तृतीय रहे हैं। इसी तरह बालिका वर्ग में 1500 मीटर की दौड़ में दिशा, पारुल, निशा व हर्षिता ने बाजी मारी है।

100 मीटर की दौड़ में भी दिशा पहले स्थान पर रही हैं। 300 मीटर दौड़ में लवी पाल प्रथम, आर्शी चौहान दूसरे, अरना सक्सेना तीसरे स्थान पर रही हैं। 200 मीटर दौड़ में दिशा, कनिका व दीपिका ने बाजी मारी है। लांग जंप में वैष्णवी, श्रुति व कनिका यादव क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही हैं।

# गन्ना ढुलाई के वाहनों पर लगाएं रेडियम की पट्टी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को जिले के चीनी मिलों के अध्यासी/इकाई प्रमुखों, लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, चीनी एवं गन्ना विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने गन्ना ढुलाई के वाहनों पर रेडियम पट्टी लगाने सहित अन्य प्रबंध करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

जिलाधिकारी ने पेराई सत्र 2024-25 में चीनी मिलों के समय से संचालन, गन्ना केंद्रों की स्थापना, मिल गेट व बाह्य क्रय केंद्रों पर गन्ना किसानों के लिए सुविधाओं, टैगिंग आदेश का अनुपालन, गन्ना ढुलाई में लगे हुए वाहनों ट्रक, ट्राला व ट्रैक्टर-ट्राली पर रेडियम रेट्रो रिफ्रैलेक्टिव टेप/रेडियम पट्टी लगाने के बारे में जानकारी ली।



कलेक्ट्रेट में चीनी मिलों के अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी अनुज सिंह।

उन्होंने कहा कि चीनी मिल बिलारी के पेराई सत्र 2023-24 के अवशेष गन्ना मूल्य का शीघ्र भुगतान किया जाए। जिलाधिकारी ने चीनी मिलों के इकाई प्रमुख/प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि तय तारीखों में मिलों का संचालन करें। गन्ना क्रय केंद्रों से इंडेंट के सापेक्ष दैनिक गन्ना खरीद समय से की जाए। सभी प्रकार के गन्ना ढुलाई में लगे वाहनों में रेडियम पट्टीयुक्त मानक अनुरूप लाल कपड़ा अनिवार्य रूप से लगाया जाए। मिल गेट और बाह्य क्रय केंद्रों पर गन्ना किसानों के लिए पीने के पानी, बैठने की समुचित व्यवस्था, टीन शेड, शौचालय, अलाव और पशुओं के लिए पानी, नाद आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार के अलावा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, प्रांतीय एवं निर्माण खंड, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक चीनी आयुक्त एवं जिला गन्ना अधिकारी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# केसीएम ने केपीएस को हराकर जीती जूनियर बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सोनकपुर स्टेडियम में बुधवार को जिला स्तरीय जूनियर बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता की विजेता केसीएम की टीम बनी। केसीएम ने केपीएस की टीम को 25-17 व 25-18 से हराया।

बुधवार को पहला सेमीफाइनल केपीएस और आरआरके की टीम के मध्य खेला गया। पहला सेट 21-17, दूसरे सेट 21-14 और तीसरा सेट 15-9 विजेता आरआरके टीम ने जीत कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल केसीएम और विल्सोनिया स्कॉलर्स के बीच खेला गया। जिसमें केसीएम टीम ने पहला सेट 21-17, दूसरा सेट 21-14 जीतकर फाइनल में जगह बना ली। फाइनल मैच केसीएम बनाम केपीएस टीम के मध्य खेला गया। इसमें केसीएम 25-17, दूसरा सेट 25-18 से जीत हासिल की। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में निशा, विनीत, मोनिका गुर्जर, रश्मि पासी, गौधुली गहलोत, विपिन, मुदित, रचित, प्रियंका गुर्जर व काजल थे। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि उप्र ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक एवं अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी एशियाई मेडलिस्ट मोहम्मद यूनुस खान का क्षेत्रीय कीड़ा अधिकारी नरेश चंद्र यादव ने बुके देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने विजेता एवं उपविजेताओं को पुरस्कृत किया।

## सार-संक्षेप



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते बौद्ध जनकल्याण समिति के पदाधिकारी।

### गौतम बुद्ध पार्क के आगे दुकानें स्थापित न करने की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बौद्ध जन कल्याण समिति के पदाधिकारी बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। संस्था के पदाधिकारियों ने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। उसके बाद जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके माध्यम से गौतम बुद्ध पार्क के आगे निगम द्वारा खोखे और दुकानें न स्थापित करने की मांग की। बौद्ध जन कल्याण समिति के अध्यक्ष विमल धीर ने बताया कि पता चला है कि कांशीराम नगर में स्थित भगवान गौतम बुद्ध पार्क के सामने नगर निगम की टीम द्वारा खोखे और दुकानें स्थापित की जा रही है। कहा कि जिस स्थान पर खोखे और दुकानें स्थापित की जानी है, उस स्थान पर पिछले कई वर्षों से परम्परागत त्योहार बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव, बौद्ध धम्म दीक्षा समारोह व सम्राट अशोक विजयदशमी महोत्सव के साथ अन्य सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम होते हैं। इस जगह लोग प्रतिदिन व समय-समय पर पूजा अर्चना करते हैं। ऐसे में इस स्थान से लाखों लोगों की भावना आस्था से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि खोखे और दुकानें स्थापित होने से आने वाले कई कार्यक्रम प्रभावित होंगे। इस मौके पर राम अवतार, एमपी मौर्य, सुरेश चन्द्र सागर, चंदन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



पारकर इंटर कॉलेज में क्रिकेट मैच के दौरान शॉट लगाता बल्लेबाज। ● अमृत विचार

### स्प्रिंगफील्ड की टीम के बल्लेबाजों ने दिलाई जीत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विशप पारकर मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन बुधवार को एमपीएस क्रिकेट अकादमी और स्प्रिंगफील्ड क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया। स्प्रिंगफील्ड की टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 99 रन बनाकर मैच जीत लिया। बुधवार को टॉस जीतने के बाद एमपीएस क्रिकेट अकादमी ने 24 .3 ओवर में 10 विकेट खोकर 97 रन बनाए। जिसमें अयान ने 28 रन बनाए। जबाब में मैदान में उतरे स्प्रिंगफील्ड क्रिकेट अकादमी ने खिलाड़ियों ने अपनी बल्लेबाजी का बेहतर प्रर्दशन करते हुए 16 .1 ओवर में एक विकेट खोकर 99 रन बनाए। इसमें कृष्णा यादव ने नाबाद 46 रन बनाकर स्प्रिंगफील्ड को जीत दिलाई। छठे मुकाबले में मैन ऑफ द मैच का अवार्ड यथार्थ और फास्टर ऑफ द मैच का अवार्ड अयान को मिला। इस मौके पर कोच हिमांशु शर्मा, अमान सिद्दीकी, मोहम्मद शरीफ, हरदेव सिंह, आलोक यादव, विनय सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।



मॉडर्न पब्लिक स्कूल में अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान शॉट लगता बल्लेबाज।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने 10 विकेट से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय ब्रॉस सिटी सहोदय इंटर स्कूल अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें 16 से अधिक स्कूलों के 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट का आरंभ स्कूल के प्रबंधक सऊद आलम व प्रधानाचार्य शकील अहमद ने किया।

बुधवार को पहला मुकाबला मॉडर्न पब्लिक स्कूल और कृष्णा ग्राम भारती स्कूल के बीच खेला गया। कृष्णा ग्राम भारती स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवरों में 46 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम ने चौथे ओवर में ही बिना विकेट गंवाए जीत हासिल की। दूसरा मैच शिरडी साईं पब्लिक स्कूल व हावर्ड कॉन्वेंट स्कूल के बीच खेला गया। हावर्ड कॉन्वेंट स्कूल की टीम ने 12 ओवर में 103 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिरडी साईं की टीम ने 11.2 ओवर में 104 रन बनाकर 7 विकेट से जीत हासिल की। तीसरा मैच आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल और सेंट मीरा एकेडमी के बीच खेला गया। सेंट मीरा एकेडमी ने 12 ओवरों में 133 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर्यभट्ट इंटरनेशनल की टीम 12 ओवर में 103 पर ही सिमट गई। चौथा मैच एसबीएस स्कूल बिलारी व पीएमएस स्कूल के बीच खेला गया। एसबीएस स्कूल की टीम ने 12 ओवर में 153 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीएमएस की टीम 87 रन पर ही ढेर हो गई।

# लव जिहाद के आरोपी के बचाव में उतरे शिक्षणेत्तर कर्मचारी संगठन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आरोपी के निलंबन के दूसरे दिन मुखर दिखे शिक्षणेत्तर कर्मचारी
- डीआईओएस पर लगाए कर्मचारी से अभद्रता के आरोप, जिले से हटाने की मांग

**अमृत विचार :** राजकीय जिला पुस्तकालय के केयरटेकर एवं वरिष्ठ सहायक सैयद आसिफ हसन लव जिहाद के मामले में आरोपी हैं। इनके निलंबन के दूसरे दिन शिक्षणेत्तर कर्मचारी संगठनों में कार्रवाई के प्रति नाराजगी देखने को मिली। यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन की मंडलीय इकाई ने डीआईओएस पर कई आरोप लगाए हैं। साथ ही आरोपी केयरटेकर के निलंबन पर नाराजगी व्यक्त कर महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक को ज्ञापन भेजा है।

बुधवार को संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय परिसर में बैठक कर तत्काल निलंबन को वापस लेने को कहा है। जिलाध्यक्ष राकेश कुमार व मंत्री ओमपाल सिंह ने चेताया है कि सैयद आसिफ हसन का निलंबन आदेश तुरंत वापस न लेने की स्थिति में वे लोग 11 नवंबर से धरना-प्रदर्शन करेंगे। इन नेताओं ने डीआईओएस को जिले से तत्काल हटाए जाने की भी मांग की है। उधर, एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन की मंडलीय इकाई के अध्यक्ष सैयद आसिफ हसन व मंत्री धर्मेंद्र कुमार सिंह ने डीआईओएस पर कार्यालय कर्मियों से अभद्रता करने का मामला उठाया। महानिदेशक को भेजे ज्ञापन में पिछले दिनों डीआईओएस कार्यालय की रंगाई-पुताई को लेकर कर्मियों से हुए विवाद व प्रदर्शन का भी जिक्र किया है। उन्होंने दावा करते हुए कहा है कि डीआईओएस कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक राजपाल सिंह, कंचन, कनिष्ठ सहायक फराज हैदर से अभद्र व्यवहार किया गया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष श्रीकांत यादव, राजकीय आईटीआई के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार गुर्जर ने बताया कि वह लोग इसी मामले में सीओ सिविल लाइन से भी मिले हैं। डीआईओएस कार्यालय में हुई एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन की जिला इकाई की बैठक में प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र मोहन शर्मा, प्रधान सहायक राजेश शर्मा, धर्मेंद्र कुमार सिंह, सैयद आसिफ हसन, अभिषेक कुमार, प्रदीप बहुखंडी, दीपक शर्मा, मालिनी शर्मा, रूप किशोर सैनी, सत्येंद्र कुमार शर्मा, नजम, रवि कुमार, रवि चंद्र, भूपेंद्र यादव, सुरजीत दाहिया, उदयवीर मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा चोरी करने में दो गिरफ्तार, जेल भेजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना पुलिस ने रेलवे स्टेडियम के पास से चोरी किए गए माल से भरे ई-रिक्शा को जिगर कालोनी से बरामद कर दो शातिर चोरों को भी गिरफ्तार कर किया। पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया।

थाना सिविल लाइंस स्थित चंद्रनगर निवासी आनंद सैनी ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। उन्होंने बीती 4 नवंबर को माल से भरा ई-रिक्शा रेलवे स्टेडियम के पास खड़ा कर दिया था। इसके बाद वह काम निपटाकर बाहर निकले तो ई-रिक्शा गायब था। आनंद सैनी ने सिविल लाइंस थाने में तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने जिगर कालोनी से दो युवकों को ई-रिक्शा समेत दबोच लिया। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम विशाल राणा निवासी मुगलपुरा और दूसरे ने अपना नाम शानू थाना नागफनी बताया। पूछताछ में दोनों ने जुर्म कबूल कर लिया। बताया कि चोरी किए गए ई-रिक्शा को माल समेत बेचने के लिए जा रहे थे।

## एक नजर

### यातायात माह के चलते पुलिस ने हटवाया अतिक्रमण

**कांठ, अमृत विचार :** बुधवार को नगर में पुलिस ने पुराना बस स्टैंड से लेकर मिश्रीपुर तिराहे तक सड़क से अतिक्रमण हटवाकर चेतावनी दी। चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ बुधवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस क्रम में थाना तिराहा से लेकर पुराना बसस्टैंड, मिश्रीपुर तिराहा तक राज्य मार्ग के पटरियों पर दुकान लगाकर किए गए अतिक्रमण और अवैध ई रिक्शाओं को हटवाया। साथ ही दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण करने पर जुर्माना लगाने की चेतावनी दी। इस दौरान चेकिंग कर चालान भी काटे गए।

### बंद पड़े मकान के ताले तोड़कर की चोरी

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर के डींगरपुर रोड स्थित नई कॉलोनी में बंद पड़े मकान को चोरों द्वारा निशाना बनाया गया। जहां से चोर ताले तोड़कर जेवरात व अन्य सामान चुराकर फरार हो गए। मोहल्ला निवासी शबाना अपने पति आदिल और बच्चों के साथ 15 दिन पहले दिल्ली गई हुई थी। मकान के मुख्य द्वार और अंदर ताले लगे थे। मंगलवार की रात्रि चोर मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और अलमारी और संदूक में रखे हुए जेवरात, कपड़े व अन्य सामान चुरा लिया। कस्बा चौकी इंचार्ज राजनाथ सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

# वार्ता के आश्वासन पर आंदोलन टला

## दो दिसंबर को होगी वार्ता, किसानों ने किया था भूमि जोतने का प्रयास

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


ठाकुरद्वारा नेपा मिल भूमि विवाद में किसानों से वार्ता करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नेपा मिल की विवादित भूमि को जोतने पर उतारू किसानों और पुलिस प्रशासन के बीच दिनभर टकराव की स्थिति बनी रही। कई बार तनातनी का माहौल बना रहा। किसी तरह समझौते के तहत टकराव टल गया। किसान संगठनों ने पुलिस प्रशासन की मध्यस्थता में बिरला ग्रुप से वार्ता के लिए रजामंदी दे दी है। वार्ता के लिए दो दिसंबर की तारीख निर्धारित की गई है। इसको आखिरी मौका बताकर तब तक के लिए आंदोलन स्थगित कर दिया गया है, हालांकि 10 जनवरी से चल रहा अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

किसान संगठन बथुआखेड़ा में नेपा मिल की विवादित भूमि का दाखिल खारिज समाप्त कर किसानों को सौंपने की मांग को लेकर 10 जनवरी से अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। 5 नवंबर को किसान संगठनों ने आंदोलन को उग्र रूप देकर जमीन को जबरन जोतने की चेतावनी दी थी, लिहाजा पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया था। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स लगाई गई थी। मंगलवार को किसानों और पुलिस के बीच झड़प के बाद किसान प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच वार्ता चली, जोकि बेनतीजा रही। इसके बाद बुधवार को सुबह किसान जमीन जोतने पर अड़ गए। एक तरफ किसानों के टैक्टर पहुंच गए तो दूसरी तरफ एसपी सिटी रणविजय सिंह के नेतृत्व में पांच थानों की फोर्स और पीएसी तैनात की गई। इसके साथ पांच खाली बसों और तीन एंबुलेंस को बुलवाया गया था। दोनों तरफ से तनातनी का माहौल था, फिर भी पुलिस प्रशासन ने किसानों से बातचीत की। धरना स्थल पर एसपी सिटी रणविजय सिंह और किसान संगठन की महिला प्रदेश अध्यक्ष आयुषी सिंधु तेवतिया के बीच वार्ता चली। इसमें अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्रशासन की मध्यस्था में बिरला ग्रुप से वार्ता की जाएगी। इसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ता भी मौजूद रहेंगे। इसके लिए दो दिसंबर की तारीख निर्धारित की गई। इस पर किसानों ने आखिरी मौका बताकर रजामंदी दे दी। तेवतिया ने किसानों को संबोधित कर कहा कि एक किसानों की लड़ाई विजय की तरफ है। दो दिसंबर तक का मौका भी दे दिया है ताकि बातचीत से हल निकल आए। दो दिसंबर को निर्णय नहीं निकला तो किसान जमीन पर कब्जा करेंगे। इसके बाद आंदोलन का समापन कर दिया गया, लेकिन 10 जनवरी से जारी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। इसमें एसडीएम प्रीति सिंह, एएसपी अमरिंदर सिंह, जिलाध्यक्ष बिजनौर विकास उर्फ नूरी, नहटौर ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार, मेरठ जिलाध्यक्ष सत्येंद्र फौजी, प्रमोद यादव, अशोक कुमार, ऋषि पाल यादव, साबिर अहमद, नितिन यादव, बलवीर सिंह, वेदपाल सिंह, मुख्तियार, युसूफ, तथा सोमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### पेड़ काटते समय किसान के ऊपर गिरा पोल, मौत

**कुंदरकी, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में पेड़ काटने के दौरान विद्युत पोल पास खड़े किसान के ऊपर जा गिरा। जिसे घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।


प्रेमपाल का फाइल फोटो।

ग्राम मिलक चितेरी में बुधवार की सुबह कुछ ग्रामवासी जंगल में पेड़ काट रहे थे। वहीं से एक विद्युत लाइन भी गुजर रही थी। पेड़ काटते समय पेड़ लाइन पर जा गिरा और दो पोल टूट गए। जिसमें से एक पोल पास में ही खड़े किसान प्रेम पाल सिंह (55) पुत्र खेम सिंह के सिर पर जा गिरा। जिसके चलते वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रेमपाल के बेटे अमित, नीरज, बेटी ममता व पत्नी इमरती देवी का रोते-रोते बुरा हाल है। मृतक किसान का शाम को अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## सार संक्षेप


परिजनों के साथ चमन। ● अमृत विचार

### सोशल मीडिया की मदद से परिजनों से मिला चमन

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया की मदद से एक मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को उसके परिवार से मिलवाया। सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के नोमान जमाल ने बताया कि उनका संगठन लंबे समय से मानसिक रोगियों के जीवन में सुधार लाने के लिए काम कर रहा है। बताया कि एक माह पूर्व चमन नामक एक मानसिक रोगी सड़क किनारे मिला था। जिसके बाद उसका इलाज कराकर उसे आश्रय स्थल में ही जगह दी गई थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर उसकी वीडियो वायरल की गई। जिसके उपरांत उसका परिवार बिलारी पहुंचकर उसे लेने आया। बताया कि चमन के बड़े भाई बबलू जिला अमरोहा के पतेई ग्राम के निवासी हैं और वो अपने भाई को पाकर बहुत प्रसन्न हैं।

### जिला पंचायत सदस्य का निधन, शोक जताया

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर देवा ऊर्फ नगला निवासी बसपा के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मनवीर सिंह की पत्नी बबीता देवी की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। बबीता देवी मुरादाबाद जिला पंचायत के वार्ड नंबर 25 से जिला पंचायत सदस्य थी। उनके पति बसपा नेता मनवीर सिंह ने बताया कि बबीता चार-पांच महीने से लीवर से संबंधित समस्याओं से परेशान थी। काफी जगह उपचार कराने के बाद एक सप्ताह पहले उन्हें ऋषिकेश एम्स ले जाया गया। कुछ दिन उपचार के बाद परिजन उन्हें घर ला रहे थे। तभी रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। जिला पंचायत सदस्य बबीता देवी की मौत की सूचना पर नगीना के पूर्व सांसद गिरीश चंद्र जाटव, ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि राजपाल सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के पति एवं रालोद नेता अनिल चौधरी, बसपा के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश आदि ने भी पहुंच कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

### नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**कांठ, अमृत विचार :** नगर पंचायत ऊमरी कलां में चेयरमैन के पुत्र ने नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन किया। नगर पंचायत ऊमरी कलां में हर वर्ष आयोजित होने वाले नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन इस वर्ष अकील अहमद, अहमदाबाद और शुएब सुल्तान के सौजन्य किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन ऊमरी कलां चेयरमैन के पुत्र व समाजसेवी मोहम्मद सैयद आज़म ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं हिंदू-मुस्लिम एकता के साथ-साथ भाईचारा कायम रखने का संदेश देती हैं। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि सभी मैच 8 ओवर के होंगे और कुल 32 टीमें इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। जीतने वाले को 1,00,000 रुपये का इनाम दिया जाएगा। मुख्य अतिथि सैयद आजम ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर माजिद अली, फरमान अली, फहीम अहमद, सलमान सैयद, फैज अली, खालिद अली, इरशाद अहमद, अफनान हसीन, आज़म, आलम अंसारी, परवेज सैयद आदि मौजूद रहे।


टूर्नामेंट का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।

### गड्ढे से बचने के चक्कर में ट्रक पलटा, लगा जाम

**छजलैट, अमृत विचार :** अगवानपुर से छजलैट रोड पर सड़क में भारी गड्ढे हो रहे हैं। जिसके चलते आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। बुधवार को गड्ढे से बचाने के चक्कर में ट्रक पलट गया। जिससे घंटों लंबा जाम लगा रहा। मुरादाबाद की तरफ से आ रहा ट्रक छजलैट जा रहा था। शुक्ला की पुलिया के पास गहरा गड्ढा होने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें चालक घायल हो गया। इस दौरान मार्ग पर घंटों के लिए जाम लग गया। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक को रोड से अलग हटवाया। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से इस सड़क के पुनर्निर्माण कराने की मांग की है।

### मतदाता सूची परीक्षण के कार्य में तेजी लाएं बीएलओ

**कांठ, अमृत विचार :** एसडीएम ने तहसील सभागार में आयोजित बैठक में बीएलओ को विशेष दिवस पर बूथों पर मतदाता सूची परीक्षण का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिलाधिकारी प्रिंस वर्मा ने कहा कि सभी बीएलओ 10, 23 एवं 24 नवंबर को अपने-अपने बूथों पर बैठकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य सभी बीएलओ तेजी के साथ करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो युवक-युवती 18 वर्ष के हो चुके हैं उनके नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएं और जो मतदाता मृतक हो चुके हैं उनके नाम मतदाता सूची से हटाए जाएं। इसके साथ ही इस बात का ध्यान भी पूरी तरह से रखना है कि अगर कोई व्यक्ति दूसरी जगह रहने लगा है, उसका दोनों जगह मतदाता सूची में नाम चल रहा है तो उसकी जांच कर एक ही जगह पर मतदाता सूची में नाम अंकित रहना चाहिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार लोकेश कुमार, मोहम्मद यूसुफ व क्षेत्र के बीएलओ उपस्थित रहे।

### 2 लाख न मिले तो विवाहिता के फोटो वायरल किए

**छजलैट, अमृत विचार :** दो लाख रुपये न देने पर युवक ने विवाहिता के फोटो वायरल कर दिए। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। एक युवती के घर पर थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम हिरनपुरा निवासी विवेक कुमार पुत्र वीर सिंह का आना जाना था। आरोप लगाया कि युवक ने लगभग 3 वर्ष पूर्व युवती के अश्लील फोटो खींच लिए थे। इसके बाद में आरोपी युवती को 2 लाख रुपये की मांग करने लगा। रुपये न देने पर फोटो वायरल करने की धमकी देता रहा। इस बीच युवती का विवाह हो गया। आरोपी इसके बाद भी विवाहिता को धमकाता रहा। दो लाख रुपये न देने पर आरोपी ने विवाहिता के अश्लील फोटो वायरल कर दिए। विवाहिता ने थाना क्षेत्र में आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### दहेज लोभी पति सहित छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में दहेज में तीन लाख रुपये की मांग करते हुए विवाहिता का उत्पीड़न किया गया। इस संबंध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम खाई खेड़ा निवासी संगीता यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 10 फरवरी 2022 को नितीश कुमार के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति नितीश कुमार, ससुर रमेश सिंह, सास जयविन्द्री, ननद निशु, नन्दोई अंकित व अरविंद शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे और आए दिन उसके साथ मारपीट करते हुए तीन लाख रुपये लाने की मांग करते थे। मना करने पर आरोपियों ने पीड़िता को गला घोटकर जान से मारने का प्रयास किया। किसी तरह पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने भाई को दी। वही पीड़िता ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंच कर तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुष्कर्म के आरोप में सीआरपीएफ जवान पर रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** युवती को शादी का झांसा देकर सीआरपीएफ कांस्टेबल ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के शरीफ नगर रोड निवासी युवती ने एसएसपी सतपाल अंतिल को पत्र देकर बताया कि विशाल यादव पुत्र इंदर सिंह निवासी सलेमपुर गढ़ी थाना कांठ से उसके पारिवारिक संबंध हैं। आरोपी ने उसे शादी करने का झांसा दिया। धीरे-धीरे प्रेम प्रसंग बढ़ता गया। आरोप लगाया कि विशाल दो साल से शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। जब वह शादी करने की बात कहती तो वह टाल देता। ज्यादा दवाब बनाने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। साथ ही वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी। इस मामले में एसएसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी कांस्टेबल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है।

### नहर में पानी न आने से किसान परेशान

**कांठ, अमृत विचार :** नहर में पानी नहीं आने से किसानों को गेहूं की फसल बोने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के किसानों ने नहर के अधिकारियों से नहर में पानी छोड़ने की अपील की है।

# संस्कारवान बच्चों से ही होगा समाज और देश का कल्याण

संवाददाता, छजलैट

● **सदरपुर मतलबपुर के आर्य समाज के वार्षिक महोत्सव का समापन**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सदरपुर मतलबपुर के आर्य समाज में 96वें वार्षिक महोत्सव के समापन पर अतिथियों ने विचार व्यक्त किए। साथ ही आर्य समाज के प्रति श्रद्धा व प्रेम रखने का आह्वान किया।

प्राचीन आर्य समाज सदरपुर मतलबपुर में प्रतिवर्ष वार्षिक महोत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष भी 96 वें वार्षिक महोत्सव के समापन पर बाहर से आए अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। अलका आर्य ने सभी आर्य बंधुओं से कहा कि अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें तभी नए राष्ट्र का निर्माण होगा, अपने बच्चों को आर्य बनाएं। उन्होंने भजन के माध्यम से मां का क्या कर्तव्य है ,उसके बारे में बताया। गुरुकुल पूठ के स्वामी अखिलानंद सरस्वती ने कहा कि व्यक्ति को अच्छे कर्म करने चाहिए। जैसे कर्म करेंगे वैसे ही आपके बच्चों में संस्कार पैदा होंगे। उन्होंने बताया कि सभी में आर्य समाज के प्रति श्रद्धा होनी चाहिए। अपने बच्चों को आर्य बनाएं, तभी देश का उद्धार होगा। आर्य समाज के अध्यक्ष राजवर्धन आर्य ने उपस्थित सभी आर्य बंधुओं को धन्यवाद दिया और विशेष कर कांठ आर्य समाज के महामंत्री तिलक राम आर्य के सहयोग की सराहना की। इस मौके पर महेंद्री सिकंदरपुर आर्य समाज के प्रधान हरवीर सिंह, तुषपाल विमल ,चंदन सिंह, डॉ. राजेश आर्य , वेद प्रकाश आर्य, सतपाल सिंह, बलराम सिंह, डॉ. राजेश आर्य व काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नपा अध्यक्ष व सफाईकर्मी नेता भिड़े, हंगामा-नारेबाजी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


नगर पालिका अध्यक्ष की कार को घेरकर हंगामा करते सफाई मजदूर संघ अध्यक्ष।

**हंगामा**

● **सफाईकर्मियों ने नारेबाजी कर दी हड़ताल की चेतावनी**

● **लापरवाही पर किया देवेंद्र नागपाल का निलंबन**

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिसर में देर शाम नगर पलिका अध्यक्ष इरफान सैफी और सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष देवेंद्र नागपाल के बीच सफाईकर्मियों की वर्दी को लेकर तीखी नोकझोंक हो गई। हंगामा होने पर पालिका अध्यक्ष अपनी कार में बैठकर कार्यालय से बाहर जाने लगे तो सफाईकर्मियों ने कार को घेर लिया। बामुश्किल वह घर पहुंचे। घटना को लेकर सफाईकर्मियों ने गुरुवार से नगर की सफाई व्यवस्था ठप करने की चेतावनी दी है।

नगर पालिका कार्यालय में बुधवार को देर शाम तक पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी और अधिशासी अधिकारी ललित आर्य मौजूद थे। इस बीच उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष देवेंद्र नागपाल और मंत्री राजेश कुमार पहुंचे। दोनों ने वर्दी की मांग की तो पालिका अध्यक्ष और ईओ ने वर्दी का आश्वासन देकर नगर की सफाई व्यवस्था पर सवाल किया, साथ ही सफाई नायकों के स्थानांतरण की चेतावनी दी। इस दौरान तीखी नोकझोंक होने पर पालिका अध्यक्ष ने देवेंद्र नागपाल को कार्यालय से बाहर कर दिया। इससे नाराज देवेंद्र ने सफाई कर्मियों को बुलाकर हंगामा शुरू कर दिया।

पालिका अध्यक्ष कार्यालय से उठकर घर जाने लगे तो देवेंद्र नागपाल ने कार के सामने खड़े होकर विरोध किया। इसके बाद सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष और मंत्री ने संगठन के लेटर पर हड़ताल का आह्वान किया है। वही यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम प्रीति सिंह व ईओ को ज्ञापन देकर गुरुवार की सवेरे से सफाई व्यवस्था ठप करने की चेतावनी दी

> नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी से सफाईकर्मियों की वर्दी को लेकर वार्ता करने गए थे। उन्होंने अपमान करने के साथ कार्यालय से बाहर निकाल दिया। इसको लेकर सभी सफाईकर्मियों में आक्रोश है। जब तक नगर पालिका अध्यक्ष माफी नहीं मांगेंगे, तब तक नगर के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे।
> **-देवेंद्र नागपाल,** अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ

> नगर की सफाई में लापरवाही पर सफाईकर्मी देवेंद्र नागपाल का निलंबन किया गया है। कार्रवाई होने पर वर्दी का बहाना कर सफाईकर्मियों का भड़काने का प्रयास कर रहा है। सफाईकर्मियों को निर्धारित समय पर वर्दी वितरित की जाएगी। सफाईकर्मियों की वर्दी नहीं, बल्कि कार्य नहीं करने वाले कर्मचारियों को दिक्कत है।
> **-इरफान सैफी**
> नगर पालिका अध्यक्ष

# हर वोट डलवाने की कोशिश करें पन्ना प्रमुख

संवाददाता, कुंदरकी


बैठक में संबोधित करते मंत्री धर्मपाल सिंह, साथ में नगर विधायक रितेश गुप्ता व अन्य।

● **प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह ने पन्ना प्रमुखों व बूथ अध्यक्षों के साथ की बैठक**

**अमृत विचार :** कुंदरकी विधानसभा के उप चुनाव को लेकर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने शक्तिकेंद्र चकफाजलपुर, ढकिया जुम्मा, बाजार नुरुल्ला, कायस्थान, सादात पश्चिम में सभी पन्ना प्रमुखों तथा बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि हमारी जीत का लक्ष्य पन्ना प्रमुख व बूथ का अध्यक्ष तय करेंगे। उन्होंने प्रत्येक वोट डलवाने का प्रयास करें।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पन्ना प्रमुख बूथ तक मतदाता को ले जाने का कार्य करेगा। जब पन्ने के सभी वोट पड़ जाएंगे तो जीत हमारे पक्ष में होगी। इसलिए सभी पन्ना प्रमुख घर-घर जाकर रोजाना अपने पन्ने के वोटरों से सुबह-शाम सम्पर्क कर भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट करने का आग्रह करेंगे तो मतदाता हमारे पक्ष में वोट अवश्य करेंगे। साथ ही इस दौरान क्षेत्र के प्रमुख लोगों से भी संपर्क करें। इस दौरान नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि सभी हम सभी पन्ना प्रमुखों के साथ घर-घर सम्पर्क कर सभी को साथ लेकर भाजपा के लिए वोट करने की अपील कर भाजपा प्रत्याशी को जीताने के लिए कार्य करेंगे। बैठक मे क्षेत्रीय महामंत्री किसान मोर्चा ठाकुर दिनेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामपुर अभय गुप्ता, जिला महामंत्री हरज्ञान सिंह, राजपाल आर्य, मडंल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट, ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि गुलाब जिलानी, ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर, हाजी मजलूम पाशा, ग्राम प्रधान ढकिया जुम्मा अब्दुल मालिक खान, मुकीम हुसैन, नदीम खान, तंजीम खान, राजा बाबू, नौशाद कुरैशी, पंकज शर्मा, अश्वनी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं से चुनाव में जुटने का आह्वान

**ठाकुरद्वार, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की बैठक सैंट मार्क्स स्कूल तिकोनिया में आयोजित की गई। जिसमें कार्यकर्ताओं से कुंदरकी विधानसभा के उपचुनाव में जुट जाने का आह्वान किया।

नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल ने बताया कि सदस्य बनाने का अभियान 20 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि जो सदस्य सक्रिय सदस्य बनने से रह गए हैं उन्हें लगभग 30 भाजपा सदस्य बनाने होंगे व 100 रुपये पार्टी फंड में जमा करने होंगे। उन्होंने कहा कि कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव में कार्यकर्ताओं को भाजपा के प्रत्याशी की जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। बैठक में मंडल महामंत्री दिनेश कुमार प्रजापति, मुकेश चौधरी, नागेंद्र लंबा, कमलेश कुमार, उदयवीर सिंह, राजपाल सिंह, रूपेश रानी चौहान, पवन पुष्पद, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


बिलारी में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते सपा विधायक व अन्य।

# विधायक के आवास पर पहुंचे सपा प्रदेश अध्यक्ष

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** मंगलवार की देर रात्रि मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे से अलीगढ़ जा रहे सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का नगर के कैंप कार्यालय एमआई हाउस पर विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान समेत सपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

इस दौरान सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने उप चुनाव में जीत के लिए कार्यकर्ताओं से जुट जाने का आह्वान किया। इस दौरान सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान, नूरपुर के विधायक राम अवतार सैनी, यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, जिला अध्यक्ष मुरादाबाद जयवीर सिंह यादव, जिला अध्यक्ष संभल असगर अली अंसारी, जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, सौरव यादव, कसीम आजाद, सभासद आमिल सिद्दीकी, सभासद जरीफ अंसारी, योगेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

**तैयारी** 9 नवंबर को रामलीला मैदान में होगा 16वां विशाल जागरण, स्थापित की जाएगी अखंड ज्योत

# मां ज्वाला देवी की ज्योत लाने के लिए रवाना हुआ जत्था

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** बम बटक एकता मंच के तत्वाधान में 9 नवंबर को रामलीला मैदान में 16वां विशाल जागरण होगा। जिसमें अखंड ज्योत स्थापित किए जाने के लिए कार्यकर्ताओं का जत्था हिमाचल प्रदेश के मां ज्वाला देवी मंदिर से ज्योत लाने के लिए रवाना हुआ।

बुधवार को रामलीला मैदान में एकत्र हुए कार्यकर्ताओं का जत्था मां ज्वाला देवी मंदिर से अखंड ज्योत लाने के लिए रवाना हुआ। यह जत्था 9 नवंबर की सुबह अखंड ज्योत लेकर कांठ के भूड़ टीवा मंदिर पर पहुंचेगा। यहां से विधिविधान से अखंड ज्योत को रामलीला मैदान लाकर यहां स्थित मां काली देवी मंदिर में रखा जाएगा। इसके बाद रात्रि को होने वाले जागरण में जोत स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर बम बटक एकता मंच के अध्यक्ष डॉ. देवराज सिंह, डॉ. त्रिवेद सिंह, नीरज कुमार, अरविंद कुमार, मनोज कुमार, जितेन्द्र चौहान, गौरव भुईयार, अनुभव भुईयार, अमित कुमार, हिमांशु गोला, निक्की भुईयार, वासु विश्नोई, नितिन, मनिराज, रणवीर सिंह, सुशांत आदि मौजूद रहे।


ज्योत लाने के लिए रवाना होता जत्था। ● अमृत विचार

### कलश यात्रा निकाल कर किया प्रज्ञा पुराण कथा का आरंभ

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना छजलैट के ग्राम कुचावली में सात दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा का कलश यात्रा निकालकर शुभारंभ किया गया। गायत्री परिवार शाखा छजलैट के सौजन्य से ग्राम कुचावली में श्रीपावन प्रज्ञा पुराण की सात दिवसीय कथा के आयोजन से पूर्व भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में जबर सिंह भगत जी, प्रहलाद शर्मा, चौधरी ऋषिपाल सिंह, प्रेम शंकर गोला, विशाल, राहुल बिश्नोई, शशि बाला देवी, ग्राम प्रधान कमला देवी, रविता कुमारी आदि ने भाग लिया।


गांव जटपुरा में शोभा यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### धूमधाम से निकली श्री खाटू श्याम की झंडा निशान यात्रा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांव जटपुरा में श्री खाटू श्याम निशान शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बुधवार की देरशाम शोभा यात्रा का शुभारंभ शिव मंदिर से किया गया। जो जटपुरा के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा के खाटू श्याम जागरण दरबार में पंहुचने पर विधि विधान से श्री खाटू श्याम की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान अनमोल चौहान, धर्मवीर चन्द्रा, कपिल चन्द्रा, अरविंद कुमार, खिलेन्द्र चौहान, खूब सिंह, ग्राम प्रधान राम सिंह चौहान, अरविंद चौहान, मुनेश चौहान, लोकेश शर्मा, रामवीर सिंह, सुधीर एडवोकेट, वीरेन्द्र चौहान, वेदप्रकाश, पंकज चौहान, जितेन्द्र चौहान, अमन चौहान, कविता देवी, मालती देवी आदि मौजूद रहे।

### मार्ग में ठेला खड़ा करने को लेकर मारपीट, एक घायल

**कांठ, अमृत विचार:** नयागांव अकबरपुर चैदरी में रास्ते में ठेला खड़ा करने को लेकर चार लोगों ने एक व्यक्ति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। थाना पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। साथ ही तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

नया गांव अकबरपुर चैदरी निवासी आबिद पुत्र मोहम्मद हनीफ का रास्ते में ठेला खड़ा करने को लेकर दूसरे पक्ष के साजिद से विवाद हो गया था। इसी बात को लेकर साजिद, अरमान, नसरू, फरीद ने लाठी-डंडे से आबिद पर हमला कर दिया और मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घायल को लेकर उसके परिजन थाना लेकर पहुंचे और पुलिस को आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों अभियुक्तों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## एक नजर

### आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की

**रामपुर, अमृत विचार :** गाजियाबाद प्रकरण को लेकर जिले में बुधवार को अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। बैठक में बार अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी ने कहा कि घायल अधिवक्ताओं को 10-10 लाख रुपये दिए जाएं। 29 अक्टूबर को गाजियाबाद में किसी बात को लेकर जज का अधिवक्ताओं से विवाद हो गया था। उसके बाद खूब हंगामा हुआ। पुलिस ने अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज कर दिया था। इसे लेकर अधिवक्ताओं में रोष है। बुधवार को बार सभागार में बैठक हुई। इसमें हाईकोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। बार अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी ने कहा कि इस घटना में दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ तत्काल निलंबन की कार्रवाई की जाए। इस दौरान अधिवक्ता पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे। बैठक में शिव नरेश तोमर, सौरभ सक्सेना, हरपाल सिंह, कुलदीप रहे।

### विकास भवन के सभागार में हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

# आमजन तक पहुंचे हर योजना का लाभ

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** विकास भवन के सभागार में बुधवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक हुई। इसमें सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने लोगों तक हर योजना का लाभ पहुंचने पर जोर दिया।

बैठक में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत ढेंचा बीज वितरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का लाभ 100 प्रतिशत पाया गया। ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार में कृषि उत्पादन मंडी समिति द्वारा किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए 157 व्यापारियों, 69 आढ़तियों एवं 21250 किसानों को पंजीकृत किया गया है। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम में 100 प्रतिशत पशुओं का टीकाकरण पाया गया।



बैठक में बोलते सांसद मोहिबुल्लाह नदवी, साथ में विधायक, जिलाधिकारी व अन्य।

बाल संरक्षण एवं सुरक्षा योजना के तहत 89 आवेदन पत्रों में जनपद स्तरीय टास्क फोर्स समिति के माध्यम से बच्चों को लाभान्वित किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने सांसद को बताया कि जिले में 102 की 20 एम्बुलेंस एवं 108 नंबर की 24 एम्बुलेंस उपलब्ध हैं। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नन्द किशोर कलाल, चेयरमैन जिला सहकारी बैंक मोहन लाल सैनी, ब्लाक प्रमुख मिलक अर्चना गंगवार, ब्लाक प्रमुख चमरौआ हरिबाला, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिलासपुर चित्रक मित्तल आदि रहे।

### रामपुर में एम्स की तर्ज पर अस्पताल बनाने की मांग

सांसद ने कहा, संसद में मांग रखी है कि एम्स की तरह एक अस्पताल रामपुर में भी खुले। जिलाधिकारी से कहा कि अस्पताल के लिए भूमि देखी जाए। सैदनगर ब्लाक की प्रगति के लिए पूरे ब्लॉक को गोद लिया जा रहा है। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने अधिकारी से कहा कि जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कोई भी आवास लंबित न रहे। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि जनपद में राशन कार्डों का सत्यापन कार्य कराया जा रहा है।

### दहेज उत्पीड़न में 7 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**केमरी, अमृत विचार:** दहेज में 2 लाख नकद और बुलेट की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने महिला को पीटकर घर से भगा दिया। कोर्ट के आदेश पर 7 लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

केमरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला का कहना है कि उसकी शादी 3 वर्ष पूर्व जिला बरेली के थाना मीरगंज के गांव ठिरियाखुर्द निवासी सादिक हुसैन के साथ हुई थी। शादी में महिला के पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक काफी दहेज दिया था। महिला के ससुराल वाले 2 लाख नकद और बुलेट बाइक की मांग करने लगे। महिला के ससुराल वालों ने मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट करके उसे घर से भगा दिया। उसके बाद महिला मायके आ गई। पीड़िता ने थाने में शिकायत की लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। उसने कोर्ट की शरण ली।

## सार संक्षेप



बिलासपुर में अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी।

### अवैध निर्माण तोड़कर भूमि कब्जा मुक्त कराई

**बिलासपुर, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह ने राजस्व भूमि के भूखंडों पर किए गए अवैध निर्माण पर बुधवार को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। दोबारा निर्माण करने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। गांव भटपुरा तारन के ग्रामीण क्षेत्र पंचायत सदस्य के नेतृत्व में तहसील भवन पहुंचे। ग्रामीणों ने तहसीलदार निश्चय कुमार सिंह को शिकायती पत्र सौंपा था। इस पर बुधवार को एसडीएम अनुराग सिंह, नायब तहसीलदार राजेश कुमार, मानवेन्द्र सिंह, तहसील की टीम के साथ जेसीबी लेकर भटपुरा तराना गांव पहुंचे। गांव में खाद के गड्ढों और ग्राम समाज में दर्ज भूमि की पैमाइश कराकर निर्माण तोड़वा दिया। कहा कि दोबारा निर्माण किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि जो लोग इस में लिप्त होकर सरकारी जमीन पर प्लाटिंग कर अवैध वसूली कर रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### यतीमखाना प्रकरण में विवेचक से हुई जिरह

**रामपुर, अमृत विचार :** यतीमखाना प्रकरण में बुधवार को कोर्ट में विवेचक राजकुमार शर्मा से जिरह हुई। अब इस मामले में 13 नवंबर को सुनवाई होगी। सपा सरकार में तोपखाने में बने मकानों पर बुलडोजर चलवा दिया गया था। इस मामले में कोतवाली में सपा नेता आजम खां सहित कई सपाइयों को आरोपी बनाया गया था। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि विवेचक राजकुमार शर्मा से जिरह हुई।

### सड़क हादसे में युवती समेत तीन लोग घायल

**शाहबाद, अमृत विचार :** शाहबाद-रामपुर मार्ग पर रामगंगा पुल के निकट तीन वाहनों की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में युवती समेत दो बाइक सवार जख्मी हो गए। इलाज के लिए घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मिलक कोतवाली क्षेत्र के गांव रेबड़ी कलां निवासी तेजपाल अपनी रिश्तेदार सुमन को शाहबाद से दवाई दिलाने आया था। वापस लौटते समय रामगंगा पुल के निकट तेज रफ्तार डंपर ने बोलेरो को टक्कर मार दी। जिसके बाद बोलेरो बेकाबू होकर बाइक से भिड़ गई। हादसे में बाइक सवार युवक भी चपेट में आ गए। राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### नोडल अधिकारी ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

**शाहबाद,अमृत विचार :** नोडल अधिकारी विश्वास कुमार मंडल ने बुधवार को विभिन्न वार्डों में सफाई एमआरएफ केंद्र एवं पब्लिक व कम्युनिटी टॉयलेट का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी ने सफाई व्यवस्था में और सुधार करने के निर्देश दिए। जिससे नगर पंचायत शाहबाद को आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छी रैंक प्राप्त हो सके। इस मौके पर प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन मुजीब मियां, सीएम फॉलो फरहा अरशद, नवेद मियां, रेहान अहमद, प्रमोद, संजू, गिरीश, हरपाल, सौरभ आदि उपस्थित रहे।

### शिकायत पर पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवाया

**मसवासी, अमृत विचार :** समाधान दिवस में खेत की जगह निर्माण की शिकायत पर पुलिस ने कार्य पर रोक लगा दी है। नगर निवासी तुफैल अहमद ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र दिया था। इसमें उसने बताया था कि कुछ लोग स्वामित्व वाली जमीन पर निर्माण कर रहे हैं। तुफैल अहमद जब निर्माण कार्य रोकने गया, तो इन लोगों ने गाली-गलौज की। उसने भाग कर अपनी जान बचाई। शिकायती पत्र में बताया कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं और उनके खिलाफ कई थानों में मामले दर्ज हैं। पीड़ित और उसके परिवार को जान का खतरा है। चौकी पुलिस ने शिकायत पर निर्माण कार्य रुकवा दिया है।

### सागरपुर के प्रधान को अज्ञात लोगों ने मारी गोली

**सैफनी, अमृत विचार :** बुधवार देर शाम को सागरपुर के प्रधान को कुछ लोगों ने गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सैफनी थाना क्षेत्र के सागरपुर गांव निवासी हाजी मोहम्मद इरफान गांव के मौजूदा प्रधान हैं। वह किसी काम से किशनपुर गांव गए थे। वहां से शाम को लौटकर आ रहे थे एक कब्रिस्तान के पास अज्ञात लोगों ने गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर लोग मौके पर दौड़ पड़े लेकिन, आरोपी भाग गए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सैफनी प्रभारी महेंद्रपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# कार्ड बांटने निकले युवक और दोस्त की हादसे में मौत

## रामपुर लौटते समय बरेली के बिथरी चैनपुर इलाके में लखनऊ हाईवे पर हुआ हादसा, परिवार में कोहराम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/बरेली/बिथरी

**अमृत विचार:** अपनी शादी के कार्ड बांटने निकले रामपुर के युवक और उसके दोस्त की लखनऊ रोड पर बिथरी क्षेत्र में आलमपुर मोड़ पर हुए हादसे में मौत हो गई। फरीदपुर की ओर जाते समय उनकी कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई और उछलने के बाद दूसरी तरफ जा गिरी। डिवाइडर की दूसरी ओर गिरने पर वाहन ने कार को रौंद दिया। कार की छत काटकर दोनों शव निकाले गए।



हिमांशु चौधरी का फाइल फोटो।

सैदनगर निवासी देवेंद्र चौधरी वार्ड नंबर 15 से जिला पंचायत सदस्य हैं। उन्होंने अपने बेटे हिमांशु चौधरी (26) की शादी बंजरिया निवासी एक युवती से तय कर दी थी। 27 नवंबर को शादी होनी थी।



आवास विकास स्थित घर पर रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

बुधवार को हिमांशु दोस्त जाग्रत सिंह (26) के साथ अपनी शादी के कार्ड बांटने निकले थे। शाम करीब 5.30 बजे दोनों फरीदपुर की ओर से रामपुर की ओर जा रहे थे। बिथरी चैनपुर इलाके में आलमपुर मोड़ पर उनकी कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई और उछलकर दूसरी लेन में जाकर कार पलट गई। कार इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई कि उसकी छत चेसिस से चिपट गई। आशंका जताई जा रही है कि दूसरी दिशा में गिरी कार किसी भारी वाहन से टकरा गई। घटना की सूचना मिलने पर बिथरी चैनपुर, इज्जतनगर और फरीदपुर की पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन बुलाकर कार की छत काटकर दोनों शव बाहर निकाले गए। कार में रखे शादी के कार्डों पर छपे मोबाइल नंबर पर युवकों के परिजनों को सूचना दी। हादसे की जानकारी मिलने के बाद जिला पंचायत सदस्य के आवास विकास और सैदनगर वाले घर पर लोगों का तांता लगा रहा।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

> दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है। दोनों युवक रामपुर के रहने वाले थे। -आदेश कुमार सिंह, इंस्पेक्टर बिथरी चैनपुर

### इकलौते बेटे की शादी की खुशियां मातम में बदलीं

हिमांशु के पिता देवेंद्र सिंह चौधरी के रामपुर में कई स्कूल और कॉलेज हैं। वह जिला पंचायत सदस्य भी हैं। हिमांशु उनके इकलौते बेटे थे। पिता देवेंद्र और मां सविता दोनों इकलौते बेटे की शादी की तैयारियों में जुटे हुए थे। शादी के लिए ज्यादातर खरीदारी बरेली से की जा रही थी। हादसे ने देवेंद्र और सविता की सारी खुशियां छीन लीं। जाग्रत गाजियाबाद की प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था और हिमांशु की शादी की तैयारी के लिए छुट्टियां लेकर आया था। दोनों बचपन के दोस्त थे। दोनों की मौत से शादी की खुशियां एक झटके में मातम में बदल गईं। हिमांशु की मां सविता और पिता देवेंद्र सिंह का रो-रोकर बुरा हाल है। यही हालत जाग्रत के परिवार की है।

### कल ही खरीदा था बेटे के लिए सेहरा

जिला अस्पताल की मोर्चरी में बेटे के शव को देखते ही देवेंद्र सिंह गश खाकर गिर गए। बोले, हिमांशु की जगह मौत उन्हें आ जाती तो सही रहता। मेरा बेटा लाखों में एक था। रोते हुए बताया कि उन्होंने बेटे के लिए बरेली में स्पेशल ऑर्डर देकर सेहरा बनवाया था, कल ही वह बरेली से सेहरा ले गएथे। अब वह सेहरा उन्हें हमेशा कचोटता रहेगा। देवेंद्र रो-रोकर चीखते रहे। बोले, जाग्रत तू ही उठ जा बेटा, कैसे तेरे घरवालों को मुंह दिखाएंगे। हिमांशु का शव देखकर चीख पड़े, बेटा तू एक बार बोल दे। लोग देवेंद्र सिंह को सांत्वना देते रहे, लेकिन वह संभाले नहीं संभल रहे थे। लोगों और परिजनों का कहना है कि हिमांशु घर का इकलौता चिराग था। कुछ माह पहले ही उसने नीट पास किया था। इसमें उसकी काफी अच्छी रैंक आई थी। माता पिता ने उसे प्रेम से पाला था। लेकिन बुधवार को हुए हादसे में उनके इकलौते बेटे की जान चली गई।

### शुरू होने से पहले ही बिछड़ा साथ तो चीख उठी पुष्पिका

हिमांशु की शादी पुष्पिका से होनी थी। जीवन भर का साथ शुरू होने से पहले ही पुष्पिका का साथी बिछड़ गया। रिश्तेदारों ने बताया कि 12 जून को हिमांशु के जन्मदिन पर पुष्पिका परिवार सहित उनके घर आई थीं। दोनों केक काटकर माता-पिता को खिलाया और आशीर्वाद लिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुष्पिका चीख उठी।

# जिला अस्पताल में किशोरी की मौत स्टाफ पर लापरवाही का आरोप, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में डायबिटीज से पीड़ित किशोरी की मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए इमरजेंसी वार्ड में हंगामा किया। इस दौरान पैरामेडिकल स्टॉफ मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची चौकी पुलिस ने गुस्साए परिजनों को शांत कराया। देर रात परिजन शव को गांव ले गए।

ब्लाक सैदनगर गांव बहादुपुर निवासी जसवंत सिंह की 15 वर्षीय बेटी हिमांशी मधुमेह की मरीज थी। हालत बिगड़ने पर उसे मंगलवार को परिजनों ने जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया था। चिकित्सक ने हालत सही न होने पर बाहर के लिए जसवंत सिंह को रेफर की स्लिप दे दी। परिजनों का आरोप है कि जब डॉक्टर ने रेफर कर दिया तो पैरामेडिकल स्टॉफ ने इलाज का आश्वासन देकर क्यों रोका। इस बात को लेकर इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सक के बीच कहासुनी हो गई। परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। मौत होने पर परिजन भड़क गए। सूचना के बाद सीएमएस डॉ. एचके मित्रा और चौकी पुलिस भी वार्ड में पहुंच गई। जहां हंगामा कर रहे परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया।

### जसवंत के हैं तीन बच्चे

सैदनगर के गांव बहादुरपुर निवासी जसवंत सिंह के तीन बच्चे हैं। सबसे छोटी बेटी हिमांशी कक्षा आठ में पढ़ती थी। हिमांशी को शुगर थी। इसको लेकर मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया था। मृतिका के पिता जसवंत का कहना है कि पैरामेडिकल स्टॉफ ने बिल्कुल देखभाल नहीं की। साथ ही कई घंटों तक चेकअप नहीं किया।

● मधुमेह की मरीज किशोरी की मौत होने पर भड़के परिजन

> मंगलवार को डायबिटीज से पीड़ित किशोरी इमरजेंसी वार्ड में भर्ती हुई थी। शाम चार बजे हालत स्थिर न होने पर चिकित्सक ने रेफर के लिए लिखा। परिजनों का गलत आरोप है कि उपचार नहीं दिया गया। पैरामेडिकल स्टॉफ से पूछा गया है, जांच कराई जाएगी। -डॉ .एचके मित्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

### रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध वस्तु पड़ी होने की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**धमोरा,अमृत विचार:** रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध वस्तु पड़ी होने की सूचना पर धमोरा पुलिस में हड़कंप मच गया।

धमोरा चौकी इंचार्ज फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रैक को चेक किया। लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।धमोरा प्रभारी सुभाषचंद्र ने बताया कि बुधवार को रेलवे ट्रैक के बीच में मेटल की संदिग्ध वस्तु पड़ी होने की सूचना मिली। इस पर वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया। कुछ नहीं मिला फिर भी एहतियात के तौर पर रेलवे ट्रैक को चेक कर क्लीयर किया गया। उन्होंने बताया कि गलती से यह मैसेज धमोरा के स्थाना पर भमोरा के लिए हो गया था। वहां भी ट्रैक चेक किया गया लेकिन, ट्रैक क्लियर मिला।

# मेडिकल कॉलेज नहीं बनने पर व्यापारी करेंगे आंदोलन

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि जिले में 100 बेड का मेडिकल कॉलेज होना बहुत जरूरी है। क्योंकि स्वास्थ्य की दृष्टि से प्रतिवर्ष हजारों गरीब बेहतर एवं समय से इलाज न मिलने के अभाव में जान गंवा देते हैं। मेडिकल कॉलेज नहीं बनने पर व्यापारी आंदोलन करेंगे।

तिलक कालोनी स्थित कार्यालय पर बुधवार को हुई बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मेडिकल कॉलेज को लेकर पीला तालाब बाजार से पहाड़ी गेट रोड पर जल्द ही मशाल जुलूस निकाला जाएगा। व्यापारी अब हर हाल में मेडिकल कॉलेज शुरू करा कर ही दम लेंगे। लोगों की तकलीफ बर्दाश्त से बाहर हो चुकी है। पिछले 75 वर्ष से लाखों लोगों की जान इलाज नहीं मिलने के कारण जा चुकी है। धन की कमी की वजह से इलाज न करवा पाने के कारण जान चली जाती है। साथ ही जनपद की अर्थव्यवस्था सुधारने और शहर का विकास करने के लिए 100 बेड का मेडिकल कॉलेज जिला चिकित्सालय में होना होना आवश्यक है। यदि मेडिकल कॉलेज शुरू नहीं हुआ तो आगे आंदोलन की तैयारी की जाएगी। मेडिकल कॉलेज न होने से रामपुर के लोग मुरादाबाद, बरेली, दिल्ली, ऋषिकेश आदि जगहों पर जाकर अपना इलाज कराते हैं जिससे काफी पैसा खर्च होता है। बैठक में जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, अरविंद गुप्ता, महफूज हुसैन, रविंद्र सिंह टोनी, सरदार सतपाल टीटू, मनजीत सिंह सिंपल, प्रवीण गुर्जर, विजय आदि रहे।

### बिलासपुर के युवक की केरल में मौत

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर निवासी एक युवक की केरल में करंट लगने से मौत हो गई। उसका शव हवाई जहाज से दिल्ली तक लाया गया। इसके बाद शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। नगर के मोहल्ला टांडा हुरमतनगर निवासी अनीस अहमद का 22 वर्षीय पुत्र दानिश अली वैल्डिंग का कार्य करता था। वह तीन माह पूर्व केरल के त्रिशूल जिले में काम करने के लिए गया था। परिजनों के अनुसार, वहां दो दिन पहले एक मकान में पाइप पर वैल्डिंग कर रहा था। तभी पाइप बिजली के तार से टकरा गया। इससे पाइप पर करंट उतर आया। करंट की चपेट में आने से युवक झुलस गया। बाद में लोगों ने उसे एक नजदीकी चिकित्सालय में भी भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को युवक का शव हवाई जहाज से दिल्ली पहुंचा। इसके बाद शव घर पहुंचा।

# 9 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, बोलेरो भी सीज

संवाददाता,टांडा

● जिला ऊधमसिंह नगर के गांव का रहने वाला है आरोपी इमरान

**अमृत विचार:** पुलिस ने बोलेरो से 9 किलो 120 ग्राम गांजा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

मंगलवार रात कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान गांव सेंटाखेड़ा की ओर जाने वाले मार्ग पर एक बोलेरो खड़ी दिखाई दी। पुलिस टीम को देख कार चालक गांव की ओर चल दिया। पुलिस टीम ने अपनी गाड़ी आगे लगाकर बोलेरो में ड्राइवर सीट पर बैठे व्यक्ति को दबोच लिया। उसने अपना नाम इमरान पुत्र अब्दुल वहीद निवासी गांव निजामगढ़ मनोरथपुर थाना जसपुर, जिला ऊधमसिंह नगर बताया। तलाशी लेने पर बोलेरो में रखे प्लास्टिक के बैग में गांजा होना बताया। पुलिस टीम ने तलाशी के लिए मजिस्ट्रेट को सूचना दी। नायब तहसीलदार अमित कुमार मौके पर पहुंचे। मजिस्ट्रेट एवं पुलिस टीम ने बोलेरो में गांजे की तलाशी ली। मौके पर तौल की गई तो प्लास्टिक बैग से 9 किलो 120 ग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामदा गांजा व बोलेरो के संबंध में आरोपी से कागजात तलब किए गए। कागजात नहीं दिखाने पर गाड़ी को सीज किया। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से उसको जेल भेज दिया है।

**पहल** | जिला कारागार प्रशासन की ओर से कुछ दिन पहले ही कराया गया था पंजीकरण

# बंदियों के हाथों बने उत्पाद अमेजन से खरीद सकेंगे

दीपक सोलंकी, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला कारागार के बंदियों द्वारा बनाए जा रहे एलईडी बल्ब और कारोचाब कारीगरी से बने लेडीज सूटों को अब लोग ऑनलाइन खरीद सकेंगे। जिला जेल प्रशासन ने कुछ दिन पहले ही अमेजन पर पंजीकरण करा दिया है। अब उत्पाद के फोटो अमेजन की वेबसाइट पर अपलोड किए जा रहे हैं।

जिला कारागार में करीब 800 बंदी हैं। ये किसी न किसी मामले में सजा काट रहे हैं। बंदी मेहनत करने में पीछे नहीं हैं। कौशल विकास के माध्यम से कुछ माह पहले कई दर्जन बंदियों को एलईडी बल्ब बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था। तभी से ये बंदी एलईडी बल्ब बना रहे हैं। कुछ बंदी कारचोब कारीगर हैं। वे जिला कारागार में ही लेडीज सूट तैयार कर रहे हैं। कारागार में तैयार हुए बल्ब पहले किसी भी कंपनी से संपर्क करके उनको भेजे जाते थे लेकिन, अब आम जनता भी इन बल्ब और लेडीज सूट को खरीद सकती है। अमेजन पर पंजीकरण की प्रकिया पूरी हो गई है। अब बंदियों द्वारा बनाए गए बल्ब और लेडीज सूटों के फोटो खींचकर ऑनलाइन डालने का काम हो रहा है। जिला कारागार में छह-छह घंटे बंदी काम कर रहें हैं।



जिला कारागार में जरी जरदोजी का काम करते बंदी। ● अमृत विचार

### जल्द ही फ्लिपकार्ट से भी मिल सकेगा सामान

जिला कारागार में एलईडी बल्ब और लेडीज सूट बनाने का काम तेजी के साथ हो रहा है। अब जिला कारागार प्रशासन ने अपना रुख फ्लिपकार्ट की ओर भी किया है। उसमें भी पंजीकरण की प्रकिया शुरू हो गई है। कार्रवाई करने के बाद जल्द आम जनता फ्लिपकार्ट से भी बल्ब और सूट खरीद सकेगी।

> बंदियों द्वारा बनाए जा रहे एलईडी बल्ब और कारोचाब से बने लेडीज सूट अब आम जनता भी खरीद सकेगी। इसके लिए अमेजन पर पंजीकरण कराया गया है। इसकी प्रकिया काफी समय से चल रही थी। उत्पाद उस पर डाले जा रहे है। उत्पाद ईएएसी इंडिया कंपनी के नाम से होंगे। -प्रशांत मौर्य, जेल अधीक्षक

## सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2021 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक 210715246 वास्तव में कहीं खो गया है।
अभिषेक पुत्र राजकुमार निवासी रहमतगंज, स्वार जि. रामपुर

## सूचना

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 43/2022
श्रीमति रूपवती
बनाम
न्यू इंडिया एश्योरेंस
1. राजेन्द्र सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी 999 हनी स्वानपुरा शाहपुरा बेगु वार्ड न. 2 हनुमान गढ़ सिरसा हरियाणा-335512 (वाहन स्वामी)
2. जगजीत सिंह पुत्र बिचित्तर सिंह निवासी वार्ड न.3 हनुमान गढ़ सिरसा हरियाणा-335512 (वाहन चालक)
श्रीमति रूपवती ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 08.11.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।
न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी

## पूर्वोत्तर रेलवे

अधिसूचना संख्या- सी/99/एस0 टी0बी0ए0/इज्जतनगर/2023-24/12

(यह आवेदन पत्र नौकरी के लिये नहीं है।) भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा मण्डल के अन्तर्गत 02 (NSG-6) रेलवे स्टेशनों पर कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यू०टी०एस०) द्वारा अनारक्षित रेल टिकटों की बिक्री हेतु कमीशन के आधार पर निम्नलिखित स्टेशनों पर एक-एक स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एस०टी०बी०ए०) को तीन वर्ष की अवधि हेतु चयन करने के लिये पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। **स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एस०टी०बी०ए०) हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाने वाले स्टेशन का नामः**- चमरूआँ (NSG-6), **एस.टी.बी.ए कार्य की अवधिः**- तीन वर्ष, **आवेदन पत्र मूल्य जीएसटी सहित (रुपये में)**:-Rs.1,180/-, **बयाना राशि मूल्य (रुपये में)**:- Rs. 2,000/-, **स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एस०टी०बी०ए०) के कार्य की शिफ्ट डियूटीः**- 24 Hr., **स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एस०टी०बी०ए०) हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाने वाले स्टेशन का नामः**- हल्दी रोड (NSG-6), **एस.टी.बी.ए कार्य की अवधिः**- तीन वर्ष, **आवेदन पत्र मूल्य जीएसटी सहित (रुपये में)**:- Rs.1,180/-, **बयाना राशि मूल्य (रुपये में)**:- Rs. 2,000/-, **स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एस०टी०बी०ए०) के कार्य की शिफ्ट डियूटीः**- 24 Hr., **आवेदन प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समयः**- मंडल रेल प्रबन्धक/वाणिज्य/इज्जतनगर कार्यालय से कार्य दिवस में प्रकाशन तिथि से दिनांक 02.12.2024 तक समय 16.00 बजे तक, **आवेदन प्रपत्र आवेदन बाक्स में डालने की तिथि एवं समयः** दिनांक 02.12.2024 से दिनांक 03.12.2024 तक समय 15.00 बजे तक।, **आवेदन खुलने की तिथि एवं समयः**- दिनांक 03.12.2024 को 15.30 बजे। आवेदन डालने एवं खोले जाने की तिथि को किसी कारणवश यदि कार्यालय बन्द रहता है तो आवेदन उसके अगले कार्य दिवस में डाली/खोली जायेगी। आवेदन पत्र, अधिसूचना की पात्रता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे की बेवसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** पर देखा जा सकता है, एवं डाउनलोड किया जा सकता हैं या मंडल रेल प्रबन्धक/वाणिज्य, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र के मूल्य रूपये Rs. 1,180/- (One Thousand one hundred Eighty Rupees) एवं बयाना राशि मूल्य उपरोक्त तालिका के अनुसार के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे के पक्ष में जारी हो एवं बरेली में देय हो आवेदको को आवेदन पत्र के साथ संलग्न करने होगें। एक स्टेशन पर केवल एक आवेदक को लगाया जायेगा अन्य किसी दूसरे स्टेशन या काउन्टर पर नही। बिना आवेदन प्रपत्र शुल्क एवं बिना बयाना राशि मूल्य के आवेदन पत्र को वैद्य नहीं मानते हुए विचार नहीं किया जायेगा। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों को न तो स्वीकार किया जायेगा न ही विचार किया जायेगा। किसी भी आवेदन या समस्त स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एस०टी०बी०ए०) की नियुक्ति की प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर बिना कारण बताये रद्द एवं अस्वीकार करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित होगा। यह आवेदन रेलवे में नौकरी के लिये नही है।

मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, इज्जतनगर
मुजाधि/वाणिज्य-176
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

मुनीश टैक्सटाईल्स एजेन्सी
मो. 9997829398
हमारे यहां सूटिंग शर्टिंग, शेरवानी, कोट पैन्ट, साड़ी एवं सूट लहंगा उचित दाम पर मिलता है।

मुनीश क्लाथ हाउस
मो. 9219162389
Rs. 2000/- लंच बॉक्स
Rs. 3000/- चाय केतली मिल्टन
Rs. 5000/- कम्बल सिंगल बेड
खरीद पर पायें निश्चित उपहार
स्कीम 11 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक

रॉयल होटल एंड रेस्टोरेन्ट
रेलवे स्टेशन रोड सिविल लाइन्स रामपुर
हमारे यहाँ किटी पार्टी, बर्थडे, ऐंगेजमेन्ट करायी जाती है और हमारे यहाँ खाने की उचित व्यवस्था है और हमारे यहाँ स्पेशल थाली 100/- रु. तथा सादा थाली 80/- रु. है।



मुनीश गुप्ता नीलेश गुप्ता

## एक नजर

### उजाला मिस फ्रेशर और अमन चुने गए मिस्टर

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को उजाला को मिस फ्रेशर एवं सैयद अमन रिजवी को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। प्राचार्य डॉ. जागृति मदान धींगरा ने कहा कि छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों के मध्य एक मजबूत संबंध बनाते हैं। महाविद्यालय में विभाग में बीएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ। इसमें चीफ प्रॉक्टर डॉ. अजीत रानी ने कहा कि बीएड विभाग सदैव से ही महाविद्यालय का एक महत्वपूर्ण विभाग रहा है। बीएड विभाग प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. मीनाक्षी गुप्ता, डॉ. मुजाहिद अली, डॉ. वीके राय, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ., माणिक रस्तोगी, डॉ. सोमेंद्र सिंह, डॉ. नितिन कुमार रहे।

गालिब अकादमी दिल्ली में डॉ. रजिया परवीन राष्ट्रीय उर्दू अवार्ड से की गईं सम्मानित

# डॉ. रजिया महिला सशक्तीकरण का सशक्त उदाहरण

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उर्दू विभाग की अध्यक्ष एवं लेखिका डॉ. रजिया परवीन को उर्दू भाषा, साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रीय उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ की ओर से विश्वविद्यालय श्रेणी में राष्ट्रीय उर्दू प्रोफेसर पुरस्कार से अलंकृत किया गया। उन्हें शाल ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र के साथ एक शील्ड भी दी गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जायसवाल ने इसे महाविद्यालय के गौरव की बात कहा। महाविद्यालय में बुधवार को डॉ. निशात बानो और डॉ. अनिता देवी अग्रवाल ने इसे मिशन शक्ति से जोड़ते हुए एक शानदार उपलब्धि बताया। कहा कि डॉ. रजिया परवीन महिला सशक्तीकरण का एक सशक्त उदाहरण हैं। डॉ. सबीहा परवीन ने कहा कि जहां एक तरफ महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत छात्राओं को सशक्त किया जा रहा है वहीं यह अवार्ड मिलना इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के साथ आगे बढ़ रही हैं और अपने आप को देश के हर मंच पर साबित कर रही है। डॉ. अनीता रानी कन्नौजिया ने इसे महाविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। डॉ. रजिया को यह अवार्ड दिल्ली की गालिब अकादमी में आयोजित समारोह में दिया गया। इनका 50 से अधिक नेशनल और इंटरनेशनल सेमिनारों में प्रतिभाग 30 से अधिक रिसर्च पेपर और कई रेडियो टॉक भी प्रसारित हो चुके हैं। दो पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जिसमें तलाश और माहे कामिल शामिल हैं। उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी से अवार्ड भी प्राप्त हो चुका है रिसर्च वर्क उर्दू अफसाने पर था।



प्रमाण पत्र दिखातीं डॉ. रजिया परवीन के साथ शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

### पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए आगे आएं प्रधान

**रामपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय टीबी मुक्त पंचायत एवं फेमिली केयरगिवर के लिए मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण सीएमओ कार्यालय में हुआ। वर्ष 2023 में जनपद की 9 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की गईं। जिनके ग्राम प्रधानों को 2 अक्टूबर को गांधी जी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पर देकर सम्मानित किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का एक अहम हिस्सा टीबी मुक्त पंचायत है। यह प्रशिक्षण 11 से 30 नवम्बर तक संचालित रहेगा। वर्ष 2024 में 37 ग्राम पंचायतें मानकों को पूर्ण कर रही हैं। ग्राम पंचायतों में मानक पूर्ण करने के लिए कार्य किया जा रहा है।

# चमरौआ में खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

## गांव दबका में हुईं क्रीड़ा प्रतियोगिताएं, 400 मीटर दौड़ में प्रियंका, 600 में शीतल रहीं प्रथम

**कार्यालय संवाददाता,रामपुर**

**अमृत विचार:** न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन दबका में हुआ। प्रतियोगिताओं का आरंभ अतिथि क्रीड़ा प्रभारी एआरपी डॉ. वीरेंद्र कुमार ने किया। प्राइमरी स्तर बालक वर्ग की 50, 100 मीटर दौड़ में राहुल सागर, 200 में रितिक प्रथम रहे। 400 मीटर दौड़ में राजा प्रथम रहा।

चमरौआ की न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में बुधवार को लंबी कूद में राहुल सागर प्रथम, कबड्डी में पीएस बांसनगली प्रथम, प्राइमरी स्तर बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ में रवीना, 100 में राधिका, 200 मीटर दौड़ में भी राधिका प्रथम रहीं। 400 मीटर में भी राधिका प्रथम रही। लंबी कूद में मनीषा प्रथम रही। खो-खो में कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बांसनगली प्रथम रहा। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में मोहम्मद अल्फैज, 200 मीटर दौड़ में साकिब, 400 मीटर में गौरव, 600 मीटर में आशीष प्रथम, लंबी कूद में बंटी, गोला फेंक में अनिकेत, चक्का फेंक में आशीष प्रथम रहे। 400 मीटर रिले दौड़ और कबड्डी में कंपोजिट स्कूल नौगवां प्रथम रहा। जूनियर स्तर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में शीतल, 200 मीटर दौड़ में निशा, 400 मीटर दौड़ में प्रियंका, 600 मीटर दौड़ में शीतल प्रथम रहीं। लंबी कूद में निशा प्रथम रही। खो-खो में कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बांसनगली प्रथम रहा। क्रीड़ा प्रभारी एआरपी डॉ. वीरेंद्र कुमार, अब्दुल बशीर खां, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक ओम प्रकाश, अंजुम स्नेही सक्सेना रहे। निर्णायक मंडल में अनुसेंद्र सिंह चौहान, डॉ. विवेक सैनी, विनोद कुमार, मनोज गुज्जर तथा शिवकुमार शामिल रहे। न्याय पंचायत चमरौआ से प्रत्येक विद्यालय के टीम लीडर्स ने क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में पूर्ण सहभागिता के साथ क्रीड़ा प्रतियोगिताओं को अनुशासित रूप से पूर्ण करने में विशेष भूमिका निभाई। इनके अलावा मनोज कुमार, देवराज सिंह, विक्रम सोलंकी, फुरकान मोहम्मद, सुशील कुमार आदि रहे।

**खेलकूद में खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर:** न्याय पंचायत ककरौआ की न्याय पंचायत संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन ग्राम मनकरा में बुधवार को हुआ।प्रतियोगिता का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान पति मनकरा काशिफ खान, जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ चरन सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित और पुष्प अर्पित कर किया। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 50 और 100 मीटर दौड़ में विनीत प्रथम रहा। 200 मीटर दौड़ में विशाल, 400 मीटर दौड़ में मोहम्मद जैद, लंबी कूद में सौरभ प्रथम रहा। कबड्डी में कंपोजिट भंडपुरा प्रथम रहा। खो-खो में खजुरिया स्कूल की टीम प्रथम रही। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग 50 मीटर दौड़ मुस्कान,100 मीटर दौड़ में उजाला, 200 मीटर दौड़ में मुस्कान प्रथम रहीं। 400 मीटर दौड़ में और लंबी कूद में कशिश प्रथम रही।

खो-खो में खजुरिया स्कूल प्रथम रहा। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में सूरज प्रथम, 200 मीटर दौड़ में विशेष, 400 मीटर दौड़ में बंटी, 600 मीटर दौड़ में गेंदन लाल प्रथम रहा। लंबी कूद में बंटी, गोला फेंक और चक्का फेंक में बंटी प्रथम रहा।

400 मीटर रिले दौड़ में भोलापुर स्कूल प्रथम रहा। कबड्डी में कंपोजिट विद्यालय भोलापुर प्रथम रहा। न्याय पंचायत स्तर पर प्रसन्न प्रकाश, चमन सिंह गौतम, चंचल सिंह, नूतन सिंह गहरवार, अनिकेत प्रकाश सक्सेना, हरि राम, विशाखा, आरती, नरेश पाल सिंह, विकास कुमार, प्रेमपाल आदि मौजूद रहे।



दीप जलाकर प्रतियोगिता का आरंभ करते शिक्षक। ● अमृत विचार



फीता काटकर प्रतियोगिता का आरंभ करते मुख्य अतिथि काशिफ खां।

### 100 मीटर दौड़ में सलमान, 200 में संजय प्रथम

**रामपुर, अमृत विचार :** संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन जय बालाजी जूनियर हाईस्कूल कोयला में हुआ। प्रतियोगिताओं में प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 50 मीटर और 100 मीटर दौड़ में सलमान, 200 मीटर दौड़ में संजय प्रथम रहा। 400 मीटर दौड़ में सलमान और लंबी कूद में सलमान प्रथम रहा। कबड्डी में सनैया जट स्कूल प्रथम रहा। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ में शाजिया,100 मीटर दौड़ में अलीना, 200 मीटर दौड़ में शिफा, 400 मीटर दौड़ में इमरा, लंबी कूद में अलीना प्रथम रहीं। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ में बिरजू ,400 मीटर दौड़ में जितेंद्र प्रथम रहा। 600 मीटर दौड़ में फरमान, लंबी कूद में रियाज, गोला फेंक में नाजिम और चक्का फेंक में फरमान प्रथम रहा। कबड्डी में सनैया जट स्कूल प्रथम रहा। योगा में कोयला स्कूल प्रथम रहा। जूनियर स्तर बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में रीनू, 200 मीटर दौड़ में कंचन, 400 मीटर दौड़ में खुशी, 600 मीटर दौड़ में चांदनी प्रथम रहीं। गोला फेंक में विनीता, चक्का फेंक में चांदनी प्रथम रहीं। खो-खो में पत्थर खेड़ा स्कूल प्रथम, कबड्डी में सनैया जट प्रथम रहा। निर्णायकों में हसान खां, अमितेश झा, राकेश विश्वकर्मा, सुमित गंगवार शामिल रहे। इस दौरान हरिबाला सुमन, कमर इशाक जवाद आदि मौजूद रहे।

# डीएपी उपलब्ध नहीं हुई तो भाकियू करेगी आंदोलन

**संवाददाता, शाहबाद**

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन भानु से जुड़े किसानों ने केंद्रों पर डीएपी उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही डीएपी व एनपीके की उपलब्धता न होने की स्थिति में आंदोलन के साथ रोड जाम करने की चेतावनी दी है।

बुधवार को शाहबाद के चकरपुर कदीम गांव में गुलाम रसूल के यहां पंचायत का आयोजन किया गया। किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। किसानों ने कहा कि शाहाबाद मंडी के इफको केंद्र पर डीएपी खाद एनपीके न होने की वजह से किसानों की आलू व गेहूं की फसल की बुआई में देरी हो रही है। जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि इसको लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। यदि इसके बावजूद भी केंद्रों पर डीएपी की उपलब्धता नहीं होती है तो किसान प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। साथ ही तहसील परिसर के सामने रोड जाम कर धरने पर बैठ जाएंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष आकिल खान, रामनाथ मौर्य, नंदकिशोर सागर, विक्रम सागर, गुलाम रसूल, वीरेंद्र सिंह यादव, झंडु सिंह, अमरपाल सिंह, राकेश सिंह, ताराचंद, अबरार मालिक, शाहिद हुसैन, ताज खान, अफसर खान आदि रहे।

### ढकिया समिति पर 9 दिन से एनपीके नहीं

**ढकिया, अमृत विचार :** क्षेत्र में गेहूं की बुवाई का समय आते ही एनपीके खाद की मांग बढ़ गई है। किसान गेंहू की बुआई के लिए खाद लेने समितियों पर पहुंच रहे है ।लेकिन समितियों पर उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा है। ढकिया साधन सहकारी समिति पर ही पिछले 9 दिनों से एनपीके खाद नहीं है। खाद लेने के लिए रोजाना सुबह ही तमाम किसान समिति पर खाद लेने के लिए पहुंच जाते हैं। एनपीके खाद के लिए किसान परेशान हैं। क्योंकि आलू की बुवाई लगभग पूरी हो जाने के बाद अब गेहूं की बुवाई शुरू हो चुकी है। ढकिया समिति के खाद इंचार्ज नरेंद्र का कहना है कि इस समय एनपीके खाद जिले में नहीं है। रेक लगने के बाद ही समिति पर खाद आ सकेगी।

# 5 आशाओं की सेवा हो सकती है समाप्त

**संवाददाता, शाहबाद**

**अमृत विचार:** कार्य में लापरवाही बरतना क्षेत्र की पांच आशाओं को भारी पड़ गया। सीएचसी प्रभारी ने उनकी सेवा समाप्ति के लिए बीडीओ को रिपोर्ट प्रेषित की है।

सीएचसी चिकित्सा प्रभारी मोहित रस्तोगी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने के लिए आशाओं को रखा गया है लेकिन, पिछले दस महीनों से क्षेत्र की पांच आशाओं ने एक भी प्रसव शाहबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नहीं कराया है। जिस कारण पूर्व में सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मोहित रस्तोगी की ओर से नोटिस दिए गए थे। नोटिस का कोई जवाब नहीं देने पर अब उनकी सेवा समाप्ति की तैयारी की जा रही है।

डॉ. मोहित रस्तोगी ने बताया कि महिलाओं के प्रसव न करने और कार्यशैली में ढिलाई बरतने पर उनकी सेवा समाप्ति के लिए शाहबाद बीडीओ को रिपोर्ट भेजी गई है और उनकी सेवा समाप्ति के लिए लिखा गया है।

# गोला फेंकने में सत्यम और उमा अव्वल, हुए सम्मानित

**संवाददाता, शाहबाद**

**अमृत विचार:** शाहबाद की ब्लॉक स्तरीय कीड़ा प्रतियोगिता बुधवार को चड्ढा मिल के मैदान में हुई। इसमें कंपोजिट स्कूल सोहना के छात्रों को दबदबा रहा। प्राइमरी वर्ग में बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में सृष्टि, 100 मीटर में चांदनी, 200 मीटर में सृष्टि, 400 मीटर में राधिका अव्वल रही। बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में उवैस रजा, 100 मीटर में कपिल, 200 मीटर में सोनू, 400 मीटर में मोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बालिकाओं में चांदनी और बालक में अरविंद ने लंबी कूद में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर में बालिका वर्ग में 100 मीटर की दौड़ प्राची, 200 मीटर की दौड़ में पिंकी, 400 मीटर दौड़ में शिवांगी, 600 मीटर की दौड़ सुमन ने जीती। बालक वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में पवन 200 मीटर दौड़ में शिवचरण, 400 मीटर दौड़ में नितिन और 600 मीटर दौड़ में विक्की सिंह ने जीत हासिल की। बालकों में सत्यम ने और बालिकाओं में उमा भारती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

चक्का फेंक में बालकों में सत्यम और बालिकाओं में सरजीवन ने विजय प्राप्त की। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, फजल अफाक, सुभाष पांडे, मोहम्मद खालिद खान, एआरपी मिथिलेश कुमारी, अतुल कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी पीएल निरंकारी, दिलशाद वारसी, सैयद सरफराज अली आदि रहे।

पर्व | बाजारों में महिलाओं ने की खरीदारी, 36 घंटे का निर्जला व्रत आंरभ

# व्रती महिलाओं ने शाम को पूजा अर्चना कर खाई खीर

**कार्यालय संवाददाता,रामपुर**

**अमृत विचार:** छठ महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को खरना हुआ। इसमें व्रती महिलाओं ने चूल्हे पर खीर बनाई। शाम को महिलाओं ने छठ मैया की पूजा अर्चना करने के बाद प्रसाद चढ़ाया और मीठी खीर खाई। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत आंरभ हो गया।

बुधवार को खरना हुआ और व्रती महिलाओं ने सबसे पहले सूर्यदेव की उपासना करने के बाद सुबह से ही घर में साफ-सफाई की। बाजारों में जाकर गुड और चावल खरीदे। दोपहर बाद महिलाओं ने चूल्हे पर खीर बनाई। शाम को सूर्य को जल अर्पित किया। व्रती महिलाओं ने भगवान की पूजा अर्चना करने के बाद खीर खाई। 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया। गुरुवार को घाटों पर पूजा अर्चना की जाएगी।

शुक्रवार को तालाब में खड़े होकर उगते सूर्य को जल अर्पित किया जाएगा। प्रभादेवी ने बताया कि खरना में खीर बनाकर शाम को पूजा अर्चना की गई। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया। अब गुरुवार को ढलते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा की जाएगी।

चंदा देवी ने बताया कि छठ पर्व में चारों दिन का अलग-अलग तरह से महत्व है। बुधवार को चूल्हे पर खीर बनाई गई।

इससे पहले शाम को सूर्य देवता को जल देकर पूजा की गई। शाम को घर में पूजा अर्चना की गई।



सूर्य को जल अर्पित करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



पूजा अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण करतीं महिलाएं।

## सार संक्षेप

### संदिग्ध हालात में लेखपाल की मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की रामनाथ कॉलोनी में कमरे में लेखपाल का शव मिला। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। लखनऊ के मुंशीगंज निवासी सुरेंद्र कुमार (48) की तैनाती तहसील सदर में राजस्व लेखपाल के रूप में थी। वह काफी समय से सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रामनाथ कॉलोनी में किराये के मकान में रह रहे थे। तीन दिनों से वह घर से बाहर नहीं आए थे। बुधवार देर शाम कुछ लोगों ने खिड़की से देखा तो उनका शव बिस्तर पर पड़ा था। सूचना के बाद डीएम और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारी मृतक के परिजनों का आने का इंतजार कर रहे हैं। बाद में शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। मृतक लेखपाल की पत्नी हल्द्वानी में चिकित्सक बताई जा रही हैं।

### रामलीला मंचन से सीख लें लोग : उमेर

**स्वार, अमृत विचार :** श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी की ओर से श्री रामलीला मंचन का उद्घाटन स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी के पुत्र उमेर अंसारी ने किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम हमारे आदर्श हैं। उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। रामलीला मंचन को मनोरंजन का साधन नहीं समझें, बल्कि इससे सीख लें। मंगलवार रात गांव धनौरी स्थित रामलीला मैदान पर श्री रामलीला का मंचन नारद मोह से शुरू हुआ। यहां उमेर अंसारी ने कहा कि श्री राम ने सच्चाई के मार्ग पर चल कर अहंकारी रावण का वध किया था। भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही अच्छे समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से श्री राम के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष ओमप्रकाश राणा, दीपक कुमार मौजूद रहे।



केमरी में प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

### खाद्य सुरक्षा विभाग के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन

**केमरी, अमृत विचार :** नगर कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन भानु की पंचायत हुई। इसके बाद किसानों ने खाद्य सुरक्षा विभाग के खिलाफ मिलक बिलासपुर रोड पर प्रदर्शन किया। पंचायत को संबोधित करते हुए जिला महासचिव रईस अहमद ने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग के कुछ अधिकारी भ्रष्ट हो चुके हैं। मिलावटी मावे की मिठाई बेच रहे दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। आरोप है कि उनसे ये लोग महीना लेते हैं। मिलावटी सामान बेचने वाले लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे लोगों की जांच कराकर कार्रवाई की जाए। इस मौके पर शकील अहमद, अनु रोहिल्ला, अमन सिंह, तेज बहादुर, हारान खान, नासिर अली, सादिक अहमद, इमरान अली, दानिश अली, नियाज अहमद शामिल रहे।

### शिविर में 352 मरीजों ने कराया पंजीकरण

**मिलक, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बुधवार को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का आगाज पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार के द्वारा किया गया। शिविर में 352 मरीजों का पंजीकरण कर उनके लक्षणों ,जांचों व उपचार किया गया तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए सलाह दी गई। डॉ. बासित अली द्वारा मानसिक रोग के लक्षण जैसे घबराहट, नींद न आना, चिंता आदि लक्षणों के बारे में बताया। शिविर में कुंवर नरेंद्र गंगवार, चंद्रभान मित्तल, बसंत कुमार डॉ. अंजू, महजबी खानम, सरिता गंगवार, घनश्याम पटेल, बीसीपीएम इरफान, विवेक, कुसुम, अर्चना, रेहान, मथुरा प्रसाद,आरिफ, मंजू, माजिद अली आदि मौजूद रहे।

### तहसीलदार को बनाया मेला मजिस्ट्रेट

**रामपुर,अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा पर जिला पंचायत अध्यक्ष की ओर से गंगा मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला तहसील सदर क्षेत्र के गांव घाटमपुर में कोसी नदी के तट पर लगेगा। इसमें शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तहसीलदार सदर कृष्ण कुमार चौरसिया को मेला मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किया है। क्षेत्राधिकारी नगर के साथ मेला स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त व्यवस्थाएं कराएं। यदि कोई गंगा स्नान मेले, घाट के आसपास जर्जर पुल, रेलिंग आदि हो तो उसे दुरुस्त कराएं।

### जायरीनों ने भूरे शाह बाबा की मजार पर की चादरपोशी

**सैफनी, अमृत विचार :** हजरत भूरे शाह मियां के पांच दिवसीय सालाना उर्स में बुधवार को जायरीन पहुंचे और चादरपोशी कर दुआ मांगी। उर्स की महफिल में लोगों ने कव्वालियां सुनीं। कव्वाल शाकिब अली ने अल्लाह, रसूल और औलिया की शान में मनकबत पढ़ी। इनके बाद दिल्ली से आए अफजल चांद कादरी ने बेहतरीन कलाम पेश किए। कलाम सुनकर लोग झूमने लगे और औलिया अल्लाह की रूहानियत में खो गए। इस दौरान कमेटी के सदर कासिम पहलवान, मैनेजर अब्दुल रऊफ, फहीम अंसारी, भूरा हुसैन, दिलशाद अल्वी, अशरफ अंसारी, सलामुद्दीन अंसारी आदि मौजूद रहे।

### लंबी बीमारी के बाद जक्कन खां का निधन

**रामपुर,अमृत विचार :** अमृत विचार के अभिकर्ता शाहिद अली खां जमाली के मामा 75 वर्षीय जक्कन खां निवासी बमनपुरी खजूर वाली मस्जिद का लंबी बीमारी के बाद बुधवार की शाम 5 बजे निधन हो गया। उन्होंने अपने पीछे दो लड़के और चार लड़कियों का भरापुरा परिवार छोड़ा है। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। शाहिद अली खां जमाली ने बताया कि जक्कन खां की नमाज ए जनाजा घेर तोगां स्थित शीशम वाली मस्जिद के बाहर गुरुवार को अपराह्न 2 बजे होगी।

### खानकाहें लोगों के लिए राहे करती हैं आसान

**रामपुर, अमृत विचार :** खानकाहे अहमदिया कादरिया की आखिरी महफिल में हैदराबाद से आए मोहम्मद अनवार अहमद कादरी नक्शबंदी ने कहा कि खानकाहें राहे बहिशत हमारे लिए आसान करती हैं। खानकाह की तालीम शरीअत के साथ तरीकत और मारफत पर भी बनी होती है। इसके बाद हजरत वजीह रामपुरी के यह शेर पेश किया कि आदम के जमाने से तो इंसान हैं मौजूद" "इंसान को इंसां बनाया है तुम्ही ने। आखिरी महफिल में शाम 4 बजे कुरआन ख्वानी हुई। फिर कुल शरीफ पढ़ा गया। मगरिब की नमाज के बाद कारी अब्दुल करीम खां ने किरात की। मोहम्मद फरहत सुल्तान खां फुरकानी और कारी मोहम्मद बदरुद दुजा ने तिलावत कुरआन की। मौलवी मुशाहिद फुरकानी, जमील अहमद खां ने बारगाहे रिसालत में नात पेश की। मौलवी मोहम्मद फैजान खां फुरकानी, मौलवी मुशाहिद फुरकानी ने खानकाह की फजीलतों अहमियत पर मौलवी मुजाहिरुल्लाह खां कादरी वजीही की मशहूर मनकबत पेश की। आखिर में मौलाना मोहम्मद रेहान खां कादरी ने दुआ कराई। इस अवसर पर आसाम, पीलीभीत, मुम्बई, बरेली और दिल्ली के लोग शामिल रहे।

### दिव्यांग महिला से सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास, रिपोर्ट

**केमरी, अमृत विचार :** दिव्यांग महिला से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है ।केमरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला का कहना है कि वह दिव्यांग है। उसका इलाज ऑल इंडिया अस्पताल दिल्ली में चल रहा है। महिला का पति सऊदी अरब में रहकर मजदूरी करता है। आरोप है कि वह 20 सितंबर को दिन में वह अपने घर पर अकेली थी। तभी छोटे और तबस्सुम दो अज्ञात व्यक्ति उसके घर में आए। छोटे और अज्ञात व्यक्ति ने सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया। आरोपी सोने के कुंडल छीनकर फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दो नामजद और दो अज्ञात सहित चार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्या प्रियवादिनी च।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन्॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या का ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं।

## संपादकीय

# असाधारण वापसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के प्रमुख कमांडर के रूप में अपनी भूमिका को फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। बुधवार को ट्रंप को उनकी जीत पर बधाई देते हुए दुनिया भर के नेताओं ने उनकी वापसी को इतिहास की सबसे बड़ी वापसी कहा है। चुनाव में जीत हासिल करके ट्रंप ने सिद्ध कर दिया कि वे राजनीति के एक बड़े खिलाड़ी थे और रहेंगे। वह पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन्हें आपराधिक आरोपों में दोषी करार दिए जाने के बाद भी इस पद के लिए नामांकन का अवसर मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। ट्रंप अगले वर्ष जनवरी में कार्यभार संभालेंगे। ट्रंप की जीत के बाद भारत के संदर्भ में कई ऐसे सवाल हैं, जो सामने आना शुरू हो चुके हैं। ट्रंप प्रशासन के नेतृत्व में भारत अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर पड़ेगा?

गौरतलब है कि दीपावली के अवसर पर ट्रंप ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताया था। उन्होंने भारत और अमेरिका के संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही अपनी सरकार आने पर दोनों देशों के बीच की साझेदारी को और आगे बढ़ाने का वादा किया। चीन मामले में भी ट्रंप ने भारत का समर्थन किया है। पिछली बार ट्रंप के कार्यकाल में ही इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीनी प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच सुरक्षा साझेदारी क्वाड को मजबूत किया गया था। हालांकि भारत के प्रति ट्रंप की वीजा नीति प्रवासियों के लिए काफी मुश्किलें पैदा कर सकती हैं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में एच-1 बी वीजा नियमों पर सख्ती दिखाई थी। इसका भारतीय पेशेवरों और टेक्नोलॉजी कंपनियों पर असर दिखा था। अगर ये नीति जारी रही तो भारतीयों के लिए अमेरिका में नौकरियों के अवसर कम होंगे। महत्वपूर्ण है कि भारत और अमेरिका के बीच एक मजबूत व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो लंबे समय से साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, साझा हितों और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों पर आधारित है। ऐसे में भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग और बेहतर व मजबूत होने की संभावनाएं हैं।

# कैंसर से जंग की नई उम्मीदें



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टेबलेट विकसित की है, जिसमें मुख्य बातें ये हैं कि विकसित की गई टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानी कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और दवाओं ने कई असाध्य रोगों पर विजय प्राप्त कर ली है, लेकिन खतरनाक कैंसर सभी चिकित्सा विधियों को चकमा देकर आगे बढ़ने वाला रोग साबित हुआ है। पिछले 20 सालों में दुनियाभर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। भारत में कैंसर के मामलों पर किए गए और बीएमसी कैंसर जर्नल में प्रकाशित आईसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) के 2022 के एक अध्ययन ने अनुमान जाहिर किया कि 2025 तक भारत में कैंसर के 2.98 करोड़ मामले हो सकते हैं। ये नीति आयोग के अनुमान के हिसाब से इस साल भारत की 1.4 अरब आबादी की दो फीसदी होगी।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी एक प्रकार का कैंसर उपचार है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने व नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है। उधर कैंसर के इलाज में भारतीय मसाले बेहद कारगर हैं। आईआईटी मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने कैंसर के इलाज के लिए इनका पेटेंट करवाया है। 2028 तक बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुंबई स्थित देश के सबसे बड़े टाटा मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर की तरफ से अब इस जानलेवा बीमारी को लेकर एक उम्मीद जगाने वाली खबर सामने आई है। मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर के एक शोध में यह दावा किया गया है कि उन्होंने कैंसर की एक बेहद किफायती संभावित दवा ढूंढ ली है, जो कैंसर सेल्स को फिर से बढ़ने से रोक सकती है और कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक है।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टेबलेट विकसित की है, जिसमें मुख्य बातें ये हैं कि विकसित की गई टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानी कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा। यह टैबलेट



राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस

कीमोथेरेपी जैसे ट्रीटमेंट के बुरे प्रभावों को 50 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। कैंसर के दोबारा बढ़ने या होने से रोकने के लिए संभावित दवा हो सकती है। कैंसर के दोबारा होने की संभावना को 30 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। टाटा रिसर्च ने जो दवा विकसित की है डॉक्टर्स करीब 12 साल से काम कर रहे हैं। चूहों पर प्रयोग कर इस दवा का सकारात्मक असर दिखा। कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्परिणामों पर असर का परीक्षण चूहों और इंसानों दोनों पर किया गया, लेकिन इसकी रोकथाम का परीक्षण अभी सिर्फ चूहों पर किया गया है। इसके लिए मानव परीक्षण यानी ह्यूमन ट्रायल पूरा करने में लगभग पांच साल यानी 2028 तक का समय लगेगा। लोगों को इसका लाभ मिलने के लिए कुछ वर्षों तक इंतजार करना पड़ सकता है।

वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई दशकों से काम करने वाली संस्था डीएस रिसर्च सेंटर ने पोषक ऊर्जा से कैंसर की औषधि तैयार करके यही काम किया है। वैज्ञानिक परीक्षणों में भी इस औषधि के नतीजे बेहतर पाए गए हैं। कोलकाता के जाधवपुर विश्वविद्यालय के नैदानिक अनुसंधान केन्द्र (सीआरसी) के निदेशक डॉ. टीके चटर्जी के अनुसार- 'डीएस रिसर्च सेंटर की पोषक ऊर्जा से तैयार की गई औषधि सर्वपिष्टी के पशुओं पर किए गए परीक्षण के परिणाम उत्साहजनक पाए गए हैं। यदि पशुओं के शरीर पर सर्वपिष्टी का प्रयोग किए जाने के बाद सीआरसी ने उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किए हैं तो ऐसे ही परिणाम इसे मानव शरीर पर प्रयोग करने से भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो कैंसर उपचार के इतिहास में युगांतकारी घटना होगी। सीआरसी विभिन्न रोगों के लिए दवाइयों का नैदानिक परीक्षण करता है।

इसी सिलसिले में उन्होंने सर्वपिष्टी का भी नैदानिक परीक्षण किया था। किसी दवाई की प्रभावकारिता का स्तर सुनिश्चित करने के लिए सामान्यतः दो प्रकार का परीक्षण किया जाता है- पहला, औषधीय (फार्माकोलॉजिकल) परीक्षण और दूसरा, विष विद्या संबंधी (टॉक्सिकोलॉजिकल) परीक्षण। ये परीक्षण आयातित सफेद चूहों पर किए गए। पशु शरीर में कैंसर कोशिकाओं को प्रविष्ट कराया गया और जब ट्यूमर निर्मित हो गया तब हमने दवा देना शुरू किया। 'पोषक ऊर्जा' के परीक्षण की स्थिति में 14 दिनों बाद जो प्रतिक्रिया देखी गई उनमें कोशिकाओं की संख्या स्पष्ट रूप से कम होना शुरू हो गई थी। पशु शरीर में कोई अल्सर पैदा नहीं हुआ। ट्यूमर विकास दर 46 प्रतिशत तक कम हो गई थी और दवाई की विषाक्तता लगभग शून्य थी। ऐसे सकारात्मक परिणाम हाल के समय में नहीं देखे गए थे। इस औषधि में कैंसर को रोकने और उससे लड़ने की अपरिमित संभावनाएं हैं।'

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी, लेकिन डीएस रिसर्च सेंटर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सन्निहित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं इसलिए वे औषधियां मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वथा अनुकूल थीं। यहां तक कि औषधि के सेवन का माध्यम भी दुग्ध शर्करा को बनाया गया था, जो एक मानवीय भोज्य है और स्वास्थ्य पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। डीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक वैज्ञानिक डॉ. उमाशंकर तिवारी के अनुसार सर्वपिष्टी कोई औषधीय सूत्र नहीं है, बल्कि पोषक ऊर्जा वर्ग की औषधीय का प्रतिनिधित्व करती है। सन 1982 में सेंटर ने कैंसर की औषधि तैयार की। इस औषधि के परीक्षण के लिए प्रारंभ से ही नीति बनी कि केवल ऐसे रोगियों की तलाश की जाए, जिन्हें अस्पताली चिकित्सा के धर्मकांटे ने चिकित्सा के लिए अयोग्य मानकर अंतिम रूप से छोड़ दिया हो। खोजबीन करके इस तरह के रोगियों तक पोषक ऊर्जा की खुराकें पहुंचाई जाने लगी। उन्हें यह भी कह दिया गया कि अपने कष्टों के लिए और स्वास्थ्य के विकास के लिए जो भी औषधियां वे लेते रहे हैं उन्हें लेते रहें। सेंटर के वैज्ञानिक तिवारी के निर्देशन में परीक्षण अभियान शुरू हुआ। अंततः औषधि की सफलता और उसके प्रभाव-परिणाम की सकारात्मकता, रोगियों के अपने अनुभवों तक सीमित नहीं रही, वह जांच रिपोर्टों से भी प्रमाणित हुई और पारंपरिक चिकित्सा के वर्तमान सूत्रधारों को अक्सर विस्मित भी करती रही, पर यह औषधि बाजार में उपलब्ध नहीं है।

हमारे भोजन में प्रयोग होने वाले मसालों से तैयार नैनोमेडिसिन ने फेफड़े स्तन सर्विकल, मुख, बृहदांत्र व थॉयराइड सेल लाइन के खिलाफ कैंसर रोधी गतिविधि दिखाई है, लेकिन ये सामान्य कोशिकाओं के लिए सुरक्षित है। पशुओं पर यह अध्ययन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है, अब क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी चालू है। प्रोफेसर नागराज नैनो इमल्शन की स्थिरता महत्वपूर्ण विचार था। हालांकि कैंसर कोशिकाओं के साथ सक्रिय अवयवों व उनके संपर्क के तरीकों की पहचान करने के लिए और अधिक अध्ययन प्रयोगशालाओं में जारी रखेंगे। वास्तव में पारंपरिक कैंसर उपचार में थेरेपी की तुलना में नैनो-ऑन्कोलॉजी के ढेरों फायदे तो हैं ही, इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। अपने भोजन में इन मसालों का महत्व हमेशा से है। हमारी रसोई में हल्दी, जीरा, मेथी, इलायची, काली मिर्च, अजवाइन, तेजपत्ता व गरम मसालों की मौजूदगी बताती है। हम पुरातन वक्त से इनके महत्व को समझ रहे हैं। इस तरह से तैयार की जाने वाली दवाएं बेहद सुरक्षित साबित हो सकती हैं। साथ ही इन मसालों के शुद्ध रूप को रोजाना के भोजन में शामिल कर हम इन रोगों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रयास भी कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# शारदा सिन्हा का पान भी सुरीला था

छठ मईया की आवाज, लोकसंगीत की लता मंगेशकर, स्वर कोकिला, बिहारी माटी की सुगंध, भोजपुरी-मैथिली गीतों की पवित्रता, मां शारदा की शक्ति, जैसी पहचान बनाने वाली शारदा सिन्हा का जिक्र और गीत गूंज रहे हैं। ये छठ महापर्व का शोक काल है। उनके कई गीत भावुक कर देते हैं, छठ की संगीतमय फिजाओं में शारदा की विदाई बेहद भावुक करने वाली है।

आस्था को चरम पर पहुंचाने वाले उनके गीतों की स्वर लहरियां जब फिजाओं में तैर रहीं हैं। ऐसे में उनकी रुखसती ने कइयों को रुला दिया। त्योहारों के अलावा मांगलिक आयोजनों में भी बिहार की इस स्वर कोकिला के गीत गूंजे बिना यहां सब कुछ अधूरा सा लगता है। सुपर हिट फिल्म- 'मैंने प्यार किया' के अलावा दर्जनों फिल्मों में भी उनके लोकगीतों ने धमाल मचा दिया था। साड़ी, बिंदी, सिंदूर। भारतीय संस्कारमय महिला का रूप, मां का स्वरूप शारदा ने छठ मईया की आस्था को भावनात्मक परंपराओं की उन ऊंचाइयों तक पंहुचा दिया, जहां आस्था के आगे कोई टिक ही नहीं सकता। पाश्चात्य संस्कृति की गोद में रहने वाले बिहार, यूपी, झारखंड इत्यादि सूबों के एनआरआई भी छठ पर्व पर शारदा के गीत सुनने की तलब में बेचैन हो जाता है, उनकी एक धुन से तड़प उठते हैं। धर्म, आस्था, सनातन धर्म और अपनी जड़ों की तरफ खिंचे चले आते हैं। जैसे उनकी मिट्टी की सुगंध उन्हें आवाज दे रही हो। ये बेचेनी साबित करती है कि किसी भी धर्म की आस्था तलवार की रक्षा से नहीं, सत्ता के स्वार्थ वाली धर्म-जाति की राजनीति से नहीं, बल्कि संगीत की ताकत से सुरक्षित होती है, आगे बढ़ती है और फलती-फूलती है।



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

धर्म कोई भी हो पारंपरिक धुन, लय, गीत और संगीत की परंपराओं से धार्मिक आस्था परवान चढ़ती है। सनातन, सिख, क्रिश्चियनिटी तो छोड़िए इस्लाम धर्म तक में धुनों के बिना मजहबी अरकान अधूरे हैं। हालांकि इस्लाम के बहत्तर फिरकों में कुछ संगीत को गैर इस्लामी मानते हैं। जबकि अजान तक रिदम और लय के बिना अधूरी समझी जाती है। कुरआन की तिलावत भी लयबद्ध होती है। मिलाद, नात, कव्वाली, सलाम, पेशखानी, मातम, नौहा ख्वानी सबमें संगीत है, लय, रिदम और धुन के साथ ही ये आस्था में धार पैदा करते हैं। परंपराएं शुरू करते हैं, जो अटूट बन जाती हैं। ये रवायतें लोगों को खींचती हैं, जोड़ती हैं और आकर्षित करती हैं। शारदा सिन्हा ने अपने गीत-संगीत और मधुर आवाज की जादूगरी से सनातन धर्म की सेवा की, रक्षा की और पाश्चात्य युग में भी नई पीढ़ी को संगीत के माध्यम से धार्मिक परंपराओं से जोड़ा। क्योंकि संगीत में जोड़ने की जो शक्ति है वो तलवार से डराकर, सियासत से रिझाकर भी नहीं पैदा की जा सकती।

संगीत फेविकोल से कहीं अधिक जोड़ना की ताकत रखता है। चौबीस बरस पहले भी शारदा सिन्हा की तूती बोलती थी, उस जमाने में लखनऊ महोत्सव में देश के नामी-गिरामी कलाकार महोत्सव की रौनक बनते थे। यहां उनकी परफार्मेंस थी। गोमती होटल में वो ठहरी थीं। महोत्सव के दौरान लखनऊ के सांस्कृतिक संवाददाता बहुत व्यस्त रहते थे। मैं भी व्यस्त था। उन दिनों पान की लत थी। ये लत लगाई थी लखनऊ के जागरण चौराहे पर दीवान पान वाले ने। आजकल जिस चौराहे पर पुलिस बूथ है यहां दीवान की बड़ी सी पान की गुमटी हुआ करती थी। दीवान के पान की दीवानगी ये थी कि उसके हाथ के लगे पान के अलावा कहीं का पान अच्छा नहीं लगता था। उस दिन व्यस्तता के कारण उसके हाथ का लगा पान नहीं खा सका था। गोमती होटल में शारदा सिन्हा का इंटरव्यू लेने गया। बात करते-करते उन्होंने अपना पानदान निकाला और पान निकालकर खाया। बताया कि वो ये छोटा सा पानदान हमेशा अपने पास रखती हैं। बात करते-करते मैं रुक गया और मेरी लालच भरी निगाहों को उन्होंने ताड़ लिया। बोलीं-पान खाना है? झिझक से बोला जी खिला दीजिए। उनका पान खाकर दीवान का पान का स्वाद फीका पड़ गया। उनके पान में ऐसी मुलायमियत, ताजगी और अपनी मट्टी के सौंधे पन जैसा संगीत था। इतना स्वादिष्ट और सुरीले पान का स्वाद आज भी महसूस करता हूं।

चौबीस बरस हो गए अभी भी मुंह में उनके पान का स्वाद है। छठ महापर्व पर जब-जब शारदा सिन्हा के गीत कानों तक पहुंचे मुंह में उनके पान का स्वाद ताजा हो गया। सच तो ये है कि मां शारदा की भक्तन शारदा सशरीर नहीं रहीं, लेकिन उनकी आवाज, लोकगीत, धुने, भक्ति हमेशा जीवित रहेगी। छठ हो, मांगलिक कार्य या जीवन का संघर्ष, हर मौके पर शारदा सिन्हा का लोकसंगीत मिट्टी की सुगंध के साथ महकता रहेगा।

# पहाड़ों का मौन संघर्ष



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

यह सिस्टम, यह समाज क्या कभी इन आवाजों को सुन पाएगा या केवल उन्हें इसी दर्द के साथ जीने का हुक्म देगा?

अल्मोड़ा में बीते दिनों फिर एक बस, किसी पुरानी घड़ी की टूटी सुई की तरह, खाई में गिर गई। हर बार की तरह, इस बार भी बस में भीड़ थी, उतनी ही जितनी अमूमन होती है- जैसे लोग अपनी जिंदगियों का बोझ साथ लेकर चल रहे हों और मौत एक बेजान पहरेदार हो, जो हर मोड़ पर मौन घात लगाए बैठा है। बसें तो वैसे भी पहाड़ों में उस संयम से नहीं दौड़तीं, जैसा मैदानों में।

यहां की बसें, अनियमित हैं-कभी आती हैं, कभी नहीं। लोग अपने भाग्य को बस की सीट पर यूं फेंक देते हैं, जैसे कोई सिक्का उछालते हों, जिसमें सामने मौत और पीठ पर जिंदगी हो। कोई विकल्प नहीं है उनके पास, शायद पहाड़ों ने उन्हें यही सिखाया है कि भीड़-भाड़, अनिश्चितता और असुरक्षित सफर ही उनकी नियति है। सरकार का ध्यान इस पर क्यों नहीं जाता कि इन संकरे रास्तों पर हर मोड़ पर एक बैरियर की जरूरत है। यहां हर खाई जैसे चुपचाप इंतजार कर रही है-किसी अनजान यात्री के लिए, जो उसे भरने आ सके। क्या ये सारे सुरक्षा उपाय, ये मापदंड, केवल आंकड़ों तक सीमित हैं? इस तरह जैसे पहाड़ों ने अपनी नियति को स्वीकार कर लिया हो, यहां हर सफर एक अंतिम सफर की तरह लगता है।

रात का अंधेरा...वह पहाड़ों का अपना है, जो रास्तों को मौन की चादर में लपेट देता है। इन अंधेरी सड़कों पर रोशनी नहीं है, शायद यह संदेश देने के लिए कि अंधेरा ही यहां का स्थाई साथी है। समय जैसे ठहर जाता है और हर मोड़ पर जिंदगी कहीं खो सी जाती है। बसें जब गुजरती हैं तो जैसे कोई प्राचीन गाथा की प्रतिध्वनि सुनाई देती है, जो हर साल थोड़ी और धुंधली होती जाती है। हर साल सरकार बजट बनाती है, जिनमें पर्वतीय क्षेत्रों का भी जिक्र होता है, लेकिन यह बजट किस खाई में गिरकर खो जाता है, यह सवाल हर पहाड़ी के दिल में कहीं चुपचाप बैठा है। वे अनायास ही इस खोखले आश्वासन को महसूस करते हैं, जैसे कोई बरसात के बाद की कुहासा हो, जो कुछ पल को तो दिखे, लेकिन छूते ही बिखर जाए। ये संकरी सड़कें बस प्रतीक्षारत हैं, जैसे किसी ने उनके हिस्से का इंतजार उन पर थोप दिया हो और बस दुर्घटनाएं हैं, जो उनकी जीवंतता की याद दिलाती हैं।

अस्पताल, जैसे एक ऐसी उम्मीद, जो खुद अपने अस्तित्व को लेकर अनिश्चित है और फिर वही परिचित घटना। कोई हादसा होता है, अधिकारी आते हैं, निरीक्षण करते हैं और कुछ आश्वासनों के कागजों पर हस्ताक्षर करके लौट जाते हैं। ऐसा लगता है जैसे पहाड़ के लोग केवल दुर्घटनाओं का इंतजार करें और उनके दर्द को किसी पुराने इतिहास के धूल भरे पन्नों में दफन कर दिया जाए। लोग कुछ दिनों के शोक में डूबते हैं और फिर इस दुख को कहीं गहरे छिपा लेते हैं। यह मान लिया गया है कि पहाड़ के लोग बस यूं ही जिएं, जैसे जीवन एक लंबा रास्ता हो, जिसमें हर मोड़ पर एक खाई इंतजार कर रही है। पहाड़ों में असुरक्षा एक अनिवार्य सत्य बन गई है। यहां हर दिन लोग इस अनिश्चितता के बीच रहते हैं- भीड़ से भरी बसों का सफर, मोड़ों पर बैरियर का न होना, और अस्पतालों में इलाज की उम्मीद न होना। जैसे यह सब महज घटनाएं नहीं, बल्कि यहां के लोगों के जीवन का स्थायी हिस्सा हैं। शायद यह लोग सोचते हैं कि एक दिन कोई उनकी चीखें सुनेगा, लेकिन तब तक अनगिनत आवाजें इन वादियों में कहीं खो जाती हैं।

यह त्रासदी सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि उन अनकही चीखों का स्वर है, जो इन वादियों में गूंजता है। हर झरने की धारा, हर खाई की गहराई, मानो इस पीड़ा को अपने भीतर समेटे हुए है। यह खामोशियां एक इंतजार हैं कि एक दिन कोई इनकी बात सुनेगा। पर कब? कब तक पहाड़ों के लोग यूं ही खाइयों में गुम होते रहेंगे? कब तक उनकी आवाजें इस सन्नाटे में डूबी रहेंगी? कहते हैं, पहाड़ों में धैर्य होता है- हर शिखर तक पहुंचने का, हर मौसम की मार सहने का। पर क्या यही धैर्य उनकी नियति बन गया है? यह चीखें, जो पहाड़ के सन्नाटे में दबी हैं, क्या हमेशा के लिए मौन ही रहेंगी? यह सिस्टम, यह समाज क्या कभी इन आवाजों को सुन पाएगा या केवल उन्हें इसी दर्द के साथ जीने का हुक्म देगा? हर हादसे के बाद एक उम्मीद जन्म लेती है कि शायद अब कुछ बदलेगा। शायद अब पहाड़ों की तकलीफें सुनी जाएंगी। पर क्या यह एक भ्रम नहीं? क्या यह पर्वतों की ऊंचाइयों में गूंजता एक असंभव प्रश्न है, जिसका उत्तर शायद कभी न मिले?

## सोशल फोरम

# तेजी से बढ़ रहा कैंसर

घोर यातना से गुजर जाना है कैंसर इंस्टीट्यूट में चंद घंटे गुजारना। हर तीसरे चौथे आदमी के चेहरे के हिस्से कटे-पिटे देखना पड़ता है। कच्चे टांके और ताजी उगती खाल, रिसता पस और उधड़ी हुई मुंह के अंदर की सफेद चर्बी के साथ लाल गुलाबी खाल ज्यादातर ने अंगोछे से अपना मुंह ढक रखा है और कुछ ऐसे ही डॉक्टर को दिखाने के लिए बैठे या लेटे हैं।



सुहेल वहीद अंसारी
उर्दू लेखक

लखनऊ में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टिट्यूट के हर कोने आतर में मरीज और उनके तीमारदार इधर उधर बैठे हैं। डॉक्टर रोजाना औसतन सौ सवा सौ की ओपीडी कर रहे हैं। डब्ल्यूएचओ कहता है हर साल करीब एक करोड़ से ज्यादा लोगों की मौत कैंसर से होती है। भारत में कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। इंडिया अगेंस्ट कैंसर के मुताबिक भारत में सन 2020 में कैंसर से करीब 8.5 लाख लोगों की मौत हुई। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में छपे एक पेपर में कहा गया है कि अगर लाइफस्टाइल में बदलाव कर लिया जाए तो कैंसर को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। एक हालिया रिसर्च में खुलासा हुआ है कि मुंह के कैंसर के मामले साउथ एशिया में सबसे ज्यादा हैं और इसकी सबसे बड़ी वजह तंबाकू है। इंटरनेशनल कैंसर रिसर्च एजेंसी की स्टडी कहती है कि सन बाइस में कुल 3,89,800 ओरल कैंसर मामलों में से 1,20,200 मामले बिना धुएं वाली तंबाकू से भारत में हुए थे।

स्टडी में यह भी बताया गया है कि महिलाओं में मुंह के कैंसर के मामलों का सबसे बड़ा कारण सुपारी 30 प्रतिशत और तंबाकू वाले पान मसाले 28 प्रतिशत हैं। इसके बाद गुटखा 21 प्रतिशत और खैनी 21 प्रतिशत का नंबर आता है। पुरुषों में ओरल कैंसर की सबसे बड़ी वजह खैनी 47 प्रतिशत, गुटखा 43 प्रतिशत, तंबाकू वाला पान मसाला 33 प्रतिशत और सुपारी 32 प्रतिशत है। इंस्टीट्यूट में जगह-जगह तंबाकू खाकर न आने के लिए तो लिखा है, लेकिन यह कहीं नहीं लिखा है कि गुटखा न खाएं, जो सबसे ज्यादा तेजी से कैंसर फैला रहा है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की तारीफ करनी ही पड़ेगी, जिन्होंने अपने स्टेट में गुटखे के प्रोडक्शन, कंजम्पशन और बिक्री, तीनों पर कड़ा प्रतिबंध लगाया। कैंसर इंस्टीट्यूट जाकर लगता है कि गुटखा यहां कैंसर की आपदा लाकर ही रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

# मीराबाई और प्रेतकल्प आलोचक



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

क्या वह आलोचक कल्पना कर सकता है कि सत्ता के विरुद्ध बगावत करने का अर्थ क्या होता है? मीरा का काव्य किसी आलोचक की संपत्ति नहीं है, वह समस्त लोक की संपदा है और ऐरा गैरा कोई आलोचक नहीं, लोकपरंपरा उसका प्रमाण है।

मीरा भारत के लोकजीवन और लोकमानस की इतनी और इतनी गहराइयों में व्याप्त है, जितनी गहराइयों में उसका मोल में खरीदा हुआ गिरिधर-गोविंद व्याप्त है-माई मैंने गिरिधर लीयौ मोल! कोई कहै सस्ता कोई कहै महंगा अरी मैंने लियौ तराजू तोल। जब मीरा ने गिरिधर को मोल में ले ही लिया तो फिर मीरा और कृष्ण में भेद ही नहीं रहा। उपास्य और उपासक का भेद मिट गया। दोनों एक रूप-एक रस हो गए। मीरा और कृष्ण एक हो गए-राधा के भी श्याम और मीरा के भी श्याम। भारत के भक्त संगीत में मीरा एक धारा या परंपरा बन चुकी है। मीरा की वाणी भारत के लोकमानस के साथ एक रस हो चुकी है, जहां तक मीरा की साहित्य संपदा की बात है, मीरा की साहित्य संपदा बहुत ही विशाल है।

मीरा की क्रांति चेतना ने राणा को चुनौती दी थी। ऐसी चुनौती कि महात्मा गांधी ने सत्याग्रह दर्शन की चर्चा में मीरा बाई का स्मरण किया था। मीरा की क्रांति चेतना अपनी आन-मरजाद, कुल परंपरा को छोड़ने की घोषणा कर दी। मीरा की विद्रोही चेतना ने निस्संकोच होकर कह दिया था कि संतन ढिंग बैठि बैठि लोकलाज खोई। अथवा लोग कहें मीरा भई रे बाबरी सास कहे घर नासी रे। राणा जी के विरुद्ध विद्रोह की नायिका थी मीरा। जहर का प्याला राणा जी ने भेजा पीबत मीरा नाची रे। सुकरात को भी जहर दिया गया था और मीरा को भी। सुकरात मर गया और मीरा जीवित बच गई, लेकिन सत्य तो दोनों के पास था। उन दिनों वृंदावन में श्री जीवगोस्वामी भक्ति संप्रदाय के बड़े आचार्य थे, मीराबाई जब उनसे मिलने गईं तो उन्होंने कहलवा दिया कि "मैं स्त्रियों से नहीं मिलता।" मीराबाई ने कहने वाले को उत्तर दिया कि "अच्छा, वृंदावन में श्रीकृष्ण के अतिरिक्त भी कोई पुरुष रहता है, यह मुझे आपसे ही ज्ञात हुआ है" और तुरंत चली गईं,

## विमर्श में कंवल भारती का व्याख्यान

जब जीव गोस्वामी के पास मीरा का उत्तर पहुंचा तब वे पहचान सके कि जो स्त्री आई थी, वह तो असाधारण थी। मीरा के दर्शन शास्त्र में पुरुष ही एक हैः ऐसे वर को क्या वरों, जो जन्में और मर जाय।/ ऐसे वर को मैं वरों, जो मेरा चुलड़ा अमर है जाय। मीरा वृंदावन से द्वारका की ओर चल दीं। उस मीराबाई को लेकर कोई आलोचक यह लिखे कि कोई आदमी था गिरिधर जोगी और मीरा उससे सांसारिक प्रेम करती थी तो उस आलोचक को आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के शब्दों में "प्रेतकल्प" ही कहा जा सकता है। क्या वह आलोचक कल्पना कर सकता है कि सत्ता के विरुद्ध बगावत करने का अर्थ क्या होता है? मीरा का काव्य किसी आलोचक की संपत्ति नहीं है, वह समस्त लोक की संपदा है और ऐरा गैरा कोई आलोचक नहीं, लोकपरंपरा उसका प्रमाण है। ध्यान से समझने की बात यह है कि लोकचेतना में मीराबाई का क्या स्वरूप है?

# जगदंबा घर में दियराबारने चली गईं शारदा

जगदंबा घर में दियरा बार अइनी हे, जगतारन घर में दियरा बार अइनी हे। शारदा सिन्हा का यह गीत उनकी पहचान था। शारदा जिज्जी जगदंबा घर में दियराबारने चली गईं। भोजपुरी की ख्यातनाम गायिका शारदा सिन्हा के गीतों के बिना छठ के पर्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। छठ के घाटों पर उनके गीत न बजें, ऐसा हो ही नहीं सकता। छठ के गीत गाने वालों की कोई कमी नहीं है।



डॉ. राहुल मिश्र
मुंबई

भोजपुरी के गायक भी कम संख्या में नहीं होंगे, लेकिन भोजपुरी माटी के सोंधेपन की जो अनुभूति शारदा जिज्जी के गीतों में मिलती है, वह दुर्लभ है। वह आवाज शांत हो गई। उनके गाए गीतों का संकल हमारे सबके साथ रहेगा और उनकी स्मृतियों को सदैव जीवंत रखेगा। शारदा सिन्हा जीवनभर भोजपुरी की पहचान के लिए कार्य करती रहीं। भोजपुरी गीतों में आए फूहड़पन को वे बिल्कुल पसंद नहीं करती थीं। आज भी भोजपुरी गीतों की मिठास और जीवंतता इसी फूहड़पन के कारण समाज के बड़े वर्ग से दूर है। शारदा जी ने इस रिक्तता को भरा था। उनका स्वर जितना सुरीला और भोजपुरिया लहजे से पूर्ण था, उतना ही शब्दों की मर्यादा, गीतों के मुखड़े-बोल-अर्थ की मर्यादा का उन्होंने ध्यान रखा। इसी कारण उनके सामाजिक-सांस्कृतिक गीतों को आज भी अनेक पारिवारिक कार्यक्रमों में, विभिन्न संस्कारों में संस्कार के गीतों के रूप में गाया जाता है, सुना जाता है। शारदा सिन्हा जी जीवनपर्यंत भोजपुरिया संगीत, साहित्य व संस्कृति के लिए सक्रिय रहीं। इससे बड़ी बात उनकी भारतीयता के प्रति आस्था की है।

आज देश ही नहीं, विदेशों में भी भोजपुरी गीत-संगीत सहित समग्र भारतीय सांस्कृतिक चेतना की सशक्त हस्ताक्षर के रूप में शारदा सिन्हा की जो छवि है, उसे किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। शारदा सिन्हा जी का देहावसान ऐसी रिक्तता दे गया है, जो कभी नहीं भर पाएगी। शारदा सिन्हा जी के गीत न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान को जिलाए रखेंगे, वरन भोजपुरिया गीत-संगीत के भविष्य को एक दिशा भी देते रहेंगे, पथ प्रदर्शन करते रहेंगे।

## एक नजर

### महिलाओं को दी गई अधिकारों की जानकारी

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** प्राचीन श्री वंशगोपाल तीर्थ पर लगे फेरी मेले में कैला देवी थाने की एंटी रोमियो टीम ने महिला सशक्तिकरण अभियान चलाया। उप निरीक्षक आंचल सिद्धू, महिला आरक्षी रितु, अनामिका, कविता ने गश्त करते हुए शरारती तत्वों को हिदायत दी। महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया। उन्हें वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102,108 की जानकारी देकर जागरूक किया।

### लखौरी जलालपुर में कब्जा मुक्त कराई जमीन

**संभल, अमृत विचार :** प्रशासन ने तहसील क्षेत्र के गांव लखौरी जलालपुर में चकरोड और डॉ .भीमराव आंबेडकर की भूमि को कब्जा मुक्त कराया। नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर ने बताया कि चकरोड और डॉ .आंबेडकर पार्क की भूमि के कोने पर अवैध कब्जा था। यह भूमि जोत रखी थी। बुधवार को वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया।

### भाकियू ने बिजलीघर पर किया धरना प्रदर्शन

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने असमोली बिजलीघर पर जेई व लाइनमैन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर धरना प्रदर्शन किया। कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में जांच कराकर कार्रवाई की जाए। धरना प्रदर्शन अनिश्तिकालीन रहेगा। इस दौरान रामवीर त्यागी, अंकित कुमार, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद असलम, राजीव त्यागी, सुलेमान, अजय कुमार, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### गन्ना उपायुक्त के यहां किसानों का धरना आज

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसान 7 नवंबर को मुरादाबाद में गन्ना उपायुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसमें गांव भदरौला सहित कई गांवों के गन्ना क्रय केंद्रों को असमोली चीनी मिल से जोड़ने की मांग उठाई जाएगी। यह जानकारी भाकियू असली के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी ने दी। उन्होंने बताया कि किसानों की सहमति के बिना गन्ना विभाग ने भदरौला आदि के क्रय केंद्रों को करीमगंज शाहबाद से जोड़ दिया जबकि पहले क्रय केंद्र असमोली चीनी मिल से जुड़े थे। गन्ना क्रय केंद्र को लेकर किसानों में आक्रोश है।

# तीन मौतों के जिम्मेदार ट्रैक्टर चालक को किया गिरफ्तार

संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र में संभल जोया मार्ग पर शनिवार को बाइक सवार चाचा, भतीजे व भतीजी को ट्रैक्टर ट्राली से रौंदने उनकी जान लेने वाले चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

थाना क्षेत्र के गांव परियावली निवासी विजेंद्र शनिवार की शाम भतीजी रेनू व भतीजे हिमांशु के साथ बाइक पर सवार होकर बस स्टैंड के पास स्थित मार्केट से सामान लेने आ रहा था। संभल की ओर से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने संभल असमोली मार्ग पर बाइक को रौंद दिया था। जिससे विजेंद्र व रेनू की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि हिमांशु ने मुरादाबाद जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया था। टक्कर मारने के बाद चालक थाना क्षेत्र के गांव सदीरनपुर निवासी अनस गांव के ही शाहिद की ट्रैक्टर ट्राली लेकर मौके से भाग गया था। बुधवार को पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अनस को गिरफ्तार कर लिया।

### युवक ने बहन की सहेली को दबोचा, रिपोर्ट दर्ज

**बबराला, अमृत विचार :** युवक ने बहन की 12 वर्षीया सहेली को दबोच लिया। चंगुल से छूट कर घर लौटी किशोरी ने परिजनों को बताया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बुधवार सुबह उस की 12 वर्षीया बेटी अपनी सहेली के घर गई थी। घर में सहेली मौजूद नहीं थी तो किशोरी वापस लौटने लगी। आरोप लगाया कि सहेली के भाई राजेश ने किशोरी को दबोच लिया और जबरन कमरे में ले जाने लगा। इस पर किशोरी ने शोर मचाया तो राजेश ने किशोरी का मुंह बंद कर लिया। गालियां देते हुए किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह किशोरी छूटकर घर पहुंची और जानकारी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दूसरे दिन चंद्रेश्वर महादेव मंदिर से परिक्रमा मार्ग पर प्राचीन श्री वंश गोपाल तीर्थ पहुंचे श्रद्धालु

# प्राचीन कदम्ब वृक्ष की परिक्रमा के साथ यात्रा पूर्ण हुई

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** श्री कल्कि नगरी संभल में दो दिवसीय 24 कोसीय तीर्थ परिक्रमा बुधवार को पूर्ण हो गई। चंद्रेश्वर महादेव मंदिर से चले श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए प्राचीन श्री वंशगोपाल तीर्थ पर पहुंचे, जहां दर्शन पूजन करने के साथ ही प्राचीन कदम्ब वृक्ष की परिक्रमा लगाई। भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहा तो भंडारों में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। तीर्थ पर लगे मेले में श्रद्धालुओं ने खरीदारी की तो बच्चों ने झूलों का आनंद लिया।

68 तीर्थ और 19 कूपों की नगरी संभल में मंगलवार को तीर्थ परिक्रमा करते हुए लाखों श्रद्धालु पड़ाव स्थल चंद्रेश्वर महादेव मंदिर पर विश्राम के लिए रुके थे। रातभर विश्राम करने के बाद श्रद्धालुओं ने बुधवार को भोर से ही परिक्रमा मार्ग का रुख किया। श्रद्धालु श्री कल्कि के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। सुबह के समय मौसम ठंडा था लेकिन श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह दिखाई दिया। परिक्रमा मार्ग पर पैदल चलते हुए श्रद्धालु आदमपुर मार्ग पर स्थित प्राचीन श्री वंशगोपाल तीर्थ पर पहुंचने लगे। तीर्थ पर लगे फेरी मेले में बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। तीर्थ के पवित्र कुंड में स्नान करने के बाद दर्शन पूजन किया। मान्यता के अनुसार, श्रद्धालुओं ने प्राचीन कदम्ब वृक्ष की परिक्रमा लगाई। यहां दर्शन पूजन का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा। परिक्रमर पूर्ण करने वाले श्रद्धालुओं का स्वाती भगवत प्रिय महाराज, राजेश सिंघल व कमलकांत तिवारी आदि ने स्वागत कर उनकी मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। महंत स्वामी भगवत प्रिय महाराज ने तिलक लगाकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।



परिक्रमा समापन के मौके पर वंशगोपाल तीर्थ पर मौजूद समिति पदाधिकारी व अतिथि।



वंशगोपाल तीर्थ पर प्राचीन कदंब वृक्ष की पूजा कर परिक्रमा करते श्रद्धालु।

### भंडारों में ग्रहण किया प्रसाद

**संभल, अमृत विचार :** प्राचीन श्री वंशगोपाल तीर्थ पर फेरी मेले के दौरान शहर के लोगों की ओर से भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें पूरी, सब्जी, छोले चावल की व्यवस्था रही। भंडारों में पहुंचे श्रद्धालुओं का पूरी श्रद्धा के साथ प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

**फेरी मेले में उमड़े श्रद्धालु, किया दर्शन, पूजन और खरीदारी :संभल :** आदमपुर मार्ग पर गांव बेनीपुर चक में स्थित प्राचीन श्री वंशगोपाल तीर्थ पर बुधवार को फेरी मेले में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने तीर्थ पर पहुंचकर पवित्र कुंड में स्नान किया। इनमें युवाओं की संख्या ज्यादा रही। श्रद्धालुओं ने प्राचीन कदम्ब वृक्ष की परिक्रमा लगाते हुए मंदिरों में दर्शन पूजन किया और मनौती मांगी। इस बीच भजनों की गूंज से माहौल भक्तिमय बना रहा। संभल शहर के अलावा हयातनगर, सरायतरीन, भूड़ क्षेत्र समेत कई गांवों से श्रद्धालु तीर्थ पर पहुंचे।

# बिन ब्याही मां ने प्रेमी संग मिट्टी में दबायी थी बच्ची

## नखासा थाना क्षेत्र में गांव के ही एक बेटी के पिता से था युवती का अवैध संबंध, दोनों गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** नखासा थाना क्षेत्र में चार दिन पहले जान लेने के लिए नवजात को मिट्टी में दबाने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शादीशुदा ग्रामीण के साथ अवैध संबंध के चलते युवती गर्भवती हुई युवती ने नवजात बच्ची को जन्म देने के बाद उसकी जान लेने के लिए प्रेमी के साथ मिलकर उसे जमीन में दबाया था। पुलिस ने बिन ब्याही मां व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं जिला अस्पताल में भर्ती नवजात बच्ची की हालत में अब सुधार है।

थाना क्षेत्र के गांव मन्नीखेड़ा गांव में चार दिन पहले मनोज के खेत में सरसो की फसल के बीच नवजात बच्ची जमीन में दबी मिली थी। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए थे। आनन फानन में बच्ची को जमीन से बाहर निकाला गया था। गांव चौकीदार अख्तर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस नवजात को मिट्टी में दबाने वाली मां की तलाश कर रही थी। जिसके लिए पुलिस जगह जगह लगे सीसीटीवी कैमरे व आसपास में स्थित अस्पतालों में पूछताछ कर रही थी। पता चला कि गांव के शादीशुदा व एक बच्ची के पिता नरेंद्र का गांव में एक युवती के घर आना जाना था। इसी दौरान नरेंद्र व युवती के बीच अवैध संबंध हो गए। नरेंद्र के साथ शारीरिक संबंध बनाने की वजह से युवती गर्भवती हो गई। शनिवार की रात हालत बिगड़ने पर नरेंद्र डॉक्टर से दवा दिलाने युवती को लेकर गांव देहपा जा रहा था। रास्ते में ही युवती ने नवजात को जन्म दे दिया। इसके बाद नरेंद्र व युवती ने तय किया कि वह बच्ची को मार देंगे नहीं तो समाज में बदनामी हो जायेगी। नरेंद्र व युवती ने मिलकर जंगल में नवजात बच्ची को सरसो के खेत में मिट्टी में दबा दिया था। दोनों को लगा था कि बच्ची की मौत हो जायेगी और उनकी करतूत उजागर नहीं होगी। बच्ची की जान बची तो पुलिस के हाथ घिनौना कृत्य करने वाले ग्रामीण नरेंद्र और युवती की गर्दन तक पहुंच गये। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस गिरफ्त में बिन ब्याही मां बनी युवती व उसका शादीशुदा प्रेमी। ● अमृत विचार

### पत्नी छोड़कर गई तो युवती से बना लिए संबंध

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर राजदेव निवासी नरेंद्र की पत्नी पांच वर्ष पहले अपने बेटी को लेकर चली गई थी। युवती का मकान जंगल में बना हुआ है और नरेंद्र की जमीन ठेके पर रखकर युवती का पिता जुताई बोआई करता था। जिससे नरेंद्र का युवती के घर आना जाना था। तीन वर्ष पहले नरेंद्र ने 16 वर्ष की उम्र में युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और जिससे नरेंद्र व युवती के बीच शारीरिक संबंध भी स्थापित हो गए। तब से दोनों अक्सर पति पत्नी की तरह शारीरिक संबंध बनाते थे। उन्हें नहीं पता था कि यह करतूत उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा देगी।

### बच्ची की हालत में सुधार

**संभल, अमृत विचार :** गांव मन्नीखेड़ा में सरसो के खेत में मिट्टी में दबी मिली नवजात को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां उसकी हालत में अब सुधार बताया जा रहा है। डाक्टरों का कहना है कि बच्ची को अभी काफी समय तक अस्पताल में ही रहना होगा। वहीं बच्ची की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस कर्मी की जिला अस्पताल में ड्यूटी लगी है।

## सार संक्षेप



एमजीएम कालेज में आयोजित संगोष्ठी में शामिल छात्र छात्राएं।

### जलवायु परिवर्तन के कारकों पर डाला प्रकाश

**संभल, अमृत विचार :** एमजीएम कॉलेज में भूगोल विभाग के तत्वावधान में जलवायु परिवर्तन एवं चुनौतियों पर हुई संगोष्ठी में जलवायु परिवर्तन के प्राकृतिक व मानवीय कारकों पर प्रकाश डाला गया। संगोष्ठी में सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ .योगेंद्र सिंह, डॉ .राजेश गंगवार, मुख्य वक्ता नवनीत तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया। दुष्यंत मिश्र ने जलवायु परिवर्तन एवं चुनौतियों की प्रस्तावना रखी। मुख्य वक्ता नई दिल्ली से रिसर्च स्कॉलर नवनीत तिवारी ने प्राकृतिक कारकों में प्रमुख सूर्य द्वारा उत्सर्जित विद्युत चुम्बकीय विकिरण, सौर कलंक चक्र, खगोलीय सिद्धांत, वायु मंडलीय धूल परिकल्पना आदि के बारे में बताया। जलवायु परिवर्तन के भविष्य में होने वाले विनाशकारी प्रभावों को इंगित किया। डॉ .राजेश गंगवार ने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव व उपायों के बारे में बताया। छात्र मोहम्मद शयन, मोहम्मद अनस ने भी विचार रखे। प्राचार्य डॉ .योगेंद्र सिंह ने कहा कि प्रकृति में परिवर्तन को नहीं रोक सकते लेकिन मानवीय कारकों के प्रभाव को कम कर सकते हैं। हमें अपनी जीवन शैली प्रकृति के अनुकूल बनानी होगी।

### गंगा घाट पर गंदगी का माहौल, सफाई की गति धीमी

**बबराला, अमृत विचार :** कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान को लेकर प्रशासनिक कवायद तेज हो गई है। सड़क यातायात से लेकर गंगा घाट तक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं गंगा तट पर फैले कचरा की सफाई का काम बेहद धीमी गति से चल रहा है। डीएम की अपील के बावजूद घाट पर पसरी गंदगी को अभी तक नहीं हटाया जा सका है। नमामि गंगे के तहत गंगा को उसकी शुद्धता फिर से प्रदान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंगलवार को आयोजित गंगा उत्सव में जिलाधिकारी डॉ . राजेन्द्र पेंसिया ने गंगा घाट पर फैली गंदगी पर चिंता जाहिर करते हुए घाट पर वृहद सफाई के लिए श्रमदान की अपील की थी। फिर भी जागरूकता का माहौल नहीं बन रहा। गंगा स्नान कर श्रद्धालु ही गंगा घाट पर गंदगी का अंबार छोड़ कर चले जाते हैं। घाट पर दूर-दूर तक गंदगी का अंबार लगा है। 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर्व उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। राजघाट पर तमाम श्रद्धालु हर हर गंगे का जयघोष करते हुए गंगा में डुबकी लगाएंगे। बावजूद इसके गंगा घाट पर पॉलीथिन, कूड़े के ढेर लगे हैं। शांति वन शमशान में भी गंदगी फैली है। घाट पर फैले फूल और पॉलीथिन उड़ कर गंगा में पहुंच रहे हैं। वहीं प्रशासन की ओर से घाट के किनारे सफाई कार्य में तेजी लाने के प्रयास नहीं हो रहे। वहीं खंड विकास अधिकारी गुन्नौर नरेश पाल सिंह ने कहा कि राजघाट गंगा तट पर ग्राम पंचायत मीरमपुर के सफाई कर्मचारी को लगाया गया है। नियमित सफाई के निर्देश दिए गए हैं। घाट पर गंदगी नहीं रहेगी।

### भागवत कथाः राजा परीक्षित की सातवें दिन हुई मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सत्य नारायण मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को कथा वाचक आशुतोष शास्त्री ने शुक देव परीक्षित की कथा सुनाई। राजा परीक्षित को श्राप लगने पर शुकदेव ने सात दिन में श्रीमद भागवत कथा सुनाई। सातवें दिन नाग ने डस लिया। जिससे परीक्षित वैकुंठ धाम को चले गए। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर प्रभव गोयल, वेद प्रकाश गोयल, मुकेश कुमार, एसपी गुप्ता, पियूश शर्मा, शकुंतला शर्मा, पूनम गुप्ता, गीता गुप्ता, उर्मिला गुप्ता आदि मौजूद रहे।



कथा वाचक आशुतोष शास्त्री।

### छात्र-छात्राओं के अंदाज व अदायगी की हुई तारीफ

**संभल, अमृत विचार :** अल्लामा इकबाल फाउंडेशन के बैनर तले अल कदीर इंटर कॉलेज मंडी किशनदास सराय संभल में उर्दू दिवस से संबंधित कार्यक्रमों की श्रृंखला में तमसीली मुशायरा हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने देश के मशहूर शायरों की तमसील खूबसूरत अंदाज में करते हुए वाहवाही लूटी। तमसीली मुशायरे में तनवीर हुसैन अशरफी और शान मियां ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने छात्रों के प्रस्तुतीकरण के अंदाज, अदायगी और अदाकारी की तारीफ की। अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने छात्र छात्राओं के सुंदर प्रस्तुतीकरण एवं सफल कार्यक्रम के आयोजन पर कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं प्रबंध तंत्र को बधाई दी। मुशीर खां तरीन ने छात्रों की प्रस्तुति को देखकर खुशी जाहिर की। कॉलेज के मैनेजर डॉ. मुन्तजिम हुसैन ने प्रतिभागियों एवं अतिथियों का धन्यवाद किया। इस दौरान डॉ. कैफी संभली, सैयद हुसैन अफसर, डॉ. किश्वर जहां जैदी, ताहिर सलामी, डॉ. नावेद अहमद खान, डॉ. रियाज अनवर, डॉ. मोहम्मद अहमद, डॉ. मुनव्वर ताबिश, शफीकुर्रहमान बरकाती, तंजील अहमद आदि रहे।

### गंगाघाट पर श्रद्धालुओं की सेवा करेगा हिंदू जागृति मंच

**संभल , अमृत विचार :** हिंदू जागृति मंच की ज्ञानदीप विद्यालय दुर्गा कॉलोनी में हुई बैठक में पूर्णिमा पर अनूपशहर के सिसौदिया घाट पर तीन दिवसीय टेंट लगाने व श्रद्धालुओं की सेवा करने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में हिंदू जागृति मंच के जिलाअध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले गंगा मेले में हिंदू जागृति मंच द्वारा तीन दिन के लिए टेंट लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा की जाएगी। संभल जिले के सबसे बड़े गंगा मेले का आयोजन अनूपशहर के सिसौना घाट पर किया जाता है। जिसमें संभल जिले के अतिरिक्त दूसरों जनपदों से भी श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचते हैं। कहा कि गंगा स्नान करना सनातन धर्म की संस्कृति एवं आस्था का प्रतीक है। हिंदू जागृति महिला मंच की जिलाध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने कहा कि गंगा मेले में शासन-प्रशासन द्वारा बहुत सुंदर व अनुशासित व्यवस्था की जाती है। इस व्यवस्था को और सुचारू रूप प्रदान करने के लिए मंच सेवा प्रदान करेगा। इस दौरान आशा गुप्ता, रजनी गुप्ता, सरिता गुप्ता, अजय कुमार शर्मा, अरविंद शंकर शुक्ला, सुनीता यादव, विकास कुमार वर्मा आदि रहे।

# भुलावई में रामलीला में कलाकारों ने किया श्री राम के जन्म का मंचन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव भुलावई में चल रही 11 दिवसीय रामलीला के द्वितीय दिवस में राम जन्म का मंचन किया गया। जिसे देख दर्शक भाव-विभोर हो उठे। साथ ही भगवान श्री राम के जयकारे लगाने लगे।

कलाकारों ने रामलीला में दिखाया कि जब रावण के अत्याचार अधिक बढ़ने लगे, तब पृथ्वी ने परेशान होकर भगवान विष्णु से प्रार्थना की। विष्णु ने उन्हें दर्शन दिए और कहा कि तुम चिंता मत करो मैं तुम्हारी चिंता दूर करने के लिए चारों भाइयों सहित राजा दशरथ के यहां अवतार लूंगा। कुछ समय बाद राजा दशरथ के आंगन में चार पुत्रों की किलकारी गूंजने लगी। चारों पुत्रों का नाम राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुध्न रखा गया। जब वह बड़े हुए तब मुनि विश्वामित्र राम लक्ष्मण को लेने अयोध्या पहुंचे। कहा कि मुझे राक्षस यज्ञ नहीं करने देते रक्षा करने के लिए मेरे साथ राम लक्ष्मण की सहायता के लिए भेजे। जिसके बाद राम लक्ष्मण विश्वामित के साथ गए राक्षसों का वध कर हवन कराया। रामलीला में कथा वाचक राजेश कुमार शर्मा, प्रेम पाल शर्मा, डब्लू शर्मा, पूरन सिंह, राजकुमार मौर्य, तालेबर शर्मा, राजपाल मौर्य, कृष्ण पाल आदि मौजूद रहे।



ग्राम भुलावई में रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

● **रावण के अत्याचार अधिक बढ़ने पर भगवान विष्णु ने लिया अवतार**

### महिलाओं को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी

**जुनावई, अमृत विचार :** असदपुर गांव में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक पवित्र परमार ने जागरूकता कार्यक्रम किया। जिसमें महिलाओं व बेटियों का आत्मविश्वास बढ़ाया।

कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा के बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हें सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है। जब महिलाएं और बालिकाओं के लिए कानून के अधिकार जानकारी होगी तो वह कानून का सदुपयोग करने में सफलता हासिल कर लेंगी। महिला हेल्पलाइन नंबर 181. वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस 108 के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान उप निरीक्षक संजय कुमार, महिला कांस्टेबल नीरज, कांस्टेबल अंकित कुमार मौजूद रहे।

# सीओ अनुज चौधरी ने देवी जागरण में गाये भजन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** अपनी खास कार्यप्रणाली से हमेशा चर्चा में रहने वाले अर्जुन अवार्ड से सम्मानित अन्तर्राष्ट्रीय पहलवान उत्तर प्रदेश पुलिस के सीओ अनुज कुमार चौधरी का अब एक नया रूप सामने आया है। पुलिस में सिंघम स्टाइल काम करने वाले अनुज कुमार चौधरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह देवी जागरण में भजन गाते नजर आ रहे हैं।

अनुज कुमार चौधरी इस समय संभल जनपद में तैनात हैं और संभल सदर सर्किल की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। सोशल मीडिया में जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें सीओ अनुज कुमार चौधरी देवी जागरण में मंच पर देवी भजन गा रहे हैं। वर्दी पहने और कमर में रिवाल्वर लगाये अनुज कुमार चौधरी के एक हाथ में माता की चुनरी है और गले में माला पड़ी है। हाथ में माइक पकड़े सीओ अनुज कुमार चौधरी ..शेरों वाली माता मेरी मेहरों वाली माता भजन गाते दिख रहे हैं। यह वीडियो संभल के क्षेमनाथ तीर्थ पर सोमवार रात को हुए देवी जागरण का है। यहां अनुज कुमार चौधरी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे और फिर भजन गाकर गायन प्रतिभा से परिचित कराया।



भजन सुनाते सीओ अनुज कुमार चौधरी।

**आयोजन** — महोत्सव में सुबह के महायज्ञ में रोजाना शिला दान का होगा कार्यक्रम

# पांच दिवसीय कल्कि महोत्सव का आज भव्य आगाज

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचारः** ऐंचोड़ा कंबोह में पांच दिवसीय श्री कल्कि महोत्सव का भव्य शुभारंभ आज 7 नवंबर को होगा। महोत्सव के पहले दिन साधु संतों के साथ ही विख्यात कवि डा. कुमार विश्वास व भजन गायक कन्हैया मित्तल के आगमन की भी बात कही जा रही है।

इस साल कल्कि महोत्सव में सुबह के महायज्ञ में रोजाना शिला दान का कार्यक्रम होगा। इसी के चलते महायज्ञ को शिलादान महायज्ञ का नाम दिया गया है। महायज्ञ में दान की गई शिलाओं को कल्कि धाम के गर्भगृह में स्थापित किया जायेगा। महायज्ञ में 108 हवन कुंडों में अग्निहोत्र किया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि कल्कि महोत्सव की प्रथम सांस्कृतिक संध्या का जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर, स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज एवं देश के सुप्रसिद्ध कवि डा. कुमार विश्वास दीप प्रज्ज्वलित करके विधिवत शुभारंभ करेंगे। इसके पूर्व दोनों महानुभावों द्वारा शिलादान, शिलापूजन एवं गर्भगृह पूजन किया जाएगा। इसके बाद कन्हैया मित्तल द्वारा भजनों की प्रस्तुति होगी। आयोजन स्थल पर पंडाल से लेकर यज्ञशाला तक सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया गया है। अग्निशमन विभाग की दमकल भी आयोजन स्थल पर रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शिलान्यास के बाद यह पहला कल्कि महोत्सव है।



कल्कि धाम में शिलान्यास स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते आचार्य प्रमोद कृष्णम। ● अमृत विचार



ऐंचोड़ा कंबोह में कल्कि महोत्सव के लिए बनाई गई आवासीय कुटियां। ● अमृत विचार

● **कवि डॉ. कुमार विश्वास व भजन गायक कन्हैया मित्तल के आने की भी बात कही जा रही**

# चेकिंग अभियान के दौरान 521 वाहनों का चालान

कार्यालय संवाददाता, संभल

● **यातायात पुलिस ने कस्बों में किए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**अमृत विचार :** यातायात माह में एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देशन में यातायात पुलिस ने जिले के कस्बों में जागरूकता कार्यक्रम किया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने में 521 वाहनों का एमवी एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की।

यातायात पुलिस ने बुधवार को संभल के एसएम चिल्ड्रन अकादमी, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल एवं आचार्य मुक्तेश्वर हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज में छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई।

कृषि उत्पादन मंडी समिति बहजोई तथा वीनस शुगर मिल में जाकर ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए और इसका महत्व भी बताया।

वहीं बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने में 334, दो पहिया वाहन पर तीन या तीन से अधिक सवारी बैठाने में 66, बुलेट मोटरसाइकिल में मोडिफाइड साइलेंसर लगाने में 6, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने में 2, पार्किंग के नियमों का उल्लंघन करने पर 45, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने में 64, शराब पीकर वाहन चलाने में एक व अन्य नियमों के उल्लंघन में 15 वाहनों का चालान किया। 4500 रुपये का जुर्माना वसूला। पुलिस ने आमजन को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।

## एक नजर

### पुलिस कर्मियों पर मारपीट का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव नवाड़ा निवासी कपिल ने एसपी से शिकायत कर आरोप लगाया है कि सोमवार की शाम पांच बजे ट्रैक्टर से खेत की जुताई करने जा रहा था। पीछे से चालक डायल 112 वाहन लेकर आ रहा था। गांव में रास्ता संकरा होने की वजह से कपिल डायल 112 वाहन को साइड़ नहीं दे सका। आरोप है कि साइड़ मिलने पर चालक ने डायल 112 वाहन को आगे लगाकर ट्रैक्टर को रुकवा लिया और वाहन से उतरकर पुलिसकर्मियों ने कपिल के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की।

### छात्रा को भगा ले गया नकाबपोश बाइक सवार

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने बुधवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। ग्रामीण की 13 वर्षीय पुत्री व कक्षा पांच की छात्रा मंगलवार की सुबह नौ बजे थाना क्षेत्र में पड़ोसी गांव में स्थित निजी स्कूल में पैदल पढ़ने जा रही थी। आरोप है कि पीछे से आए नकाबपोश बाइक सवार बहला फुसलाकर छात्रा को अपने साथ बाइक पर बैठाकर ले गया। शाम तक छात्रा स्कूल से घर वापस नहीं आई। तो ग्रामीण ने आसपास व रिश्तेदारी में छात्रा की तलाश की, लेकिन देर रात तक ग्रामीण को छात्रा का पता नहीं चला। बुधवार को ग्रामीण ने तहरीर देकर पुलिस से छात्रा को बरामद करने की मांग की।

### फंदे पर मिला युवक का शव, हत्या करने का आरोप

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला बरेली के थाना विशारतगंज क्षेत्र के गांव लोहारी निवासी प्रदीप 26 पुत्र संतोष तीन नवंबर को अपनी पत्नी सरस्वती के साथ अपने साढ़ू के घर दातागंज क्षेत्र के गांव कुमपुर आए थे। अगले दिन कुमपुर गांव में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। बुधवार सुबह गांव के पास पेड़ पर प्रदीप का शव लटका मिला। प्रदीप ने भाई ने हत्या करके शव पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाया। बताया कि सरस्वती सुबह लगभग आठ बजे पड़ोस के गांव बराई में रहने वाले मामा खेमकरन के पास गई थी। बताया था कि प्रदीप ने फंदा लगाकर जान दे दी है। मामा ने गांव लोहारी फोन करके सूचना दी थी।

# एसडीओ सहित 7 लोगों पर भ्रष्टाचार के आरोप में रिपोर्ट

## किसान की शिकायत पर कोर्ट के आदेश से दर्ज हुई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** न्यायालय सीजेएम बदायूं के निर्देश पर थाना फैजगंज बेहटा में चन्दौसी के एसडीओ देहात सहित तहसील उपकेंद्र से जुड़े कर्मचारियों सहित 7 के विरुद्ध धारा 420 व भ्रष्टाचार सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित थाना क्षेत्र के गांव औरछी का निवासी है।

गांव औरछी निवासी पीड़ित देवेंद्र शर्मा पुत्र स्व. राजाराम शर्मा ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि गांव में एक नलकूप का कनेक्शन है। उसने आटा चक्की को एक कोठरी तैयार कराई थी। इसके बाद वह जेई अभिषेक के पास बिजली घर कनेक्शन लेने गया। जहां चक्की कनेक्शन के 2 लाख रुपये में होने की बात कही। जिसमें 1 लाख रुपये फीस व 1 लाख रुपये अलग देने की बात कही। इसके बाद 20 जून 2021 को जेई व विद्युत कर्मचारी फारुख कुरैशी व राजकुमार यादव उसके गांव पहुंचे। जहां किसान देवेंद्र ने 1 लाख रुपये दे दिए और अन्य 1 लाख रुपये देने से इन्कार कर दिया। आरोप है कि इसके बाद जेई व विद्युत कर्मचारी बार-बार 1 लाख रुपये की मांग करते रहे। 2 जुलाई 2021 की रात 10 बजे जेई ने किसान को फोन करके बुलाया। इसके जेई व अन्य विद्युत कर्मचारी नलकूप पर पहुंचे और कोठरी का निरीक्षण कर चले गए। आरोप है कि जाते समय उक्त लोगों ने 1 लाख रुपये न देने का परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। कुछ दिन बाद किसान को जानकारी हुई कि विद्युत विभाग ने उसके विरुद्ध विद्युत चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। जबकि किसान नलकूप चोरी से नहीं चल रहा था और वह नियमित बिल जमा कर रहा था। इसके बाद किसान ने थाने में उक्त लोगों के विरुद्ध तहरीर दी। मगर रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने बदायूं सीजेएम कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर तहसील उपकेंद्र के जेई अभिषेक सिंह, विद्युत कर्मी राजकुमार यादव, चमन लाल, सहायक अभियंता विद्युत वीके गर्ग, एसडीओ देहात कुलदीप कुमार, सहायक अभियंता आशीष कटारिया के विरुद्ध 420 व भ्रष्टाचार की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### अदालत के आदेश पर संपत्ति कुर्क

**संभल, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने अदालत के आदेश पर एक व्यक्ति के घर की संपत्ति कुर्क की है। बरेली सराय निवासी अंकित अग्रवाल के खिलाफ सीजेएम हसनपुर की अदालत में मुकदमा चल रहा है। रुपयों के लेनदेन में धोखाधड़ी के इस मामले में सीजेएम हसनपुर ने संभल पुलिस को अंकित की संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिये थे। इसके बाद ही कोतवाली पुलिस ने अंकित अग्रवाल के घर कुर्की की कार्रवाई करते हुए घर का सामान कब्जे में ले लिया।

# ससुराल में कमरे में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, संभल

- पत्नी को बुलाने गया था, युवक के परिजनों ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप
- पहली पत्नी की मृत्यु के बाद साली से हुई थी राजेंद्र की शादी, पहली करवाचौथ पर मायके गई थी पत्नी

**अमृत विचारः** भाई दूज पर गई पत्नी को बुलाने गए युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल में रस्सी के फंदे पर कमरे में लटका मिला। मौके पर पहुंचे परिजनों ने ससुराल वालों पर युवक की हत्या का आरोप लगाया।

कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी राजेंद्र 29 वर्ष की शादी आठ वर्ष पहले धनारी थाना क्षेत्र के गांव मानकपुर निवासी गीता के साथ हुई थी। दंपति पर दो बेटियां हैं। बीमारी के चलते गीता की मौत हो गई। जुलाई माह में गीता के पिता बदन सिंह ने अपनी छोटी बेटी वीरवती की शादी राजेंद्र के साथ की थी। पहली करवाचौथ होने की वजह से वीरवती अपने मायके चली गई थी। रविवार को राजेंद्र मायके से वीरवती को बुलाने ससुराल आया था। मंगलवार की तड़के राजेंद्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में रस्सी के फंदे पर लटका हुआ मिला। लेकिन ससुराल वालों ने राजेंद्र के परिजनों को मौत की सूचना नहीं दी। गांव के ही एक व्यक्ति ने मानकपुर से तीन दिन पहले आए मुडंन संस्कार के निमंत्रण कार्ड कार्ड पर नंबर देखकर अपने रिश्तेदार घनश्याम को राजेंद्र की मौत होने की जानकारी दी। घनश्याम से मौत की सूचना मिलने पर राजेंद्र के परिजनों में कोहराम मच गया। ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर दर्जनों परिजन राजेंद्र की ससुराल आ गए। आरोप है कि बिना सूचना दिए ही पुलिस ने पंचनामा भरकर राजेंद्र का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों ने राजेंद्र की हत्या का आरोप उसके ससुराल वालों पर लगाया। परिजनों ने एसपी को शिकायती पत्र सौंपकर राजेंद्र की हत्या करने का आरोप उसके ससुराल वालों पर लगाकर कार्रवाई की मांग की।

## सार संक्षेप



बार सभागार में बैठक करते संगठन के पदाधिकारी व सदस्य।

### अधिवक्ता परिषद ब्रज इकाई के अध्यक्ष बने विशाल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अधिवक्ता परिषद ब्रज इकाई की बैठक जिला न्यायालय के बार सभागार में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से कमेटी की घोषणा की गई। जिसमें योगेश कुमार को संरक्षक, विशाल भारद्वाज को अध्यक्ष, सुनील सिंह को महामंत्री, विशाल कुमार को कोषाध्यक्ष, रामवीर प्रजापति को मंत्री, किरण शर्मा, सुनील कुमार सिंह व रीता सिंह को उपाध्यक्ष, श्यामेंद्र सिंह स्वाध्याय मंडल प्रमुख, पारुल भारद्वाज मंत्री, प्रशांत पाठक मासिक बैठक प्रमुख, सुशील कुमार, बृजेश कुमार यादव, संजय गुप्ता को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान की लड़ाई व समाज में समानता लाने की जिम्मेदारी के साथ हमें कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री शंकर सैनी, विष्णु कुमार शर्मा, प्रवीण गुप्ता, अमरीश अग्रवाल, रमेश राघव, राजीव शर्मा, राहुल चौधरी, चरण सिंह, अवधेश कुमार, यशपाल, कृष्णा, रजनी शर्मा, सतपाल सिंह, राहुल दीक्षित, विकास मिश्रा, हरिओम प्रकाश, प्रेम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### तुम उठो सिया, श्रंगार करो, शिव धनुष राम ने तोड़ा ...

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से लक्ष्मी नगर में संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित दीन दयाल शर्मा ने विधि विधान सभी देवी-देवताओं का पूजन कराया। इसके बाद केजी शर्मा, राजेश शंखधार, अजय सक्सेना, राजू शर्मा, आशु सिंह, जेएन मिश्रा, आलोक दुबे, बृजेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, रमेश ग्रेवाल, गुलशन अरोरा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व श्री सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने तुम उठो सिया, श्रंगार करो, शिव धनुष राम ने तोड़ा है, उमा श्रीवास्तव ने फूलों से सज रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र शर्मा, राजकुमार सक्सेना, जयपाल सिंह, सुरेश पाल, गंगाराम शर्मा, राकेश चौबे, संजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

### वीडियो प्रकरण को लेकर सीओ से मिला पीड़ित परिवार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** वीडियो प्रकरण को लेकर पीड़ित परिवार बुधवार को क्षेत्राधिकारी से मिला और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। 31 अक्टूबर को पीड़ित महिला ने चार लोगों पर ब्लैकमेलिंग की नीयत से वीडियो संपादित कर वायरल करने व रुपये मांगने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। वहीं आरोपियों से मिल रही धमकियों से पीड़ित परिवार डरा हुआ है। शहर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने अंकुश, विनायक, ममता व राधिका के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी ब्लैकमेलिंग की नीयत से महिला का वीडियो संपादित कर वायरल कर रहे हैं। अब तक महिला के कुछ वीडियो वायरल हो चुके हैं। जिससे परिवार की समाज में छवि धूमिल हो रही है। वहीं आरोपी महिला के परिवार को रुपये न देने पर परिवार की जीवन बर्बाद करने की धमकी दे रहे हैं। बुधवार को पीड़ित परिवार कोतवाली पहुंचा और सीओ संतोष कुमार से मुलाकात की। परिवार ने कहा कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और फैसला करने का दबाव बना रहे हैं। फैसला नहीं करने पर परिवार की अन्य वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। सीओ ने पीड़ित परिवार को शीघ्र ही आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



गाजियाबाद प्रकरण को लेकर जिला न्यायालय परिसर में प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

### न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गाजियाबाद प्रकरण को लेकर चन्दौसी बार एसोसिएशन के अधिवक्ता बुधवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। बुधवार की सुबह 11 बजे अधिवक्ता न्यायालय में एकत्र हुए और गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज को लेकर पुलिस कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इसके उपरांत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बार अध्यक्ष मोहम्मद नजर कुरैशी ने कहा कि गाजियाबाद बार एसोसिएशन व संयुक्त बार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर गाजियाबाद में अधिवक्ताओं के साथ हुए अमानवीय अत्याचार के विरोध में बुधवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने कार्य नहीं किया। इस अवसर पर सचिव सचिन गोयल, पूर्व बार अध्यक्ष राजेश कुमार यादव, राजेश सिंह, शैलेंद्र चौधरी, वीरेश गुप्ता, गोपेश कुमार, विक्रम सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### समझौता कराने गए भाजपा बूथ अध्यक्ष को सिपाही ने पीटा

**बिसौली, अमृत विचार :** पुलिस चौकी दबतोरी पर तैनात एक सिपाही के भाजपा बूथ अध्यक्ष को पीटने का मामला सामने आया है। बूथ अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को शिकायत भेजी। मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की। जिसके बाद एसएसपी ने सीओ बिसौली अजय कुमार सिंह को तीन दिन में जांच करके आख्या देने को कहा है। बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर में एक नवंबर को बूथ अध्यक्ष शाहरुख खान के पड़ोस में लिंटर डाला जा रहा था। इसी दौरान ठेकेदार और अजीम मिस्त्री में विवाद हो गया। इसके बाद बूथ अध्यक्ष चौकी पहुंचे। दोनों पक्ष को समझाकर समझौता कराने लगे। आरोप है कि चौकी पर तैनात एक सिपाही बिफर पड़ा। बूथ अध्यक्ष से बोला कि तू बहुत नेता बन रहा है। उसने बूथ अध्यक्ष की पिटाई कर दी। जिसकी शिकायत होने पर एसएसपी ने जांच शुरू कराई है। घटना से भाजपाइयों में खासी नाराजगी है।

# प्रशासन ने 42 दुकानें खाली कराने के लिए कराई मुनादी

संवाददाता, बहजोई

- चंद्रपाल आर्य टेक्निकल विद्यालय की जगह पर बनी हैं दुकानें

**अमृत विचारः** चंद्रपाल आर्य टेक्निकल विद्यालय परिसर में बनी 42 दुकानों को खाली कराए जाने को लेकर जिला प्रशासन ने मुनादी कराई। दुकानों को खाली कराए जाने की जिला प्रशासन ने कवायद शुरू की तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। व्यापारियों ने डीएम से मिलकर समय दिलाए जाने की मांग उठाई है।

चंद्रपाल आर्य टेक्निकल विद्यालय परिसर में 42 दुकानें बहुत साल से बनी हुई हैं। जिस पर व्यापारियों ने अपना व्यापार कर रखा है। व्यापारी ट्रस्ट को दुकानों का किराया देते हैं। जहां एक ओर ट्रस्ट अपनी इसे जगह बताता है तो वहीं दूसरी सरकारी भूमि होने का जिला प्रशासन दावा कर रहा है। इसको लेकर एडीएम कोर्ट में भूमि विवाद को लेकर मुकदमा चल रहा था। मुकदमा दुकानों को खाली कराए जाने को लेकर ट्रस्ट हार गया। एडीएम कोर्ट ने इस भूमि पर बनी 42 दुकानों को खाली कराए जाने के आदेश पारित कर दिए। जैसे ही आदेश पारित हुए वैसे ही लेखपालों की टीम दुकानों को खाली करने पहुंच गई। दुकान खाली कराए जाने को लेकर मंगलवार को मुनादी कराई कि दुकानदार अपना कब्जा हटाकर दुकान खाली कर दें। अन्यथा जिला प्रशासन खुद ही खाली कराएगा। जैसे ही जिला प्रशासन ने यह मुनादी कराई वैसे ही दुकानों में रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया। चेयरमैन राजेश शंकर राजू के साथ दुकानदार डीएम से मिलने पहुंचे। जहां पर उन्होंने दुकान खाली करने को लेकर समय मांगा। लेकिन दुकानदार को अभी तक वहां से कोई भी राहत नहीं मिली।

# डीएम ने पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की परखी गुणवत्ता

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** डीएम ने पीएम श्री विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। वहां उन्होंने एक ओर विद्यालय में सफाई न होने पर नाराजगी व्यक्त की तो वहीं दूसरी ओर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच की। डीएम ने अधिकारियों को शीघ्र ही निर्माण कार्य पूरा कराए जाने के निर्देश दिए।

डीएम राजेंद्र पैंसिया बहजोई विकासखंड के गांव पाठकपुर के पीएम श्री विद्यालय में औचक निरीक्षण के लिए पहुंच गए। जैसे ही डीएम विद्यालय का औचक निरीक्षण कर रहे थे तो विद्यालय में गंदगी देखकर वह भड़क गए। उन्होंने तुरंत ही नाराजगी व्यक्त करते हुए विद्यालय में साफ सफाई का कार्य कराए जाने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए। इसके बाद डीएम ने विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

डीएम में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को परखा। डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय में जो भी कार्य चल रहे हैं। उन्हें गुणवत्ता के अनुसार कराया जाए। इसमें किसी प्रकार की धांधली सामने आई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, खंड विकास अधिकारी बहजोई अखिलेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मुंशीलाल पटेल आदि अधिकारी मौजूद रहे।



बहजोई में पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण कर निर्देश देते डीएम राजेंद्र पैंसिया।

# फर्जीवाड़ा रोकने को छात्रवृत्ति के लिए अब बॉयोमिट्रिक प्रणाली अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को छात्रवृति का लाभ अब बॉयोमिट्रिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही मिल सकेगा। व्यवस्था में फर्जीवाड़े को रोकने और पारदर्शिता लाने के लिए बॉयोमिट्रिक प्रणाली लागू की गई है। समाज कल्याण विभाग ने कॉलेजों के नोडल अधिकारी बनाए गए प्रधानाचार्यों की बॉयोमिट्रिक कराने शुरू करा दी है।

दरअसल, अभी तक बिना बॉयोमिट्रिक हाजिरी लगाए ही छात्र-छात्राओं को छात्रवृति जारी कर दी जाती थी, जिससे कई बार गड़बड़ियां भी सामने आईं। यही वजह है कि सरकार ने इस बार बॉयोमिट्रिक वेरिफिकेशन सिस्टम लागू कर दिया है। इसके तहत अब छात्र-छात्राओं को स्कूल, कॉलेजों में जाकर अपने अंगूठे का निशान देना होगा। इस व्यवस्था को लागू कराने की जिम्मेदारी जिला स्तर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी दी गई है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि, जिले में करीब 750 शिक्षण संस्थान हैं, इसमें स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी हैं और अलग-अलग कोर्स कराने वाले संस्थान। बताया कि कक्षा से 9 से हाईस्कूल, इंटर, बीए, एमए, विभिन्न कोर्स करने वाले छात्र, मेडिकल, पैरामेडिकल, इंजीनियरिंग, आईटीआई आदि के विद्यार्थियों को छात्रवृति का लाभ मिलता है। लागू हुई व्यवस्था के तहत कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनकी बॉयोमिट्रिक कराने के लिए कार्यालय पर बुलाया जा रहा है। अब तक लगभग 400 शिक्षण संस्थानों के नोडल अधिकारियों की बॉयोमिट्रिक हो चुकी है। जल्द इसे पूरा कर लिया जाएगा।

### प्रमाणीकरण न हुआ तो छात्रवृति से रह सकते हैं वंचित

छात्रवृत्ति के लिए एक जुलाई से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हुई थी। जबकि पंजीकरण के लिए अंतिम तारीख 31 दिसंबर निर्धारित है। इस तारीख तक पंजीकरण कराने वाले छात्र-छात्राओं को पांच जनवरी तक आवेदन की हार्डकापी स्कूल, कालेजों में जमा करनी है। आवेदन में सुधार के लिए 29 जनवरी से 5 फरवरी तक मौका मिलेगा। इसके बाद मार्च से छात्रवृत्ति की धनराशि जारी होगी। बॉयोमिट्रिक प्रमाणीकरण न हो पाने की दशा में छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह सकते हैं।

## जिलाधिकारी ने किया बच्चों के साथ दोपहर का भोजन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विकास खंड बनियाखेड़ा क्षेत्र के गांव आटा में पीएम श्री विद्यालय में निर्माण कार्य हो रहा है। बुधवार को जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया बहजोई रोड स्थित पीएम श्री विद्यालय पहुंचे और निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य को भी देखा। वहां मौजूद ठेकेदार से जानकारी ली। डीएम ने परिसर में बन रहे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बच्चों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, बीडीओ बहजोई अखिलेश कुमार, बीडीओ बनियाखेड़ा कमल कांत, खंड शिक्षाधिकारी मुंशी लाल पटेल आदि मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश में बुजुर्ग को पीटा, इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आराम करने को चबूतरे पर बैठा था, 4 लोगों ने किया था हमला

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश में हुई मारपीट में घायल बुजुर्ग को सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मारपीट के मामले में तरमीम करेगी।

दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव करीमगंज निवासी कृष्णपाल (50) पुत्र ज्वाला सिंह का स्वास्थ्य ठीक नहीं था। उनकी दवा चल रही थी। 16 अक्टूबर को वह अपनी बुखार की दवा लेने के लिए घर से निकले थे। उन्हें बरेली रोड स्थित कस्बा समरेर में बैठने वाले चिकित्सक से दवा लेनी थी। उन्होंने चिकित्सक से दवा ली और बाजार के चबूतरे पर आराम करने लगे। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते सुरजीत, बबलू पुत्र मुलायम, सर्वजीत और उसके पिता वीरेंद्र उनके पास आ गए। गाली-गलौज करने लगे। कृष्णपाल ने गाली देने से मना किया। तो उन लोगों ने लाठी-डंडों से कृष्णपाल को पीटना शुरू कर दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावर उन्हें मरणासन्न हालत में छोड़कर फरार हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने कृष्णपाल के परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे। घायल को जिला अस्पताल लेकर गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजनों ने कृष्णपाल को फिर से बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेज लाकर भर्ती कराया। जहां कृष्णपाल ने दम तोड़ दिया।

**अनदेखी** सड़क के गड्ढे बन रहे जानलेवा, अक्सर दोपहिया वाहन चालकों के साथ हो रहे हादसे

# सड़क बदहाल होने से यातायात में हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** सीता रोड पर मूंछों वाले मंदिर से पथरा मोड़ तक सड़क जर्जर हो चुकी है। जिससे आवागमन के दौरान लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय दोपहिया वाहनों के साथ हादसे हो जाते हैं। लोगों ने सड़क मरम्मत की मांग की है।

काफी समय से सीता रोड पर मूंछों वाले शिव मंदिर से पथरा तिराहा तक की सड़क जर्जर हो चुकी है। हालत यह है कि सड़क में गहरे-गहरे गड्ढे बन गए हैं। जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर अक्सर ई-रिक्शा सड़क में बने गड्ढों से गुजरने के दौरान पलटने का खतरा बना रहता है। इसी स्थान पर श्मशान घाट है, जहां लोगों को अर्थी लेकर पहुंचने में परेशानी होती है। सड़क जर्जर होने से बजरी बाहर आ गई है। रात के समय अक्सर दोपहिया वाहनों के सड़क में बने गड्ढों में पहिया जाने से हादसा हो जाता है। इस सड़क से प्रतिदिन स्कूली बच्चों के अलावा हजारों की लोग गुजरते हैं। नागरिकों ने नगर पालिका से उक्त सड़क को दुरुस्त कराने की मांग की है।



सीता रोड की जर्जर सड़क से गुजरते बाइक सवार। ● अमृत विचार

"शहर में जर्जर सड़कों का सर्वे कार्य कराया जाएगा। जिसमें मैं स्वयं भी जाकर सड़कों की हालत देख रहा हूं। जो सड़क सबसे ज्यादा खराब होगी। उसका निर्माण कार्य पहले कराया जाएगा।
-विनय मिश्रा
डिप्टी कलेक्टर/ईओ नगर पालिका



"इस मार्ग पर श्मशान घाट है, जिससे सड़क की हालत खस्ता हाल होने से अर्थी लाने को लेकर परेशानी सामना करना पड़ रहा है। लोग सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं।
-हर्षित वार्ष्णेय



"सड़क जर्जर होने से पैदल चलना भी मुश्किल है। अक्सर आगवामन के दौरान महिलाएं व वृद्धों का पैर सड़क में बने गड्ढे में जाने से गिरकर घायल हो जाते हैं।
-जगदीश कुमार



"पिछले काफी समय से सीता रोड की सड़क जर्जर हालत में है। आए दिन जर्जर सड़क से गुजरने पर ई-रिक्शा पलट जाते हैं। जिसमें उसमें बैठे लोग घायल हो जाते हैं।
-कपिल वार्ष्णेय

## प्रॉपर्टी डीलर से युवकों ने की मारपीट, गंभीर

**बहजोई, अमृत विचार :** मामूली विवाद को लेकर प्रॉपर्टी डीलर की तीन युवकों से विवाद हो गया। गाली गलौज का विरोध करने पर युवकों ने प्रॉपर्टी डीलर के साथ मारपीट की।

बहजोई मोहल्ला संभल रोड निवासी प्रॉपर्टी डीलर गोविंद वार्ष्णेय का पास के ही युवकों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि जमकर गाली गलौज हुई। गोविंद वार्ष्णेय ने गाली गलौज करने का विरोध किया तो तीनों युवक हमलावर हो गए और प्रॉपर्टी डीलर के साथ मारपीट कर दी। जिससे प्रॉपर्टी डीलर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने प्रॉपर्टी डीलर को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रॉपर्टी डीलर की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अब प्रॉपर्टी डीलर ने तीन युवकों के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कराया है।

# गन्ना किसानों को किया 1.65 करोड़ का भुगतान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** 24 अक्टूबर को बहजोई रोड स्थित वीनस शुगर मिल का पैराई सत्र आरंभ हुआ था। शुगर मिल ने गन्ना किसानों का 31 अक्टूबर तक का 1.65 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है।

पेराई सत्र पर एमडी अतुल कुमार सिंह व सीईओ अनुपम कुमार सिंह ने कहा कि जिस तरह सबसे पहले पेराई सत्र काआरंभ वीनस शुगर मिल ने किया है, उसी तरह भुगतान की प्रक्रिया भी पहले ही होगी। इसी क्रम में गन्ना किसानों का 31 अक्टूबर तक का 1.65 करोड़ रुपया का भुगतान कर दिया गया है। गन्ना किसानों से अपील की कि वह गन्ने का रकबा बढ़ाए और मिल को ज्यादा से ज्यादा मात्रा में गन्ना उपलब्ध कराए। मिल पर किसानों का भरोसा कायम है, वह बड़ी मात्रा में गन्ने की आपूर्ति मिल को कर रहे हैं। आगे भी भुगतान की प्रक्रिया इसी तरह की बनी रहेगी। वहीं शुगर मिल में आने वाली गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रालियों पर यातायात प्रभारी प्रमोद कुमार मान व मिल के जीएम केन शाहिद खान ने मिल परिसर में ट्रालियों पर रेडियम टेप व लाल कपड़ा लगाया।

- वीनस शुगर मिल में गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रालियों पर लगाया रेडियम टेप व लाल कपड़ा

ताकि हादसे का खतरा कम हो सके। बताया कि ठंड का मौसम शुरू हो चुका है। आने वाले दिनों को कोहरा छाने पर गन्ना ट्रालियों पर रेडियम टेप व लाल कपड़ा लगा होने पर दूर से नजर आ जाएगा। इस अवसर पर एजीएम लाइजनिंग अभिषेक गौड़, यातायात के हेड कांस्टेबिल अमरदीप, अनुज कुमार, संकित कुमार, सुशील, अमित तोमर, जनित गौतम आदि मौजूद रहे।



गन्ना लदी ट्राली पर रेडियम टेप लगाते यातायात प्रभारी प्रमोद कुमार मान व जीएम केन

## एक नजर

### भाकियू किसान क्रान्ति के जिलाध्यक्ष बने साविन्द्र

**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन किसान क्रान्ति की बैठक में राष्ट्रीय महासचिव चौधरी ऋषिपाल सिंह व प्रदेशाध्यक्ष मोहित चौहान ने जिलाध्यक्ष पद का दायित्व साविन्द्र सिंह उर्फ गोपाल को सौंपा। उन्होंने अमरोहा जिलाध्यक्ष साविन्द्र सिंह उर्फ गोपाल समेत अन्य पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे और संगठन मजबूत करने का आह्वान किया।



साविंद्र।

### स्काउट-गाइड शिविर सम्पन्न

**अमरोहा, अमृत विचार :** लिटिल स्कॉलर्स अकादमी में भारत स्काउट गाइड का शिविर सम्पन्न हो गया। शिविर में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। शिविर में पहले दिन छात्र-छात्राओं को स्काउट गाइड संबंधित नियम, सैल्यूट की जानकारी दी। दूसरे दिन शिविर लगाने का प्रशिक्षण दिया। शिविर के छात्र-छात्राओं ने स्काउट गाइड के गुर सीखे। स्कूल प्रबंधक डॉ. गिरीश बंसल, डॉ. अनुराधा बंसल, शुभा सक्सेना, फबेहा तौसिफ ने प्रतिभागियों का उत्सावर्धन किया। दीपक वर्मा, सृष्टि पंडित रहे।

# बॉलीवुड व रागिनी के कलाकार देंगे प्रस्तुति

## 11 नवंबर से शुरू होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्रद्धालुओं की बढ़ी संख्या

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** उत्तर भारत के प्रसिद्ध तिगरी गंगा मेले में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित देश के ख्याति प्राप्त कलाकारों, कवियों, शायरों व रागिनी गायकों की प्रस्तुति होगी।

तिगरी गंगा मेले में आरती स्थल के पास बने सांस्कृतिक मंच पर 11 नवम्बर को सांय 6 से 7 बजे तक ब्लू वर्ड पब्लिक स्कूल धनौरा रोड द्वारा गंगा अवतरण सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा। इसी दिन शाम 7 से 9 बजे तक रास रंग संस्था लखनऊ द्वारा देश की विभिन्न संस्कृतियों का नृत्य प्रस्तुतिकरण होगा। रात 9 से 11 बजे तक केशव कुमार गुर्जर एवं टीम द्वारा रागिनी प्रस्तुत की जाएगी। 12 नवम्बर को सांय 6 से रात्रि 9 बजे तक वॉलीवुड के प्रमुख प्ले बैक सिंगर एवं जीटीवी के सारेगामापा के विजेता हेमन्त बृजवासी द्वारा संगीत मय प्रस्तुति होगी। 9 से 11 बजे तक कलर्स चैनल द्वारा आयोजित इंडियाज गोट टैलेन्ट के विजेताओं द्वारा मलखम्भ की प्रस्तुतिकरण होगी। 13 नवम्बर को सांय 6 से 8 बजे तक वॉलीवुड के प्रमुख कालाकारों द्वारा कॉमेडी शो व रात 8 से 11 बजे तक रागिनी के प्रमुख कलाकार कशिवा चौधरी द्वारा होगा। 14 नवम्बर को सांय 5 से 6 बजे तक मुरादाबाद के जादूगर जुगनू द्वारा मैजिक शो, सांय 6 से 9 तक वॉलीवुड के प्रमुख बैण्ड साधो बैंड की प्रस्तुति व रात 9 से 12 तक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा।



मेला स्थल पर ट्रैक्टर-ट्रालियों की लगने लगी कतार। ● अमृत विचार

### गंगा मेला कोतवाली में पुलिसकर्मी पहुंचे

**गजरौला, अमृत विचार :** तिगरी गंगा मेला कोतवाली में पुलिसकर्मियों की आमद हो गई है। तिगरी मेले में 2500 से ज्यादा पुलिसकर्मी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगे। बता दें कि इस बार तिगरी मेला का कोतवाली मेला प्रभारी बालेन्द्र सिंह को बनाया गया है। मेले में 71 चौकियां बनाईं जाएंगी, जहां पर एक उपनिरीक्षक व कांस्टेबल तैनात रहेंगे। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने मेले में तैनात होने वाली पुलिस फोर्स को निर्देश दिए हैं कि ड्यूटी के दौरान किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जायेगी। प्रत्येक पुलिसकर्मी अपनी-अपनी चौकी पर अलर्ट रहे। मेले में यातायात पुलिस को भी निर्देशित किया है जिससे व्यवस्था सुदृढ़ रहे। वहीं तिगरी गंगा मेला स्थल पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए कंट्रोल रूम बनकर तैयार हो गया। यहां से सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से श्रद्धालुओं पर नजर रखी जाएगी।

### ट्रैक्टर-ट्रालियों की लग रही कतार

**गजरौला, अमृत विचार :** तिगरी गंगा मेले में बुधवार को श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि हो गई। अब तिगरी मेले में श्रद्धालुओं के तंबुओं की काफी संख्या दिखाई पड़ रही है। गंगा मेले में ट्रैक्टर ट्राली वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं के ट्रैक्टर ट्रालियों की कतार लग रही है। वहीं ठेकेदारों द्वारा काम को पूरा कराने के अधिक कर्मचारी लगाए जा रहे हैं, हालांकि अभी सड़कों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों को लगातार सड़कों को मजबूत करने के दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। तिगरी मेले में इस बार पहले से ही माना जा रहा था कि श्रद्धालु इस बार 6 नवम्बर से उमड़ना शुरू हो जाएंगे। बुधवार से श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में तिगरी की ओर प्रस्थान करना शुरू कर दिया, अब धीरे-धीरे यह संख्या बढ़ने पर ही रहेगी। मुख्य स्नान 15 नवम्बर को होगा। वहीं यहां पर मनोरंजन के लिये कई झूले व तमाशे लग चुके हैं, दुकानदारों का पहुंचना भी जारी है। इस बार मेला पिछले वर्ष के मुकाबले ज्यादा भारी रहने की उम्मीद है।



गजरौला के तिगरी गंगा मेले में लगे झूले। ● अमृत विचार



तिगरी गंगा मेला कोतवाली में आमद कराते पुलिसकर्मी।



मेला कोतवाली में कंट्रोल रूम बनकर तैयार। ● अमृत विचार



तिगरी में मेला क्षेत्र का निरीक्षण करते एडीजी रमित शर्मा, डीआईजी मुनिराज जी व जिलाधिकारी निधि गुप्ता।

# एडीजी व डीआईजी ने किया निरीक्षण

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** राजकीय तिगरी गंगा मेले की तैयारियों को लेकर एडीजी रमित शर्मा व डीआईजी मुनिराज जी ने मेला स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मेले को सकुशल सम्पन्न कराने की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान विभिन्न गंगा घाटों पर पुलिस व्यवस्था, पार्किंग स्थल, रूट डायवर्जन व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया गया। तिगरी मेले में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बनाये गए सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। वहीं मेला परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड को भी चेक किया। एडीजी ने कहा कि मेले में सभी स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाये, कन्ट्रोल रूम से सतर्क दृष्टि रखी जाये, गंगा घाट पर समुचित पुलिस बल लगाकर भीड़ नियन्त्रण को प्रभावी बनाया जाये, महिलाओं के साथ छेडखानी की घटनाएं न हों और गंगा के किनारे बनाये जाने वाले घाटों पर उचित प्रकाश की व्यवस्था हो ताकि श्रद्धालुओं को स्नान करने में कोई समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं के सुगम व सुरक्षित आवागमन हेतु यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी निधि गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, एएसपी राजीव कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# वेंकटेश्वरा समूह बनाएगा 10 बेड का अस्थायी अस्पताल

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में धार्मिक आस्था के प्रतीक तिगरी गंगा मेले में कार्यक्रम कराए जाएंगे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति एवं संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि के प्रतिनिधि डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, इंडियन आइडल एवं सोनी म्यूजिक मुम्बई के कलाकारों द्वारा म्यूजिकल नाइट, गंगा स्वच्छता अभियान, वृहद निःशुल्क चिकित्सा शिविर समेत एक दर्जन से अधिक आयोजन कराए जाएंगे। उन्होंने वेंकटेश्वरा समूह द्वारा गंगा मेले में होने वाले विभिन्न आयोजनों के बारे में बताते हुए कहा कि गंगा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क उपचार एवं किसी भी आकस्मिक दुर्घटना होने पर उपचार के लिए 10 बेड का अस्थायी हॉस्पिटल एवं चिकित्सा सुविधाओं से लैस दो एम्बुलेंस मेले को समर्पित करेगा। इसके अलावा चार चिकित्सकों की टीम के साथ पैरामेडिकल, नर्सिंग, लैब टेक्नीशियन समेत एक दर्जन मेडिकल प्रोफेशनल्स वहां मरीजों के निःशुल्क उपचार के लिए आगामी 15 तारीख तक उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही संस्थान के नर्सिंग, पैरामेडिकल, मेडिकल स्टूडेंट्स सघन गंगा स्वच्छता अभियान चलाकर गंगा घाट पर सम्पूर्ण सफाई अभियान चलायेंगे। साथ ही संस्थान मेला दुकानदारों को 21000 इकोफ्रेंडली थैले बांटकर पॉलीथिन मुक्त गंगा मेले का संदेश देंगे। संस्थान के छात्र-छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक के जरिये कन्या भ्रूण हत्या निषेध जागरूकता, नशा मुक्ति एवं यातायात जागरूकता का संदेश भी दिया जाएगा।

# गहरे पानी वाले स्थानों पर बनाएं चौकी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में बुधवार को तिगरी मेला परिसर में तैयारियों के सम्बंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा का कटान जहां हो रहा है उसको रोकने के लिए उचित प्रबंध किया जाए और अच्छी बेरिकेडिंग कराई जाए। इसको लेकर बाढ़ खण्ड विभाग के अधिकारी सक्रिय रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि गंगा के घाटों पर पर्याप्त नाव और गोताखोर लगाया जाएं और लाइफ जैकेट सभी पर हों सभी के मोबाइल नंबर हों। उन्हें पहले से प्रशिक्षित कर दिया जाए। इस कार्य में सभी अधीनस्थों की ड्यूटी लगा दी जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि गहरे पानी वाले स्थलों में एक चौकी बनाई जाए जो उस स्थान पर स्नान करने वाले लोगों पर नजर रखे। जिलाधिकारी ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम, आरती स्थल, कृषि प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसकी भव्यता पर विशेष ध्यान देना होगा। साज सज्जा ठीक से कराई जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बृजेश त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



गंगा मेले का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता व अन्य अधिकारी।

● गंगा मेला स्थल पर तैयारियों को लेकर हुई अधिकारियों की बैठक

# हो करम मुझपे शाहे मदीना एक मुद्दत से दामन है खाली

संवाददाता, आदमपुर

**अमृत विचार :** गुलाब शाह बाबा की मजार पर पांच दिवसीय उर्स के दूसरे दिन मुकाबला-ए-कव्वाली का कार्यक्रम हुआ।

मंगलवार रात बरेली की महिला कव्वाल आलिया इंडियन तथा दिल्ली के मशहूर कव्वाल नाजिम साबरी के बीच मुकाबला हुआ। कव्वाल नाजिम साबरी ने अपने कलाम में पढ़ा कि मेरे दिल में तसव्वुर में आंखों में उतर आए, मेरे पीर के चेहरे में सरकार नजर आए। इसके जबाव में आलिया इंडियन ने अपने अंदाज में कुछ यूं कव्वाली पेश की हो करम मुझपे शाहे मदीना, एक मुद्दत से दामन है खाली। ख्वाजा बहुत गरीब हूं कुछ दे के टाल दो, सदका हसन हुसैन का झोली में डाल दो। दोनों के बीच हुए मुकाबला-ए-कव्वाली का लोगों ने रात भर आनन्द लिया। ये मुकाबला रात भर चला। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष डॉ. रेहान अहमद, कोषाध्यक्ष जरीफ सैफी, संचालक आरिफ धौबी, डॉ. मुन्शरीफ अहमद, मुस्तकीम, इशत्याक अहमद, हनीप मलिक, मकशूद अहमद, शानेआलम, रईस अहमद, मास्टर अनीस, नईम अहमद, जलील अब्बासी, नदीम रंगरेज, इशरत सैफी, हाजी ताहिर सैफी आदि मौजूद रहे।



कव्वाली पेश करतीं बरेली की आलिया।



खाटू श्याम बाबा के वार्षिकोत्सव के दौरान जयकारे लगाते भक्त। ● अमृत विचार

# 56 भोग लगाकर खाटू श्याम बाबा को मनाया

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** मंगलवार रात नगर के गोलघर स्थित एक रिसोर्ट में श्याम दीवाने परिवार धनौरा का तृतीय वार्षिकोत्सव मनाया गया। कीर्तन में मुख्य यजमान खाटू वाले बाबा श्याम को कोलकत्ता के फूलों से सजाया गया और 56 भोग लगाकर व केक काटकर बाबा श्याम को मनाया गया।

श्री खाटू श्याम बाबा के कीर्तन में पंडित शिवकुमार त्रिवेदी द्वारा बाबा की ज्योत प्रज्जलित की गई। मुरादाबाद की भजन गायिका वेदना राही ने खाटू वाले श्याम तेरा सच्चा दरबार है, निशान्त यदुवंशी ने गाया आया जन्मदिन श्याम का ओ सोवरे तेरी जरूरत है। कोटद्वार के रोहन अमोली ने गाया हारा हूं बाबा, तू कृपा कर बाबा, आ गया दुनियादारी छोड़कर आदि भजनों से भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

अंत में खाटू श्याम बाबा की आरती कर सभी भक्तों को प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर विशाल यादव, नवनीत वर्मा, महेश कुमार, रमेश वर्मा, तेजस्वी, सुमित अग्रवाल, मंजू त्रिवेदी, रजनी शर्मा, प्रीति वर्मा, रिकी सैनी, उमा सैनी, सीतू अग्रवाल, तरुण शर्मा आदि रहे।

# ओएमआर शीट भरने की जानकारी दी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** बुधवार को प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंद्र सिंह ने की एवं संचालन विद्यालय समिति के सचिव एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह ने किया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं समिति के सचिव रामवीर सिंह ने अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि 29 और 30 नवंबर को निपुण असिसमेंट टेस्ट होगा। जिसमें छात्र-छात्राओं की उपस्थिति शत प्रतिशत रूप से जरूरी हैं। उपरोक्त परीक्षा ओएमआर शीट पर कराई जाएगी। अतः समस्त अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने में सहयोग करें। इसके अलावा अभी अभिभावकों को अपने मोबाइल में दीक्षा एप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया। अधिगम स्तर को प्राप्त करने के अभिभावक बच्चों के साथ अधिक से अधिक समय बिताएं। इसके अलावा छात्र-छात्राओं को ओएमआर शीट पर आसानी से कार्य करने के टिप्स अभिभावकों एवं शिक्षकों को दिए। इस अवसर पर संकुल शिक्षक संजय सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंद्र सिंह, विनोद कुमार, बदलू सिंह, नेमपाल सिंह, यादराम सिंह, भीष्म सिंह, अमित कुमार, मनीष कुमार, अजय सागर, राशिद अली, संतराम सिंह आदि मौजूद रहे।




आयोजन | वाईएमएस डिग्री कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

# दौड़ में प्रभा प्रथम, पायल द्वितीय व गुलशन तृतीय

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** बुधवार को वाईएमएस पीजी कॉलिज में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में मोहम्मद बिलाल प्रथम, मनु द्वितीय व सोविन्द्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में पायल प्रथम, गुलशन द्वितीय व युविका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 400 मीटर दौड़ में प्रभा ने प्रथम, पायल ने द्वितीय व गुलशन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ में बिलाल ने प्रथम, सोविन्द्र सिंह ने द्वितीय व शाहनवाज खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ में बिलाल प्रथम, अमित द्वितीय व सौरभ तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग 800 मीटर दौड़ में प्रभा प्रथम, पायल द्वितीय व गुलशन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, बालक वर्ग 1500 मीटर दौड़ में अमित ने प्रथम, दिलदार सिंह ने द्वितीय व कामिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग 1500 मीटर दौड़ में प्रभा प्रथम, पायल द्वितीय व शिवानी तृतीय स्थान पर रही। प्रबन्धिका जरीना खातून व अध्यक्ष नाजिम सैफी ने प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रशस्ति पत्र व मेडल पाकर सभी प्रतिभागियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। नाजिम सैफी ने कहा कि हमारे जीवन में जितना जरूरी शिक्षित होना है उतना ही जरूरी हमारे जीवन में खेल भी है। इस अवसर पर क्रीड़ा सचिव नीरज गहलौत, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एके सिंह, प्रवक्ता संजय सिंह सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



वाईएमएस डिग्री कॉलेज में प्रतियोगिता के विजेता को सम्मानित करते शिक्षक व साथ में अन्य। ● अमृत विचार

### पुलिस ने पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगांवा सादात पुलिस ने अभियान चलाकर पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर उनको न्यायालय में पेश किया।

बुधवार को पुलिस टीम ने वारंटियों के खिलाफ नगर में अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न जगहों से पांच वारंटियों को पकड़ लिया और न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने वारंटी फारूख पुत्र मोहम्मद साकिर ग्राम पंजू सराय, राजेन्द्र पुत्र नत्थू ग्राम रामपुर जुन्नारदार, हुकम सिंह पुत्र गनपत, रवि पुत्र मदन पाल प्रजापति, चरन सिंह पुत्र गनपत सिंह ग्राम बांसखेडी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस टीम ने सभी को न्यायालय में पेश किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए सभी वारंटी पिछले काफी समय से फरार चल रहे थे। यह सभी न्यायालय में पेश नहीं हुए जिस कारण न्यायालय ने इनके वारंट कर दिए थे।

## एक नजर

### करंट से किसान की मौत

बदायूं, अमृत विचार : सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरऊ निवासी जसवीर पटेल ने अपनी जमीन पर सब्जियां उगाई थी। ग्रामीणों के अनुसार छुट्टा गोवंश व अन्य जानवरों से सब्जी बचाने के लिए तारकशी करके रात में करंट छोड़ देते थे और सुबह बिजली का तार हटा देते थे, लेकिन बुधवार को वह तार हटाना भूल गए थे। दोपहर को वह तार में करंट की चपेट में आ गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### आज पांच घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

अमरोहा, अमृत विचार : दाउद सराय बिजली उप केन्द्र की 33 केवी बिजली लाइन के जर्जर तारों एवं खंभों को बदलने का कार्य विभाग द्वारा आज किया जाएगा। कार्यों को पूरा करने के लिए सुबह छह बजे से लेकर 10 बजे तक क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को बंद रखा जाएगा। उप केन्द्र अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया कि क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को सुचारु रखने के लिए गुरुवार को जर्जर तारों व खंभों को बदलने का कार्य विभाग द्वारा कराया जाएगा। क्षेत्र की बिजली आपूर्ति के सुबह छह बजे से लेकर दस बजे बंद रहेगी। बिजली आपूर्ति को बंद किए जाने की जानकारी क्षेत्र उपभोक्तओं को दी है।

# बंधक बनाकर नकदी समेत डेढ़ लाख की लूट

## बवनपुरा की घटना, देर रात घर में घुसे थे छह बदमाश, पुलिस ने कहा घटना संदिग्ध

संवाददाता, गजरौला


लूट की जानकारी देती महिला।

अमृत विचार : बेखौफ बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर 40 हजार रुपये की नकदी व जेवर समेत करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत का सामान लूट लिया। विरोध जताने पर बदमाशों ने गृहस्वामी के साथ मारपीट भी की। बदमाशों के फरार होने के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना दी। मामले की जानकारी पर यूपी 112 व चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि प्रथम दृष्टया पुलिस अधिकारी घटना को संदिग्ध बता रहे हैं।

क्षेत्र में बढ़ रही लूट व चोरी की वारदातों से लोग दहशत में हैं। पेट्रोल पंप के कैशियर के साथ हुई लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों को अभी तक भी पुलिस पकड़ नहीं सकी है। वहीं मंगलवार रात बेखौफ बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर डेढ़ लाख का सामान लूट लिया। क्षेत्र के गांव बवनपुरा निवासी राजवीर सिंह मंगलवार रात परिवार के साथ अपने घर में सो रहे थे। इसी दौरान देर रात करीब एक बजे घर की दीवार फांदकर पांच-छह बदमाश अंदर दाखिल हो गए। बदमाशों ने बरामदे में जल रही लाइट को फोड़ दिया। इसकी आवाज सुनकर राजवीर की आंख खुल गई। इतने में तीन बदमाशों ने राजवीर व अन्य परिजनों को तमंचे के बल पर बंधक बना लिया। आरोप है कि बदमाशों ने घर में रखी 40 हजार रुपये की नकदी समेत सोने-चांदी के जेवरात समेत डेढ़ लाख रुपये कीमत का अन्य सामान लूट लिया। विरोध पर बदमाशों ने राजवीर के साथ मारपीट की। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए बदमाश मौके से फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद पीड़ित परिवार ने यूपी 112 को सूचना दी। कुमराला चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची, पीड़ित परिवार से घटना की बाबत जानकारी की। वहीं, आरोप है कि पुलिस पीड़ित परिवार पर चोरी की तहरीर देने का दबाव बना रही है। उपनिरीक्षक देशपाल ने बताया कि घटना झूठी है। ऐसा मामला कुछ नहीं हुआ है।

### एक सप्ताह बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज

हसनपुर, अमृत विचार : श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में लगने वाले पटाखों की दुकानों से पटाखा व्यापारी विकास अग्रवाल की दुकान से डेढ़ लाख रुपये का मोबाइल व सामान को चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने चोरी की तहरीर मिलने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। मामले में उप्र उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी। व्यापारी सुरक्षा फोरम के प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता ने एसपी से फोन पर बात कर चोरी का रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी। पुलिस ने दबाव के चलते पटाखा व्यापारी की तहरीर पर छोटे व उसके सगे भाई गौरव पुत्र सौरभ निवासी वाल्मीकि बस्ती पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### गन्ना खरीद मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल हो

नौगांवा सादात, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने जिले में संचालित गन्ना क्रय केंद्र व मिल गेट पर लगे धर्मकांटों पर घटतौली का आरोप लगाया है।

बुधवार को तहसील में भाकियू लोक शक्ति की मासिक पंचायत हुई। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। संगठन के राष्ट्रीय सचिव सुमित नागर ने कहा कि गन्ना पेराई सत्र में गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया जाए। जिले के सभी क्रय केंद्र व मिल गेट पर लगे धर्मकांटों पर घटतौली रोकने के लिए टीम गठित कर क्रय केंद्रों पर छापेमारी कराई जाए। पंचायत में सर्वोत्तम शर्मा ने कहा जिले में छुट्टा पशुओं से किसानों की फसल की सुरक्षा के लिए एग्रीकल्चर टास्क फोर्स का गठन किया जाए। किसानों ने गंगा मेला तिगरी में संगठन का शिविर लगाने की घोषणा की। इस दौरान सुमित नागर, सर्वोत्तम शर्मा, शमीम, रामपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, नरदेव कश्यप, मुजाहिद हुसैन, जुल्फिकार, रामपाल ,सुरेंद्र, चंद्रकिरण महाराज, मुस्तफा, भीष्म त्यागी, महेंद्र गणेश, योगेश यादव मौजूद रहे।

## सार संक्षेप


बच्चों को पर्यावरण के बारे में बताती शिक्षिका।

### बच्चों को पर्यावरण की जानकारी दी

हसनपुर, अमृत विचार : सुनील कुमार इंटरनेशनल अकादमी में बच्चों को पर्यावरण अध्ययन के तहत पेड़ पौधे व मिट्टी को कैसे पहचाने और साथ ही मानव को पर्यावरण के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए इसके बारे में विस्तार से बताया। बच्चों को बताया कि जीवन की दृष्टि से पर्यावरण का मानव के जीवन में सर्वोच्च स्थान है, इसलिए हमें पौधरोपण अवश्य करना चाहिए।

### भाकियू लोक शक्ति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हसनपुर, अमृत विचार : मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग करते हुए एसडीएम को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने ज्ञापन सौंपा। बुधवार को नगर के विकास खंड परिसर स्थित उप जिलाधिकारी कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के ब्लॉक अध्यक्ष योगेश कुमार के नेतृत्व में किसान एकत्र हुए और उप जिलाधिकारी सुनीता कुमारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि 11 नवंबर को रहरा ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की मासिक पंचायत होगी। जिसमें किसानों की समस्या का समाधान करने के लिए खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी, सेक्रेटरी रहरा एवं आपूर्ति निरीक्षक हसनपुर समय से उपस्थित रहें।

### निशुल्क वितरित किया बरसीम का बीज

मंडी धनौरा, अमृत विचार : बुधवार को अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम के तहत गांव शाहबाजपुर में पशु चिकित्सक डॉ. भागेश सिंह ने पशुपालकों को निशुल्क बरसीम के बीज का वितरण किया। पशु चिकित्सक डॉ. भागेश सिंह ने बताया कि पशुपालन विभाग की ओर से किसानों को निशुल्क बरसीम का बीज वितरण किया जा रहा है। योजना का लाभ पाने के लिए किसानों को विभागीय कार्यालय में आधार कार्ड जमा करना होगा। बताया कि यह खेती के साथ-साथ पशुपालक एवं किसानों की आमदनी बढ़ाने का मुख्य साधन है। दुधारु पशुओं के लिए बरसीम बहुत ही पौष्टिक व दुग्ध क्षमता बढ़ाने में सहायक है। सरकार द्वारा किसानों को प्रमाणित उन्नत किस्म के बरसीम के बीज उपलब्ध करा रही हैं। इस अवसर पर पशु चिकित्सक डॉ. भागेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, ग्राम प्रधान गंगा शरण, सुरेंद्र सिंह, कोशिंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### इसरार ने मनाया कटरे का जन्मदिन, काटा केक

मंडी धनौरा, अमृत विचार : क्षेत्र में शेरा नाम के कटरे का जन्मदिन मनाया गया है। शेरा के जन्मदिन पर बकायदा केक काटा और डीजे पर डांस हुआ। यह जन्मदिन का जश्न मंडी धनौरा इलाके के गांव सुनगढ़ माफी में मनाया। यहां के इसरार ने कटरे का जन्मदिन अनोखे अंदाज से मनाने की ठानी। मंगलवार रात धूमधाम से कटरे का जन्मदिन मनाया। पूरे मोहल्ले को जन्मदिन की पार्टी में आमंत्रित किया। केक कटवाया और खूब बंटवाया। इस दौरान हैप्पी बर्थ डे गूंजता रहा। इसके बाद सभी को दावत दी। यह अनोखा जन्मदिन चर्चा का विषय बना रहा। पेशे से मजदूर इसरार ने बताया कि वह अपने शेरा को रेस के लिए तैयार कर रहे हैं, उन्हें शेरा से बहुत लगाव हैं। उन्होंने जन्मदिन के मौके पर डीजे बजाने के लिए एसडीएम से अनुमति भी मांगी थी। पार्टी में शामिल लोगों का कहना है कि इसरार ने जन्मदिन की पार्टी में कोई कमी बाकी नहीं रखी।


कटरे के साथ केक लेकर खड़ा इसरार।

# तीसरे दिन भी हड़ताल पर रहे अधिवक्ता, वादकारी लौटे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : गाजियाबाद न्यायालय प्रकरण को लेकर तीसरे दिन भी वकीलों के हड़ताल पर रहने के कारण न्यायालयों में कोई कार्य नहीं हो सका। वादकारियों को न्यायालय से तारीख लेकर लौटने पर मजबूर होना पड़ा। इससे जिन बंदियों की जमानत होनी थी उनकी हड़ताल के कारण जमानत नहीं हो सकी। बार एसोसिएशन रूम में अधिवक्तओं की हुई बैठक में अधिवक्तओं ने हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया।

बुधवार को तीसरे दिन भी कचहरी में अधिवक्ताओं की हड़ताल रहने के कारण न्यायालयों में मुकदमों की सुनवाई नहीं हो सकी और न ही जिन बंदियों की जमानत होनी थी उनकी जमानत हो सकी। दोपहर बाद वादकारी न्यायालयों से तारीख लेने के बाद घरों को लौट गए। उधर अधिवक्ताओं ने बार रूम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय शर्मा के साथ बैठक करके हड़ताल को जारी रखने का निर्णय लिया। हड़ताल की घोषणा होने के बाद अधिवक्ताओं ने न्यायालयों के कार्य का बहिष्कार कर दिया। वकीलों के हड़ताल पर चले जाने से तीसरे दिन भी न्यायालयों में कोई कार्य नहीं हो सका। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा जब तक गाजियाबाद के वकीलों को न्याय नहीं मिलेगा तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। बार रूम में हुई बैठक में अध्यक्ष संजय शर्मा, सचिव नरेन्द्र पोशवाल, अंकित गुप्ता, नवनीत गोला, पुलकित शर्मा, शमसाद हुसैन, दिनेश चौहान, शमीम अहमद, गुलबारी हुसैन, आरिफ अहमद शामिल रहे। अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार से लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों को निलंबित किए जाने की मांग की हैं।

# किसान सहकारी चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू

संवाददाता, हसनपुर


हवन में मौजूद सांसद, विधायक व अन्य लोग।

अमृत विचार : आधी अधूरी तैयारियों के बीच चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू हो गया। चैन में गन्ना डालकर चीनी मिल को चालू कर दिया गया। सबसे पहले गन्ना लेकर आने वाले ट्रैक्टर चालक व बुग्गी चालकों को शॉल व नकदी देकर सम्मानित किया गया।

बुधवार को दि किसान सहकारी चीनी मिल का पेराई सत्र का सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर, सभापति जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, धनौरा के विधायक राजीव तरारा एवं उपसभापति रामकिशोर सिंह चौहान ने हवन में आहुति देते आरंभ कराया। चीनी मिल में बुग्गी से गन्ना लेकर आने वाले किसान राजपाल एवं ट्रैक्टर ट्राली से गन्ना लेकर आने वाले रामगोपाल गांव शेखुपुर झकड़ी को सांसद एवं विधायक ने तिलक लगाते हुए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिला अधिकारी ने किसानों को पहले गन्ना लाने पर लिफाफा भी भेंट किया। उसके बाद तौल करने वाले कांटों को भी चेक किया गया। जिलाधिकारी एवं राजनीतिक जनप्रतिनिधियों ने चैन में गन्ना डाला। मिल प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। सांसद एवं पेराई सत्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने कहा कि जल्द चीनी मिल की क्षमता वृद्धि का कार्य शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर चीनी मिल का सभापति राम किशोर सिंह चौहान, प्रधान प्रबंधक राहुल यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक नागर, संजय शर्मा, काले सिंह, चौधरी रामचंद्र सिंह, टेकचंद सिंह, चौधरी समरपाल सिंह, चौधरी दिवाकर सिंह, महेंद्र सिंह, संजीव बालियान, कृष्ण कुमार शर्मा, प्रशांत सैनी, ओम दत्त सिंह गुर्जर, प्रमोद त्यागी, विधायक पुत्र देवेंद्र सैनी मौजूद थे।

### बीमार मशीनों के सहारे होगी पेराई

हसनपुर, अमृत विचार : मिल प्रशासन द्वारा पेराई सत्र के लिए अभी कोई मुकम्मल तैयारी नहीं की गई है। गन्ना हाउस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। क्रेन लॉडर भी क्षतिग्रस्त हैं। सूत्रों की बात पर विश्वास किया जाये तो चीनी मिल की मरम्मत के लिए फंड आता है। लेकिन यह फंड कहां चला जाता है इसका कोई अता-पता नहीं है।

### कार्ड पर नहीं छपा विधायक का नाम

हसनपुर, अमृत विचार : दि किसान सहकारी चीनी मिल के पेराई सत्र के लिए बने कार्ड पर नौगांवा क्षेत्र के विधायक समरपाल सिंह का नाम न होने का सवाल पूछने पर जिलाधिकारी एवं मिल की सभापति निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि वह इसको देखेंगी। इसका वेरिफिकेशन भी कराया जाएगा।

# बेटियों को शिक्षित करने पर ध्यान दे समाज

संवददाता, मंडी धनौरा


अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक में एकत्र संगठन के पदाधिकारी।

- अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक

अमृत विचार : अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र यादव फौजी के आवास पर संगठन के जिलाध्यक्ष विमल यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में प्रदेश महासचिव संतराम सिंह यादव व जिलाध्यक्ष विमल यादव ने मुकेश यादव को धनौरा ब्लॉक अध्यक्ष व अनुज यादव को ब्लॉक मीडिया प्रभारी मनोनीत किया। साथ ही ब्लॉक व नगर की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र भी सौंपे। बैठक में वक्ताओं ने समाज में फैली कुरीतियां जैसे दहेज प्रथा, मद्यपान व मृत्यु भोज को त्यागने के लिए संकल्प किया। बेटियों को अधिक से अधिक शिक्षित करने की बात कही, साथ ही यादव समाज की प्रगति, उन्नति, शिक्षा, स्वास्थ्य, बौद्धिक, मानसिक व आर्थिक विकास कैसे हो इस पर भी विचार मंथन किया। वक्ताओं ने सरकार से जाति आधारित जनगणना व अहिर रेजीमेंट के गठन के लिए मांग की। बैठक में कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा मेला तिगरी में शिविर लगाने के लिए निर्णय लिया। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष देवव्रत यादव ने किया। इस अवसर पर सपा के जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव, अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह यादव, ब्लाक अध्यक्ष मुकेश यादव, ब्लॉक मीडिया प्रभारी अनुज यादव, दीपक यादव, राजीव यादव, रामप्रकाश यादव, रणधीर यादव, मोहित यादव, सुधीर यादव, देवेंद्र यादव सहित आदि समाज के लोग मौजूद रहे।

# दीवार तोड़ने से मना करने पर पिता-पुत्र को पीटा

संवाददाता, हसनपुर

- निजी स्कूल की पिछले सप्ताह बनी दीवार को तोड़ने का मामला

अमृत विचार : निजी स्कूल की दीवार को तोड़ने को मना करना पित-पुत्र को भारी पड़ गया। आरोपियों ने पिता-पुत्र को जमकर पीटा। घायल अवस्था में थाने पहुंचे पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रझोहा निवासी देशराज सिंह पुत्र समर पाल सिंह घायल हालत में कोतवाली पहुंचा। पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि गांव में ही उसके भाई ने स्कूल खोल रखा है। जिसकी वह देखरेख करता है। कुछ दिन पहले स्कूल में एक दीवार बनवाई थी। जिसे बुधवार को गांव के ही कुछ लोग तोड़ रहे थे। दीवार को तोड़ते देख उसके पिता वहां पहुंच गए और आरोपियों से दीवार तोड़ने को मना करने लगे। इस पर आरोपी हमलावर हो गए और उनके पिता के साथ मारपीट शुरू कर दी। पिता के साथ मारपीट होती देख वह भी वहां पहुंच गया। जहां उसके सिर में धारदार हथियार मारकर उसे घायल कर दिया। पीड़ित लहूलुहान अवस्था में थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित से तहरीर लेने के बाद मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वरिष्ठ उप निरीक्षक कुमरेश त्यागी ने बताया की मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जा रही है।

### एनएसजी कमांडो की गोली लगने से मौत

लालकुआं(नैनीताल), अमृत विचार : बिंदुखत्ता निवासी एनएसजी कमांडो की दिल्ली में गोली लगने से मौत हो गई। गुरुवार को उसका अंतिम संस्कार होगा।

बिंदुखत्ता के खैरानी नंबर दो निवासी नरेंद्र सिंह भंडारी (30) एनएसजी कमांडो था। इन दिनों उसकी दिल्ली में पोस्टिंग थी। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक बीते रोज लगभग सांय 6-7 बजे दिल्ली में फायर ड्रिल के दौरान गोली लगने से नरेंद्र की मौत हो गई। एनएसजी दस्ता नरेंद्र के पार्थिव शरीर को दिल्ली से लेकर देर रात यहां पहुंचा। नरेंद्र पूर्व में कुमाऊं रेजिमेंट के अंतर्गत जम्मू कश्मीर में तैनात थे। बाद में उनका चयन कमांडो के लिए हो गया। आगामी 19 नवंबर को नरेंद्र की शादी लोहाघाट निवासी युवती से होनी थी। जिसके कार्ड भी बंट चुके हैं। नरेंद्र के पिता का दो वर्ष पूर्व निधन हो गया था।


ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी।

# भाकिसं ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : भारतीय किसान संघ ने मासिक पंचायत कर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपकर समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की।

बुधवार को गंगेश्वरी विकास खंड में भारतीय किसान संघ की मासिक पंचायत हुई। पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ने कहा कि किसानों का विद्युत विभाग द्वारा चेकिंग एवं बिल सही करने के नाम पर शोषण किया जा रहा है, जिसे तुरंत बंद कराया जाए। कहा कि प्रदेश की लगभग सभी चीनी मिल शुरू हो गई हैं, लेकिन शासन द्वारा अभी तक गन्ना मूल्य निर्धारण नहीं किया गया है। 500 रुपए प्रति क्विंटल गन्ने का मूल्य घोषित करें। पंचायत के बाद मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन बीडीओ गंगेश्वरी को सौंपा। बैठक में चन्द्र प्रकाश शर्मा, महिपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, डॉ. शिवचरण सिंह सैनी, अखिलेश शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष दिव्यांशु यादव, ब्लाक मन्त्री राजेश सैनी, राजेश कुमार शर्मा, नीरज सैनी आदि किसान मौजूद रहे।

### सूचना मांगना पड़ी भारी, मारपीट में तीन पर रिपोर्ट

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ग्राम पंचायत में प्रधान द्वारा कराए विकास कार्यों की आरटीआई द्वारा सूचना मांगना पीड़ित को भारी पड़ गया। शिकायतकर्ता ने प्रधान के पति पर उसके ससुर को मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया। इस मामले में ग्राम प्रधान के पति सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर खागुवाला निवासी कपिल कुमार पुत्र हरिराम ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके द्वारा ग्राम प्रधान द्वारा गांव में कराए जा रहे विकास कार्यों के बारे में आरटीआई द्वारा सूचना मांगी गई थी। आरोप है कि ग्राम प्रधान के पति साजिद मंसूरी, शहजाद मंसूरी, चिम्मी पुत्र मोहम्मद उमर द्वारा उसे गांव के पंचायत भवन पर बुलाया गया। आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की। विरोध पर उसके साथ आरोपियों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ठाकुरद्वारा मिल में आज पूजन , 9 से पेराई सत्र शुरू

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : त्रिवेणी चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक टीएस यादव के अनुसार गुरुवार को डोंगा पूजन होगा। साथ ही बुधवार से गन्ना क्रय केंद्रों पर तौल भी प्रारंभ हो जाएगी। मिल में पेराई सत्र 2024-25 का आरंभ 9 नवंबर को होगा। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किसान प्रतिनिधि मिल की चेन पर गन्ना डालकर आरंभ करेंगे। इस बीच मिल में सफाई के साथ कलपुर्जों को दुरुस्त किया जा रहा है।

### द्वारिकेश चीनी मिल ने केंद्र का किया उद्घाटन

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : तहसील के ग्राम सबलपुर में बुधवार को द्वारिकेश चीनी मिल के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने पहुंचकर गन्ना खरीद केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि किसान गन्ना क्रय केंद्र पर साफ सुथरा और रोग रहित गन्ना आपूर्ति करें। उनको चीनी मिल की तरफ से कोई समस्या नहीं होगी। किसानों का गन्ना भुगतान निर्धारित समय पर किया जाएगा। इस बीच महाप्रबंधक केन डॉ. रजनीश कुमार, सहायक महाप्रबंधक विजय प्रकाश, कुलवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, अवधेश कुमार, सत्यपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, अमर सिंह, नरेश कुमार, अनुज कुमार आदि मौजूद थे।


पंचायत में बोलते भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के पदाधिकारी।

# गन्ना क्रय केंद्रों पर न हो घटतौली

संवाददाता, नौगांवा सादात

अमृत विचार : तहसील नौगांवा सादात में बुधवार दोपहर एक बजे भाकियू लोकशक्ति की मासिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव डॉ. सुमित नागर ने और संचालन नरदेव सिंह ने किया।

बैठक में पंजाब नेशनल व भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधकों से कृषि ऋण समस्याओं के संबंध में वार्ता की। बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर से विद्युत समस्याओं के संबंध में वार्ता की और उप जिलाधिकारी बृजपाल सिंह को मुख्यमंत्री के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया जाए। सभी गन्ना क्रय केंद्रो पर और मिल गेट पर हो रही घटतौली पर अंकुश लगाया जाए। छुट्टा पशुओं को गोशाला पहुंचाया जाए। किसान सम्मान निधि सभी किसानों के खातों में भिजवाई जाए। इस अवसर पर मुजाहिद हुसैन, सुरेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, सर्वोत्तम शर्मा, भीष्म त्यागी, जुल्फिकार, दृष्टि, विजेंद्र सिंह, रामपाल सिंह, समीम अब्बासी, चंद्र किरण सिंह, ओमकार सैनी, मलखान सैनी, मकसूद अहमद, महेंद्र सिंह, उमेश, मुस्तफा सैफी आदि मौजूद रहे।

### फसल बर्बाद करने व मारपीट में दो पर रिपोर्ट

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : गन्ने की फसल की बुआई के लिए किसान द्वारा ट्रैक्टर से खोदी गूल को पड़ोसी किसान ने ट्रैक्टर से पाट दिया।

ग्राम मंडेया विजयरामपुर निवासी जयप्रकाश पुत्र निहाल सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह मंगलवार की सुबह अपने खेत मे गन्ने की बुआई कर रहा था। तभी गांव के ही संजीव पुत्र पतराम सिंह ट्रैक्टर लेकर उसके खेत में घुस गया और खेत को खुर्दबुर्द करने लगा। जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी दंपति ने उसके साथ मारपीट की। आरोप लगाया कि इस दौरान हथौड़े से वार कर उसे घायल कर दिया। बाद में लोगों को आता देख आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं, कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes January 2025 session in the following disciplines**

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
- Humanities and Journalism English
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Management

**Last Date of Receiving Application : 30th November, 2024**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## एक नजर

### एयरटेल ने गलवान, दौलत बेग ओल्डी में 4जी नेटवर्क शुरू किया

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने लद्दाख के सीमावर्ती शहर गलवान और दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) में अपना 4जी नेटवर्क शुरू किया है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, इसके साथ ही एयरटेल समुद्र तल से 16,700 फुट ऊपर सेवाएं देने वाली एकमात्र निजी दूरसंचार सेवा प्रदाता बन गई है। कंपनी ने कहा, भारती एयरटेल ने सीमावर्ती शहर गलवान और दौलत बेग ओल्डी में अपना नेटवर्क शुरू करने के लिए भारतीय सेना के साथ हाथ मिलाया है।

## मुरादाबाद मंडी

**दालें :** दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 950 फ्लैग– 1070 बोल्ड– 1120 डीएमओ– 850
**रामपुर :** शिवालिक–955 फ्लैग–1070 डीएमओ–820 बोल्ड–1135

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 81000 |
| चांदी आभूषण | 96000 |

# ट्रंप की जीत से सेंसेक्स 901 अंक चढ़ा

## निफ्टी में 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत की बढ़त, आईटी कंपनियों के शेयरों में तेजी

**मुंबई, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और फार्मा शेयरों में भारी लिवाली से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 901 अंक चढ़कर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स ने दूसरे दिन भी बढ़त जारी रखी और यह 901.50 अंक या 1.13 प्रतिशत बढ़कर 80,378.13 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सूचकांक 1,093.1 अंक या 1.37 प्रतिशत बढ़कर 80,569.73 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 24,484.05 अंक पर बंद हुआ।

• टाइटन इंडसइंड बैंक हिंदुस्तान यूनिलीवर एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट



सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर टाइटन, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी चुनाव के नतीजों के बाद वैश्विक बाजारों में राहत भरी तेजी देखी गई। ट्रंप के मजबूत जनादेश के साथ राजनीतिक अनिश्चितता कम हुई है। इससे कर कटौती और सरकारी खर्च में वृद्धि की संभावना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में आईटी खर्च बढ़ने की उम्मीद के कारण घरेलू सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में लाभ रहा। नायर ने कहा, आईटी कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों के अनुसार अमेरिका में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र में खर्च बढ़ा है।

### क्रिप्टो में तेजी, बिटकॉइन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत क्रिप्टोकरेंसी के लिए वरदान साबित हुई और बिटकॉइन की कीमत बुधवार को नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। बिटकॉइन में शुरुआती कारोबार में करीब आठ प्रतिशत का उछाल आया और यह 75,000 डॉलर को पार कर गया। इस तरह इसने मार्च में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में भी उछाल आया और दुनिया की दूसरी सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी ईथर में आठ प्रतिशत की तेजी आई।

# जीडीपी वृद्धि पर आंकड़े मिले-जुले : शक्तिकांत दास

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि पर आने वाले आंकड़े मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक कारक नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं। दास ने बिजनेस स्टैंडर्ड के वार्षिक बीएफएसआई कार्यक्रम में कहा कि अंतर्निहित आर्थिक गतिविधियां कुल मिलाकर मजबूत बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, जो आंकड़े आ रहे हैं, वे मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक पहलू नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं और कुल मिलाकर अंतर्निहित गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं।

कई विश्लेषक वृद्धि के बारे में चिंता जता रहे हैं। ऐसा खासकर आधिकारिक आंकड़ों के आने के बाद हुआ, जब वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वृद्धि दर 15 तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) हालांकि 2024-25 के लिए 7.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि के अपने अनुमान पर कायम है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि यह सात प्रतिशत से कम रहेगी। दास ने कहा कि आरबीआई अपने अनुमान पर पहुंचने के लिए 70 से अधिक उच्च आवृत्ति वाले संकेतकों पर नजर रखता है।



• भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा- नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं सकारात्मक कारक

# मेड इन इंडिया अल्ट्रासाउंड मशीनों का विनिर्माण शुरू

**नई दिल्ली।** मेडिकल इमेजिंग जैसे अल्ट्रासाउंड, डेडिकेटेड मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग और स्वास्थ्य सेवा के लिए सूचना प्रौद्योगिकी में अग्रणी इटालियन इनोवेटर इसाउटे ग्रुप ने नोएडा में एक नए विनिर्माण स्थल के साथ भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए मेड इन इंडिया अल्ट्रासाउंड मशीनों का विनिर्माण शुरू करने की घोषणा की है। इटालियन कंपनी की सहायक कंपनी इसाउटे एशिया पैसिफिक डायग्नोस्टिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यह विनिर्माण किया जा रहा है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नया इसाउटे विनिर्माण स्थल मेड इन इंडिया के तहत उन्नत अल्ट्रासाउंड श्रृंखला की कंप्लीट सीरीज- माई लैब ए, माई लैब ई-सीरीज और कॉम्पैक्ट पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड का उत्पादन करेगा।

# भारत में भी इलेक्ट्रिक वाहन लाने की तैयारी कर रही है स्कोडा

**मुंबई।** प्रीमियम वाहन विनिर्माता स्कोडा ऑटो भारतीय बाजार में अपना कारोबार बढ़ाने की रणनीति के तहत यहां इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उतारने की योजना बना रही है। स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीयूष अरोड़ा ने यहां कॉम्पैक्ट एसयूवी काइलक को पेश किए जाने के मौके पर अपनी भावी योजनाओं के बारे में चर्चा की। अरोड़ा ने खास बातचीत में कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार है और स्कोडा इसे अपने कारोबार के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानती है।

# रूबिकॉन रिसर्च सहित चार कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फार्मा कंपनी रूबिकॉन रिसर्च और टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज समेत चार कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये सामूहिक रूप से कम से कम 3,000 करोड़ रुपये जुटाने को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल गई है।

सेबी द्वारा बुधवार को जारी अपडेट' के अनुसार, आईपीओ लाने की मंजूरी पाने वाली दो अन्य कंपनियां- सनातन टेक्सटाइल्स और वाहन कलपुर्जा विनिर्माता मेटलमैन ऑटो हैं। इस बीच, सितंबर में अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल करने वाली बीएमडब्ल्यू वेंचर्स ने 28 अक्टूबर को दस्तावेज वापस ले लिए। इसमें कहा गया है कि चार कंपनियों - रूबिकॉन रिसर्च, साई लाइफ साइंसेज, सनातन टेक्सटाइल्स और मेटलमैन ऑटो ने जुलाई और अगस्त के दौरान सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। इन कंपनियों को 31 अक्टूबर को सेबी का निष्कर्ष मिला। किसी भी कंपनी को आईपीओ लाने के लिए सेबी का निष्कर्ष जरूरी होता है। आरंभिक दस्तावेजों के अनुसार, रूबीकॉन रिसर्च के 1,085 करोड़ रुपये के आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और प्रवर्तक जनरल अटलांटिक सिंगापुर आरआर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 585 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी।

• रूबीकॉन रिसर्च के आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे

# इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार बढ़ाने की योजना बना रही हीरो मोटोकॉर्प

**मिलान (इटली)।** दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रही है और अगले कुछ महीनों में किफायती मॉडल पेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी अगले साल ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन और इटली जैसे बाजारों में उतरना चाहती है। हीरो मोटोकॉर्प के सीईओ निरंजन गुप्ता ने ईआईसीएमए के मौके पर पीटीआई-भाषा से अलग से बातचीत में कहा, हम अधिक किफायती खंड में भी उत्पाद उतारेंगे।

# सैजिलिटी इंडिया के आईपीओ को 52 प्रतिशत अभिदान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवाएं प्रदान करने वाली सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बुधवार तक दो दिन में 52 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, आरंभिक शेयर बिक्री के लिए पेश 38,70,64,594 शेयरों के मुकाबले 20,09,58,500 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों की श्रेणी को 2.24 गुना अभिदान मिला, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के कोटा को 24 प्रतिशत अभिदान मिला।

• बिक्री के लिए पेश 38,70,64,594 शेयरों के मुकाबले 20,09,58,500 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं

पात्र संस्थागत निवेशकों के खंड को सात प्रतिशत अभिदान मिला। सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड ने एंकर (बड़े) निवेशकों से 945 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं। कंपनी ने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 28-30 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यह निर्गम सात नवंबर तक खुला रहेगा।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### महाराष्ट्र : भाजपा से 40 पदाधिकारी निष्कासित

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र ईकाई ने राज्य में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी विरोधी गतिविधियों में कथित तौर पर संलिप्त स्थानीय स्तर के 40 पदाधिकारियों को बुधवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया। भाजपा के प्रवक्ता ने बताया कि जिन लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है उनमें वे बागी भी शामिल हैं जिन्होंने पार्टी या सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के उम्मीदवारों के खिलाफ नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि बागियों का समर्थन करने पर अन्य लोगों पर कार्रवाई की गई है। भाजपा द्वारा निष्कासित किए गए पदाधिकारियों में पार्टी के नेता श्रीकांत भरतिया के भाई तुषार भरतिया भी शामिल हैं। वह बडनेरा विधानसभा सीट से बागी उम्मीदवार हैं।

### पोर्श दुर्घटना : किशोर के दोस्त के पिता का आत्मसमर्पण

**पुणे।** इस वर्ष मई महीने में पुणे में हुई पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर चालक के दोस्त के पिता ने बुधवार को यहां एक अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। च्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अरुण कुमार देवनाथ सिंह को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। सिंह का बेटा कल्याणीनगर इलाके में हुई दुर्घटना के समय कथित तौर पर कार में मौजूद था। आरोप है कि सिंह ने अपने बेटे के रक्त के नमूने बदल दिए ताकि तथ्य छिपाया जा सके कि उसका बेटा दुर्घटना के समय नाबालिग चालक के साथ नशे में था।

### आज नौसेना अभियानों का अवलोकन करेंगी राष्ट्रपति

**पणजी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को गोवा तट पर स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार होकर नौसेना के अभियानों को देखेंगी। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी आईएनएस हंस (गोवा स्थित नौसेना वायु अड्डा) पर मुर्मू की अगवानी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राष्ट्रपति के सम्मान में 150 जवानों द्वारा औपचारिक सलामी गारद दी जाएगी।

# बजरंग बली पसंद नहीं तो जो पसंद हैं, वे वहीं जाएं

## महाराष्ट्र पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूछा- आखिर भारत में कौन है, जो राम व बजरंग बली को नहीं मानता

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को महाराष्ट्र के चुनावी दौरे पर रहे। वहां अमरावती की एक जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने जहां महाअघाड़ी को महाअनाड़ी गठबंधन बताया वहीं, यह भी कहा कि नवनीत राणा यहां हनुमान चालीसा के लिए भी संघर्ष कर रही थीं। त्रेतायुग में जब बजरंग बली रहे होंगे, तब इस्लाम नाम की वस्तु ही नहीं रही होगी। उन्होंने कहा कि किन कारणों से रामनवमी की शोभायात्रा निकालने और हनुमान चालीसा पढ़ने से रोका जाता है। जिन्हें बजरंग बली पसंद नहीं है, उन्हें जो पसंद हैं, वे वहीं जाएं। आखिर भारत में कौन भारतीय है, जो राम व बजरंग बली को नहीं मानता है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अमरावती, महाराष्ट्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए। • एजेंसी

मुख्यमंत्री सूचना परिसर लखनऊ से साझा की गई खबर के मुताबिक, योगी ने वहां कहा कि चुनाव में दो महागठबंधन लड़ रहे हैं। एक तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा, शिवसेना व एनसीपी का महायुति गठबंधन है तो दूसरी तरफ महाअघाड़ी के रूप में महाअनाड़ी गठबंधन है। योगी के अनुसार, महाअनाड़ी गठबंधन भारत और भारतीयता के सम्मान व स्वाभिमान के साथ खेलने वाला है। कांग्रेस और एनसीपी के लोग कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं। राम का विरोध करने वालों को भी अब राम याद आने लग गए।

### अब तो मौलवी भी राम-राम कह रहेः योगी

चुनावी जनसभा में योगी ने बताया कि वे जम्मू-कश्मीर चुनाव में जम्मू एयरपोर्ट पर उतरे तो एक मौलवी ने राम-राम किया, मैं समझा नहीं, फिर उसने कहा कि योगी जी राम-राम। यह देख एयरपोर्ट के अधिकारी भौचक हुए तो मैंने कहा कि आश्चर्य न कीजिए, यह धारा-370 हटने का इफेक्ट है।

### वे पाकिस्तान व फिलीस्तीन के लिए आंसू बहाते हैं

योगी ने कहा कि भारत में जब भी पर्व-त्योहार या शोभायात्रा निकलती है तो कुछ लोग गर्व व श्रद्धा की बजाय पाकिस्तान का झंडा लहराते दिखाई देते हैं। भारत की चिंता करने की बजाय पाकिस्तान व फिलीस्तीन के लिए घड़ियाली आंसू बहाते हैं। भारत के अंदर हमारे लिए सिर्फ राष्ट्रधर्म होना चाहिए। योगी ने यह भी कहा कि जब भी देश में संकट आता है तो कांग्रेस के नेता बाहर जाकर पिकनिक मनाते हैं। संकट के समय राहुल गांधी भारत में नहीं, इटली में होते हैं।

# महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों में कोई विचारधारा नहीं बची

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों पर आरोप लगाया कि उनमें कोई विचारधारा नहीं बची है। साथ ही कहा कि विभाजनकारी राजनीति करने वाले लोग उन्हें सांप्रदायिक करार दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह देश सभी समुदायों का समान रूप से है - चाहे वे पगड़ी या टोपी पहनते हों या वे जो माथे पर तिलक लगाते हों।

तेलंगाना के एआईएमआईएम विधायक ओवैसी यहां अमखास मैदान में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों इम्तियाज जलील और नसीर सिद्दीकी के लिए प्रचार करने के वास्ते आयोजित एक सार्वजनिक रैली को संबोधित कर रहे थे। जलील 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व से जबकि सिद्दीकी औरंगाबाद मध्य से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी (एआईएमआईएम) मुस्लिम, दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और मराठों की आवाज उठाती है। मैं भड़काऊ भाषण नहीं देता। जो लोग 'बंटोगे तो कटोगे' की बात करते हैं, वे मुझे सांप्रदायिक कहते हैं।



• अकबरुद्दीन ओवैसी का महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों पर आरोप

# सिद्धरमैया से लोकायुक्त पुलिस ने पूछताछ की

**मैसुरु (कर्नाटक), एजेंसी**

मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) स्थल आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को मैसुरु में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सिद्धरमैया पूछताछ के लिए जारी समन के जवाब में यहां लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए और लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) टी. जे. उदेश के नेतृत्व में एक टीम के सवालों का जवाब दिया।

लोकायुक्त अधिकारी ने कहा, पूछताछ करीब दो घंटे तक चली। लोकायुक्त पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोपी संख्या एक के रूप में नामित मुख्यमंत्री एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी पार्वती बी. एम. को 14 स्थलों का आवंटन किए जाने में अनियमितताओं के आरोपों का सामना कर रहे हैं।



• एमयूडीए स्थल आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए

# सिद्दीकी हत्याकांड के चश्मदीद गवाह को मिली धमकी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के चश्मदीद को एक व्यक्ति ने धमकी भरा फोन कर पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी है। इकबाल शेख बाबा सिद्दीकी के कार्यालय में काम करता था और जब वरिष्ठ नेता की गोली मारकर हत्या की गयी, तब वह वहां मौजूद था। एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे फोन करके धमकी दी। उसने खार थाने में शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और कहा है कि प्रथम दृष्टया उन्हें घटना में कुछ स्थानीय लोगों के शामिल होने का संदेह है।

# संविधान की लाल प्रति पर भिड़ीं भाजपा-कांग्रेस

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में लाल रंग की संविधान की प्रति सियासी विवाद का विषय बन गई है, जो कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अकसर अपने साथ लेकर चलते हैं। भाजपा ने इस मामले पर बुधवार को गांधी पर निशाना साधते हुए पूछा कि वह क्या संदेश देना चाहते हैं जबकि कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में लाल रंग शुभ माना जाता है।

गांधी ने 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के सिलसिले में बुधवार को कांग्रेस-राकांपा (एसपी)-शिवसेना (यूबीटी) के विपक्षी गठबंधन के लिए प्रचार किया। वह नागपुर में संविधान सम्मान सम्मेलन में लाल कवर वाली संविधान की एक प्रति लेकर गए थे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने सांगली जिले में चुनावी रैली के दौरान सवाल किया, भारत के संविधान की लाल प्रति दिखाकर राहुल गांधी क्या संदेश देना चाहते हैं? उन्होंने कांग्रेस नेता पर अराजकतावादियों का गठबंधन बनाने का आरोप लगाया। राजनीति में लाल रंग को अक्सर मार्क्सवादी या साम्यवादी विचारधारा से जोड़ा जाता है। फडनवीस को जवाब देते हुए, कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि भाजपा नागपुर में अपने गढ़ के पास गांधी के कार्यक्रम से घबरा गई है।



• कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अकसर अपने साथ लेकर चलते हैं लाल रंग की संविधान की प्रति

### राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे पर सीबीआई जांच शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय को बुधवार को यह जानकारी दी गई कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई की जा रही जनहित याचिका पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता की सीबीआई जांच शुरू की गई है। याचिकाकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के कार्यकर्ता ने जब कहा कि उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की थी, मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने कहा कि पीठ कोई विरोधाभासी आदेश पारित करना नहीं चाहती।

# पड़ोसी की बेटी को कार में भूला लांस नायक, मौत

**मेरठ, एजेंसी**

कार में दम घुटने से तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। सेना में तैनात लांस नायक पड़ोसी जवान की 3 साल की बच्ची को कार में घुमाने ले गया। रास्ते में बच्ची को कार में लॉक कर दोस्तों के साथ शराब पार्टी करने चला गया। लांस नायक को बच्ची के बारे में याद नहीं रहा। 4 घंटे तक बच्ची कार में लॉक रही, दम घुटने से तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। मंगलवार को पिता ने कंकरखेड़ा थाने में लांस नायक के खिलाफ बेटी की गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई, तो मामले का खुलासा हुआ। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया- आरोपी लांस नायक नरेश को गिरफ्तार कर लिया गया।

• तीन साल की बच्ची को कार में घुमाने के लिए लाया था, कार लॉक करके पार्टी करने चला गया

**हरियाणा के आर्मी जवान की बेटी थी :** हरियाणा में जींद सदर थाना के निडानी गांव के सोमबीर पुनिया सेना में सिपाही हैं। सोमबीर मेरठ में आर्म्ड यूनिट में तैनात हैं। वे कंकरखेड़ा के फाजलपुर की राजेश एनक्लेव आर्मी कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी रितु, 6 माह की बेटी भावी और 3 साल की वर्तिका थी। मंगलवार को सोमबीर कंकरखेड़ा थाने पहुंचे। पुलिस को बताया कि 30 अक्टूबर को बेटी वर्तिका घर के बाहर खेल रही थी। क्वॉर्टर के ऊपर रहने वाला लांस नायक हिमाचल प्रदेश निवासी नरेश बेटी को गाड़ी में घुमाने के लिए ले गया। नरेश बच्ची को लेकर रोहटा रोड पहुंचा, उसे गाड़ी में छोड़कर दोस्तों के साथ शराब पार्टी करने चला गया। चार घंटे तक बच्ची घर नहीं आयी तो नरेश को फोन कर पूछा गया तो उसने बताया कि बच्ची तो कार में है। इसके बाद बच्ची के घरवाले मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कार खोलकर देखा तो बच्ची बेदम पड़ी थी। अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बच्ची के रिश्तेदार कृष्ण ने बताया- सुबह 10.15 बजे जवान बच्ची को लेकर आर्मी कॉलोनी से निकला। उसे 2 बजे तक बच्ची के कार में होने की बात याद नहीं रही। अगर समय से बच्ची को कार से निकाल लिया गया होता तो बच जाती।

# अभिषेक बनर्जी बंगाल के अगले मुख्यमंत्री हो सकते हैंः तृणमूल नेता

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने बुधवार को संकेत दिए कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल के अगले मुख्यमंत्री हो सकते हैं। विपक्षी दलों ने घोष के इस बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी और सत्तारूढ़ दल पर वंशवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया। घोष ने फेसबुक पोस्ट में कहा, अभिषेक बनर्जी ने कम उम्र में अपनी नेतृत्व क्षमता साबित कर दी है।

# त्योहारों में शांति सुनिश्चित करें : कलकत्ता हाईकोर्ट

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया कि त्योहारी सीजन के दौरान राज्य के सभी इलाकों में शांति बनी रहे। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि लोग बिना किसी व्यवधान के, पूरे हर्षोल्लास के साथ, त्योहारों का जश्न मनाएं।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि काली पूजा के एक दिन बाद कोलकाता के राजाबाजार और नारकेलडांगा में भीड़ ने कुछ वर्गों के लोगों पर हमला किया, जिससे इलाके में तनाव फैल गया।

# आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे ऋषभ

दुबई, एजेंसी



भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने मुंबई टेस्ट के दौरान दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं, हालांकि भारत तीसरे और अंतिम टेस्ट में हार से शृंखला 0-3 से गंवा बैठा।

इस प्रदर्शन से पंत को रैंकिंग में फायदा हुआ जो संकेत है कि वह गंभीर कार दुर्घटना के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। अब यह बायें हाथ का बल्लेबाज जुलाई 2022 में रैंकिंग में हासिल किए गए अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान से महज एक कदम पीछे है। शीर्ष टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाजों में बायें हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी मौजूद हैं जो एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड ने मुंबई में 25 रन की करीबी जीत से शृंखला में वाइटवाश किया जिससे शीर्ष 10 टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत और दौरा करने वाली टीम के डेरिल मिचेल को फायदा हुआ। मिचेल आठ पायदान की छलांग से सातवें स्थान पर पहुंच गए, उन्होंने मुंबई टेस्ट में भारत के खिलाफ पहली पारी में 82 रन की पारी खेली जिससे वह टीम के साथी केन विलियमसन (दूसरे स्थान) के साथ शामिल हो गये जो न्यूजीलैंड के शीर्ष 10 में मौजूद एकमात्र खिलाड़ी थे।

इंग्लैंड के दायें हाथ के बल्लेबाज जो रूट ने सूची में शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है जिसमें विलियमसन, हैरी ब्रुक (तीसरे), जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) उनके लिए चुनौती हैं।

### गेंदबाजी रैंकिंग में जडेजा छठे स्थान पर पहुंचे

भारत के शुभमन गिल ने मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की पारी खेली जिससे वह चार पायदान के लाभ से 16वें स्थान पर पहुंचे जबकि न्यूजीलैंड के प्लेयर ऑफ द सीरीज विल यंग 29 पायदान की उछाल से 44वें स्थान पर काबिज होने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 विकेट लेने से टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंचे जिससे वह रविचंद्रन अश्विन से एक स्थान पीछे हैं। कागिसो रबाडा शीर्ष रैंकिंग पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस से आगे दूसरे स्थान पर हैं। वहीं टीम साथी वाशिंगटन सुंदर टेस्ट गेंदबाजों में सात पायदान के लाभ से 46वें स्थान पर पहुंच गये। न्यूजीलैंड के स्पिन जोड़ीदार एजाज पटेल (12 पायदान के फायदे) और ईश सोढी (तीन पायदान के फायदे) क्रमश: 22वें और 70वें स्थान पर बने हुए हैं।

# डेविस कप कोच आशुतोष सिंह को 16 साल के मानस धामने से काफी उम्मीदें

नई दिल्ली, एजेंसी



• कोच बोले भविष्य के लिए अहम खिलाड़ी हो सकते है मानस

जीशान अली की जगह नये डेविस कप कोच बने आशुतोष सिंह को उम्मीद है कि मानस धामने अपनी कड़ी मेहनत और शानदार जज्बे की बदौलत भारतीय टेनिस के लिए भविष्य में अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। आशुतोष ने स्टॉकहोम में मालेगांव के इस युवा खिलाड़ी को देखा जहां भारत ने स्वीडन के खिलाफ डेविस कप ग्रुप एक मुकाबले में हिस्सा लिया था। हालांकि 16 वर्षीय धामने को कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन वह एक अन्य युवा खिलाड़ी आर्यन शाह के साथ स्टॉकहोम गई टीम का हिस्सा थे।

भारत को मेजबान टीम के हाथों 0-4 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कोच आशुतोष ने स्वीडन में हुए इस निराशाजनक प्रदर्शन में सकारात्मक पहलू देखा। पूर्व डेविस कप खिलाड़ी बलराम सिंह के बेटे आशुतोष ने कहा मानस एक मेहनती खिलाड़ी है। कोर्ट पर वह सिर्फ आंखों से संपर्क बनाता है और ओके करता है। उसके पास एकल में भारत के मिस्टर डिपेंडेबल बनने की क्षमता है जिसकी तलाश भारतीय टेनिस को लंबे समय से है। निश्चित रूप से अभी बहुत लंबा सफर तय करना है। लेकिन वह जिस रास्ते पर चल रहा है और उसके मेहनती दृष्टिकोण से यह संभव लगता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि मानस सिर्फ 16 साल का है और उसे अपने कार्यभार प्रबंधन के कुछ पहलुओं में सतर्कता बरतते हुए निगरानी की जरूरत है। लेकिन वह इटली में अपने ट्रेनिंग बेस में सही ट्रेनिंग ले रहा है। भारत के पास शीर्ष-100 में केवल एक खिलाड़ी सुमित नागल (83) है। उनके बाद रामकुमार रामनाथन हैं जो 309वें नंबर पर हैं।

## खेल डायरी

### किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**इसकान सिटी (कोरिया)।** भारत के किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में वियतनाम के कुआन लिन कुओ को तीन गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के चौबीस साल के किरण ने इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम के खिलाड़ी के खिलाफ 57 मिनट में 15-21, 21-12, 21-15 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय और दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी किरण दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ची यू जेन से भिड़ेंगे। किरण ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की जिसका फायदा उठाकर किन कुओ ने 11-4 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से पहला गेम जीत लिया। किरण ने 0-1 से पिछड़ने के बाद दूसरे गेम की शुरुआत लगातार छह अंक के साथ और फिर दूसरा गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर किया।

### घरेलू वनडे और टी-20 में असलंका करेंगे कप्तानी

**कोलंबो।** चरिथ असलंका न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका टीम की कप्तानी करेंगे। श्रीलंका ने हाल ही में भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी खिलाड़ियों को भी दोनों प्रारूपों के लिए टीम में जगह दी है। नौ और 10 नवंबर को दो टी-20 मैच खेले जाएंगे। वहीं 13, 17 और 19 नवंबर को एकदिवसीय मैच होंगे। पहले तीन मैच रांगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तथा अंतिम दो एकदिवसीय मैच पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। श्रीलंका की वनडे टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), पथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो, कुसल परेरा, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, सदीरा समरविक्रमा, निशान मदुश्का, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाणा, जेफरी वांडरसे, चामिदु विक्रमसिंघे, असिथा फर्नांडो, मदुशंका और शिराज होंगे। श्रीलंका की टी-20 टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), निसंका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, कामिंदु, चंडीमल, अविष्का, भानुका, हसरंगा, थीक्षाना, डुनिथ, जेफरी वांडरसे, चामिदु, नुवान, पथिराना, बिनुरा और असिथा फर्नांडो को रखा गया है।

### पाकिस्तान के खिलाफ जोश होंगे ऑस्ट्रेलिया के कप्तान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने जोश इंग्लिस को पाकिस्तान के खिलाफ सफेद गेंद घरेलू सीरीज के लिए टीम का नया कप्तान बनाया हैं। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बुधवार को कहा जोश एकदिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीमों का अभिन्न सदस्य है और मैदान के अंदर और बाहर एक बेहद सम्मानित खिलाड़ी है। बेली ने कहा वह पहले भी ऑस्ट्रेलिया ए टीम का नेतृत्व कर चुके है और उनको मैट शॉर्ट और एडम जम्पा जैसे खिलाड़ियों के साथ-साथ ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों से भी भरपूर समर्थन मिलेगा। इंग्लिस के प्रमोशन से टेस्ट कप्तान पैट कमिंस और साथी रेड-बॉल सितारे मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ पाकिस्तान के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज के अंतिम मैच से बाहर रहेंगे। वहीं तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन और जेवियर बार्टलेट को विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप और एक अन्य तेज गेंदबाज लांस मॉरिस के साथ टीम में जगह दी गई है। पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की शृंखला का पहला मैच दो विकेट से जीत चुका है।

### डेविड वार्नर सिडनी थंडर के कप्तान नियुक्त

**सिडनी।** डेविड वार्नर को बुधवार को बिग बैश लीग की टीम सिडनी थंडर का कप्तान नियुक्त किया गया। यह छह साल बाद पहला अवसर होगा जबकि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज स्वदेश में किसी टीम का नेतृत्व करेगा। दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के विवाद के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वॉर्नर की कप्तानी पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि पिछले महीने यह प्रतिबंध हटा दिया था जिससे उनका सिडनी थंडर की कप्तानी करने का रास्ता साफ हो गया था। वार्नर ने जून में वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने कहा कि फिर से थंडर की कप्तानी मिलना उनके लिए काफी मायने रखती है। इस सत्र में फिर से थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए काफी मायने रखती है। मैं शुरू से इस टीम का हिस्सा रहा हूं और फिर से मेरे नाम के आगे कप्तान लिखा जाना शानदार है।

# ऑस्ट्रेलिया 3-1 से जीत सकती है : रिकी

## पोंटिंग ने की भविष्यवाणी- श्रृंखला में शमी के बिना भारत के लिए 20 विकेट लेना चुनौती

दुबई, एजेंसी

पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया बोर्डर-गावस्कर 3-1 से जीतेगा क्योंकि मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में मेहमान टीम के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट चटकाना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

ऑस्ट्रेलिया की नजरें बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी हैं। भारत ने 2014-15 से सभी चार श्रृंखलाएं जीती हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में हुई श्रृंखलाएं भी शामिल है। भारत को हालांकि पिछली टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार अपनी सरजमीं पर 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा जिसके बाद पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास मेहमान टीम को हराने का बेहतर मौका है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो पर ऑस्ट्रेलिया की संभावनाओं के बारे में कहा संभवतः अब पहले ही तुलना मे बेहतर है। शमी चोटों के कारण पिछले साल नवंबर से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेले हैं और पोंटिंग का मानना है कि उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह,



मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और पदार्पण का इंतजार कर रहे हर्षित राणा की मौजूदगी वाले भारत के गेंदबाजी आक्रमण में कमी नजर आती है।

पोंटिंग ने कहा शमी की अनुपस्थिति में गेंदबाजी समूह में बहुत बड़ा अंतर आ गया है। उस समय (अगस्त में) कुछ अटकलें लगाई जा रही थीं कि शमी फिट होंगे या नहीं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि भारत के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट लेना सबसे बड़ी चुनौती होगी। मुझे लगता है कि वे मौजूदा बल्लेबाजों के साथ यहां अच्छी बल्लेबाजी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की एक अधिक स्थिर टीम के रूप में प्रशंसा करते हुए पोंटिंग 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली श्रृंखला में भारत को पूरी तरह से कमजोर नहीं मानते। पोंटिंग ने भविष्यवाणी की मुझे लगता है कि भारत पांच टेस्ट मैचों में से किसी एक टेस्ट मैच में जीतेगा। लेकिन मुझे अब भी लगता है कि ऑस्ट्रेलिया शायद थोड़ा अधिक स्थिर, थोड़ा अधिक अनुभवी है और हम जानते हैं कि उन्हें घर पर हराना बहुत मुश्किल है। इसलिए मैं 3-1 के साथ जाऊंगा।

### पंत बना सकते हैं सबसे ज्यादा रन

पोंटिंग को लगता है कि अनुभवी स्टीव स्मिथ या तेजतर्रार ऋषभ पंत में से कोई एक पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी होगा। उन्होंने कहा सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में मैं स्टीव स्मिथ या ऋषभ पंत को चुनूंगा। मुझे लगता है कि स्मिथ, यह तथ्य कि वह सलामी बल्लेबाज से नंबर चार पर वापस आ गया है, शायद उसके पास साबित करने के लिए और भी बहुत कुछ है... कि शायद उसे पारी का आगाज करने के लिए भेजा ही नहीं जाना चाहिए था और नंबर चार उसका स्थान है और जहां उसे संभवत: पूरे समय रहना चाहिए था और जहां वह संभवत: अपना करियर खत्म करेगा। पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस से अधिक विकेट जोश हेजलवुड चटकाएंगे। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों में से हेजलवुड इस समय अन्य गेंदबाजों की तुलना में अपनी क्षमता के चरम पर हैं। इसलिए मैं उन्हें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में चुनूंगा।

# इगा को हराकर डब्ल्यूटीए के सेमीफाइनल में गॉफ



मैच के दौरान शॉट लगातीं स्वियाटेक >>

**रियाद।** अमेरिका की महिला टेनिस स्टार कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं।

ऑरेंज ग्रुप एकल के दूसरे दौर के मंगलवार को हुए मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट में 3-3 तक सर्विस बरकरार रखी। इसके बाद गॉफ ने लगातार दो बार स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर पहला सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने पहले आठ गेम में दो बार एक दूसरे की सर्विस तोड़ी और स्कोर 4-4 पर पहुंच गया। इसके बाद गॉफ ने एक बार फिर स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर यह सेट 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के बाद गॉफ ने कहा आज यह निश्चित रूप से मेरे लिए एक अच्छा मैच था। आप जानते हैं कि इगा के साथ खेलना मेरे लिए कठिन है, लेकिन मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं पूरा मैच में खेलने में कामयाब रही। वहीं एक अन्य मैच में चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिकी जेसिका पेगुला को एक घंटे और 9 मिनट चले मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराया।

# साक्षी मलिक ने मोदी व मांडविया से की कुश्ती बचाने की अपील

**चंडीगढ़।** पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से कुश्ती का भविष्य बचाने की अपील की।

मलिक ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रधानमंत्री और खेल मंत्री को संबोधित करते हुये जारी वीडियो सन्देश में कहा पिछले साल कुश्ती फेडरेशन के चुनाव हुये। उसके दूसरे ही दिन ब्रजभूषण की बेहूदगी और दबदबे को आपने और पूरे देश ने देखा, जिससे दुखी होकर और बड़े परेशान मन से मुझे अपनी कुश्ती को त्यागना पड़ा। साक्षी ने कहा मैं उन बच्चों की मजबूरियां समझ सकती हूं, उनका पूरा करिअर उनके आगे है।

# रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी की बड़ी हार

मिलान, एजेंसी

यूरोप की चोटी की टीमों रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी दोनों को चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड को एसी मिलान ने अपने घरेलू मैदान पर 3-1 से हरा दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी को एर्लिंग हालैंड की पेनल्टी में चूक महंगी पड़ी और चौथे मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद उसे पुर्तगाल की टीम स्पोर्टिंग लिस्बन में 4-1 से हार झेलनी पड़ी।

लिवरपूल के लिए यह शानदार दिन था जिसने लुइस डियाज की हैट्रिक और कोडी गाकपो गोल की मदद से एनफील्ड में खेले गए मैच में जर्मन चैंपियन बायर लेवरकुसेन पर



गोल दागने के बाद जश्न मनाती मैनचेस्टर सिटी की टीम।

**15** बार के चैंपियन का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी लिवरपूल की शानदार जीत

4-0 से जीत दर्ज की। लिवरपूल चार मैचों में चार जीत के साथ लीग चरण तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद स्पोर्टिंग और मोनाको का नंबर आता है जिनके तीन जीत और एक ड्रॉ के बाद समान 10 अंक हैं।

15 बार के चैंपियन रियल मैड्रिड का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह अपने दूसरे मैच में लिली से हार गया था। मलिक थियाव ने 12वें मिनट में मिलान को बढ़त दिला दी थी। विनीसियस जूनियर ने 23वें मिनट में पेनल्टी पर बराबरी का गोल किया। इसके बाद अल्वारो मोराटा और तिजानी रिजेंडर्स ने मिलान के लिए गोल किए।

### रोनाल्डो के गोल से अल नासर की बड़ी जीत

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। इस बीच जापान के विसेल कोबे ने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू एफसी पर 2-0 से जीत से अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल कर लिया।

# रित्विक-केब्रल ने किया उलटफेर

**मेट्ज (फ्रांस)।** भारत के रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और उनके जोड़ीदार फ्रांसिस्को केब्रल ने बुधवार को यहां मोसेले ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सेंटियागो गोंजालेज और एडवर्ड रोजर वेसलीन की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारत और पुर्तगाल की गैर वरीय जोड़ी ने मैक्सिको के गोंजालेज और फ्रांस के रोजर वेसलीन की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में हराया। हैदराबाद के रित्विक ने एटीपी टूर पर पहली बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। रित्विक और केब्रल अगले दौर में मैनुएल गुइनार्ड और ग्रेगोएर जैक तथा पियरे ह्यजेस हर्बर्ट और अल्बानो ओलिवेटी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

# थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि फिल्म थामा उनके करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट है। मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में अपनी ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की नई फिल्म थामा की घोषणा की है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म थामा दिवाली 2025 पर रिलीज होगी और यह फिल्म निर्माता दिनेश विजन के साथ आयुष्मान की बाला के बाद दूसरी फिल्म है। बाला ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। आयुष्मान ने कहा मुझे खुशी है कि दिनेश विजन को लगता है कि यह मेरे लिए उनके ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में शामिल होने का सही समय है। स्त्री 2 के बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी फिल्म बनने के बाद मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूं। मुझे यकीन है कि यह एक ऐसा सिनेमाई अनुभव होगा जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे। दिनेश ने इस यूनिवर्स को जिस तरह से बनाया है, वह काबिले तारीफ है।

# पुष्पा 2: द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 : द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर रिकॉर्ड बना दिया है। पुष्पा 2 : द रूल फास्टेस्ट इंडियन फिल्म बन गई है, जो यूनाइटेड स्टेट में 15000 से ज्यादा टिकट्स बेच चुकी है। वर्ष 2021 की ब्लॉकबस्टर पुष्पा : द राइज का मच अवेटेड सीक्वल दुनिया भर में फैंस के बीच बहुत एक्साइटमेंट पैदा कर रहा है। इसका प्रीमियर 04 दिसंबर को होने वाला है और वर्ल्डवाइड रिलीज 05 दिसंबर होगी। मेकर्स ने घोषणा के साथ एक नया पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, एक-एक करके रिकॉर्ड तोड़ते हुए #पुष्पा2दरूलबनी अमेरिका में सबसे तेजी से 15 हजार से ज्यादा टिकट बेचने वाली भारतीय फिल्म यूएसएप्रीमियर 4 दि संबर को 5 दिसंबर, 2024 को वर्ल्ड वाइड ग्रैंड रिलीज होगा। पुष्पा 2 : द रूल साल में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है और इसे मैश्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, जिसमें टी-सीरीज का म्यूजिक है।

# अजय देवगन की फिल्म आजाद का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की नई फिल्म आजाद का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म आजाद में अजय देवगन के साथ डायना पेंटी, अमन देवगन और राशा थडानी नजर आएंगे। फिल्म आजाद का टीजर फिल्म के निर्देशक अभिषेक कपूर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा, हर जंग में, हर बहादुर योद्धा के साथ, एक वफादार घोड़ा जरूर रहा है। आजाद का टीजर रिलीज हुआ, जनवरी 2025 में बड़े पर्दे पर रोमांस का नजारा देखें। इस टीजर में महाराणा प्रताप को दिखाया गया है, जिन्होंने 40 हजार की एक खतरनाक दुश्मन सेना का सामना केवल आठ से नौ हजार सैनिकों के साथ किया। टीजर में महाराणा प्रताप के घोड़े पर फोकस किया गया है। टीजर में उसे हाथी जितना लंबा, मोर की तरह पतली गर्दन वाला और बिजली की तरह तेज बताया गया है। फिल्म आजाद अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की बॉलीवुड में पहली फिल्म है।

### सिंघम अगेन ने कमाए 150 करोड़

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन ने भारतीय बाजार में 150 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन दीवाली के अवसर पर 1 नवंबर को रिलीज हुई है। सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना, दीपिका, अर्जुन, टाइगर, अक्षय, रणवीर, रवि किशन और जैकी श्रॉफ की अहम भूमिका है। भारत में ओपनिंग डे पर 43 .5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फिल्म ने 42 .5 करोड़,तीसरे दिन 35 .75 करोड़, चौथे दिन 18 करोड़ और पांचवे दिन 13 .5 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म ने पांच दिन में भारत में 153 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।



# भारत ए ने बदली गेंद का किया विरोध वार्नर-कोवान ने मांगा स्पष्टीकरण

सिडनी, एजेंसी

• डेविड बोले- जल्द ही निपटा दिया गया मामला, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को करना है अंतिम फैसला

भारत ए के खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पिछले सप्ताह खेले गए पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के अंतिम दिन के खेल के दौरान दी गई बदली हुई गेंद की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि डेविड वार्नर और एड कोवान ने मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से स्पष्टीकरण देने को कहा है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यह मसला पिछले सप्ताह मैकाय में खेले गए चार दिवसीय मैच के अंतिम दिन सामने आया था जब अंपायरों ने भारतीय टीम को अलग गेंद दी। भारतीय खिलाड़ी, विशेषकर इशान किशन, इस फैसले से नाखुश थे तथा इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इसे मूर्खतापूर्ण फैसला करार दिया था। सिडनी मार्निंग हेराल्ड में बुधवार को प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय टीम गेंद बदलने को लेकर नहीं बल्कि बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर विरोध कर रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है इस मामले को लेकर एक तथ्य जो अभी तक पता नहीं था यह है कि भारत ए की टीम इसलिए नाराज नहीं थी कि गेंद को बदल दिया गया है बल्कि वह बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर नाखुश थी। यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं था क्योंकि खिलाड़ियों और अंपायरों के बीच बदली गई गेंद को लेकर दशकों से बहस होती रही है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाजों डेविड वार्नर और एड कोवान ने अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से यह स्पष्ट करने को कहा है कि मैकाय में मैच के अंतिम दिन क्या हुआ था। वार्नर ने कहा कि यह मामला जल्द से जल्द खत्म कर दिया गया है क्योंकि भारत की सीनियर टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर आने वाली है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राहुल शर्मा द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## पिछले चुनाव में शिकस्त के बाद ट्रंप ने की जोरदार वापसी, अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स

# फिर चला ट्रंप कार्ड, कमला हैरिस आउट

वाशिंगटन, एजेंसी

डोनाल्ड ट्रंप चार साल पहले जो बाइडन से राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद काफी मायूस और खिन्न थे तथा इसके कुछ हफ्तों बाद उनके समर्थकों की एक हिंसक भीड़ ने जब यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर धावा बोला था तो इसे रिपब्लिकन नेता के राजनीतिक करियर का अंत माना जाने लगा था। हालांकि, ठीक चार साल बाद, ट्रंप (78) ने व्हाइट हाउस में दूसरा कार्यकाल सुनिश्चित कर अमेरिका के इतिहास में अभूतपूर्व और जोरदार राजनीतिक वापसी की है। वह भी, एक गंभीर अपराध के मामले में दोषी करार दिये जाने और उनकी हत्या की दो नाकाम कोशिशों के बाद।

ट्रंप और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच कड़े मुकाबले का नतीजा अब तक आधिकारिक रूप से घोषित नहीं किया गया है, लेकिन रिपब्लिकन नेता के व्हाइट हाउस में लौटने की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। राजनीतिक विश्लेषक अनंग मित्तल ने कहा, यह अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी में से एक है। मार्च में, ट्रंप को उनकी पार्टी की ओर से प्रत्याशी नामित किया गया और कई अदालती मामलों के कारण ट्रंप के महीनों तक राजनीतिक वनवास में रहने के बाद जुलाई में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) में इस पर मुहर लगाई गई। असल में, एक गंभीर अपराध में दोषी करार दिये जाने के बाद शीर्ष पद के लिए नामांकन पाने वाले वह पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ट्रंप अब भी चार आपराधिक अभियोगों का सामना कर रहे हैं और फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इन मुकदमों का क्या होगा। पूर्व राष्ट्रपति 2021 में महाभियोग की सुनवाई से भी बच गए, जो उनके बरी होने के साथ समाप्त हो गई।

जुलाई में, पेन्सिलवेनिया में एक रैली के दौरान उन पर गोली चली, जो उनके कान के ऊपरी हिस्से को छूते हुए निकल गई। इसके कुछ ही मिनटों बाद, ट्रंप ने हमले के विरोध में अपनी मुट्ठी बांधी और ये तस्वीरें देखकर उनके कट्टर समर्थकों ने उन्हें भावनात्मक समर्थन दिया। वह अब अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स हैं।


पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में पत्नी मेलानिया ट्रंप के साथ पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

### विश्व के नेताओं ने ऐतिहासिक जीत के लिए ट्रंप को दी बधाई

**लंदन/यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और ब्रिटेन के उनके समकक्ष केअर स्टॉर्मर समेत विश्व के कई नेताओं ने बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। स्टॉर्मर विश्व के उन नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने ट्रंप द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत का दावा करने के लिए फ्लोरिडा में एक रैली को संबोधित करने के तुरंत बाद बधाई संदेश जारी किए। उन्होंने कहा कि ट्रंप के जीत दर्ज करने के बाद, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच विशेष संबंध नए अमेरिकी प्रशासन के तहत और भी समृद्ध होते रहेंगे।

## अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने से चूकीं हैरिस

**वाशिंगटन।** एक दशक से भी ज्यादा समय पहले एक पत्रकार ने कमला हैरिस को महिला ओबामा कहा था। हालांकि, भारतीय और जमैका के अप्रवासी दंपति की बेटी कमला हैरिस पहले अफ्रीकी-अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की उपलब्धियों की बराबरी करने में विफल रहीं। हैरिस अमेरिकी राजनीति में शीर्ष मुकाम हासिल करने में असफल रहीं और राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप से हार गईं। डेमोक्रेटिक नेता की ट्रंप के हाथों कड़े मुकाबले वाले चुनाव में हार ने अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने के उनके सपने को भी तोड़ दिया। उनके नामांकन से हालांकि महिलाओं में उत्साह पैदा हुआ कि सार्वजनिक जीवन में उनके लिए यह द्वार बंद नहीं हुआ



है। हैरिस (60) के नाम कई अन्य 'पहली' उपलब्धियां भी दर्ज हैं। वह सैन फ्रांसिस्को की डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी रह चुकी हैं – इस पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला, पहली अफ्रीकी-अमेरिकी और पहली भारतीय मूल की शख्स थीं। उपराष्ट्रपति के रूप में, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं। साथ ही, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी-अमेरिकी या भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति भी हैं। 5 नवंबर के चुनाव से तीन दिन पहले प्रकाशित एक लेख में हैरिस ने बचपन में की गई अपनी भारत यात्रा को याद किया और अपनी दिवंगत मां श्यामला गोपालन को याद किया, जो एक कैंसर शोधकर्ता और नागरिक अधिकार कार्यकर्ता थीं। हैरिस ने ऑनलाइन दक्षिण एशियाई प्रकाशन द जुगरनॉट के लिए लिखे लेख में कहा, बड़े होने के दौरान, मेरी मां ने मुझे और मेरी बहन को हमारी विरासत का सम्मान करना सिखाया। लगभग हर दूसरे साल हम दिवाली के लिए भारत जाते थे।

## भारतीय मूल के छह अमेरिकियों ने जीता प्रतिनिधि सभा का चुनाव

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के छह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुनाव जीत गए हैं। मौजूदा कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में इनकी संख्या पांच थी। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। भारतीय-अमेरिकी वकील सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया और पूरे ईस्ट कोस्ट से चुने जाने वाले समुदाय के पहले व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। सुब्रमण्यन ने रिपब्लिकन पार्टी के माइक क्लांसी को हराया। वह वर्तमान में वर्जीनिया राज्य के सीनेटर हैं। एरिजोना के पहले कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से डॉ. अमीश शाह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मामूली अंतर से आगे हैं। अगर वह जीत हासिल करने में सफल होते हैं तो प्रतिनिधि सभा में भारतीय अमेरिकियों की संख्या बढ़कर सात हो जाएगी। सुब्रमण्यम ने कहा मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि वर्जीनिया के 10 वें जिले के लोगों ने मुझ पर भरोसा जताया ताकि मैं सबसे कठिन लड़ाई लड़ सकूं और कांग्रेस में परिणाम दे सकूं। यह जिला मेरा घर है। मैंने यहां शादी की, मेरी पत्नी मिरांडा और मैं अपनी बेटियों का पालन पोषण कर रहे हैं और हमारे समुदाय के सामने आने वाले मुद्दे हमारे परिवार के लिए व्यक्तिगत हैं। वाशिंगटन में इस जिले की सेवा जारी रखना सम्मान की बात है। पूर्व में राष्ट्रपति बराक ओबामा के व्हाइट हाउस सलाहकार रह चुके सुब्रमण्यम आस्था से हिंदू हैं और देशभर में भारतीय अमेरिकियों के बीच लोकप्रिय हैं। वह कांग्रेस में 'समोसा कॉकस' में शामिल हुए हैं जिसमें वर्तमान में पांच भारतीय अमेरिकी – अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं। 'समोसा कॉकस' अमेरिकी कांग्रेस में भारतीय मूल के अमेरिकियों के एक अनौपचारिक समूह को दिया गया नाम है। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। श्री थानेदार मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार दूसरी बार चुने गए। उन्होंने इसे पहली बार 2023 में जीता था। राजा कृष्णमूर्ति ने इलिनोइस के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज की है। कृष्णमूर्ति ने कहा व्हाइट हाउस और कांग्रेस पर नियंत्रण के लिए लड़ाई जारी है लेकिन मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि इलिनोइस के लोगों ने कांग्रेस में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए मेरा अनुबंध बढ़ा दिया है। इसी प्रकार कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले रो खन्ना और वाशिंगटन राज्य के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमिला जयपाल ने भी जीत दर्ज की। पेशे से चिकित्सक डॉ. अमी बेरा 2013 से कैलिफोर्निया के छठे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय मूल के सबसे वरिष्ठ अमेरिकी सांसद हैं। उन्हें लगातार सातवीं बार फिर से चुना गया। एरिजोना में डेमोक्रेटिक पार्टी के शाह रिपब्लिकन पार्टी के मौजूदा उम्मीदवार डेविड श्वीकेट से थोड़ा आगे चल रहे हैं। उन्हें 132,712 वोट हैं जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को मिले मतों की संख्या 128,606 थी। अभी तक 63 प्रतिशत मतों की गिनती हुई थी।

## एक नजर

### वियतनाम की सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट लापता

**हनोई।** वियतनाम की वायु सेना का एक लड़ाकू प्रशिक्षण विमान याक-130 मध्य बिन्ह दीन्ह प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और उसके दो पायलट लापता हैं। यह जानकारी वियतनाम की मीडिया ने बुधवार को दी। वीएन एक्सप्रेस अखबार के अनुसार, 940वीं वियतनामी वायु सेना रेजिमेंट का रूस निर्मित याक-130 फु कैट हवाई अड्डे से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर एक पहाड़ी इलाके में तकनीकी खराबी के कारण स्थानीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### श्रीलंका में डेंगू से 20 लोगों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका की राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई (एनडीसीयू) ने बुधवार को कहा कि इस वर्ष अब तक देश में डेंगू से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। एनडीसीयू ने कहा कि कुल मामलों में मृत्यु दर का प्रतिशत 0.05 है और इस वर्ष में 42,820 मामला सामने आ चुका है। पश्चिमी प्रांत में 42.6 प्रतिशत मामले, उत्तरी प्रांत में 11.4 प्रतिशत मामले और मध्य प्रांत में 10.6 प्रतिशत मामले सामने आए हैं।

### श्रीलंका में पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना बहुत महंगा

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि एक समिति पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा पर होने वाले खर्च की समीक्षा कर रही है तथा इसकी रिपोर्ट के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। विदेश मंत्री एवं मंत्रिमंडल के प्रवक्ता विजिता हेराथ ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना काफी महंगा है और सरकार को इस पर सालाना 110 करोड़ श्रीलंकाई रुपये तक का खर्च करना पड़ता है।

### सेनाओं प्रमुखों को सेवा विस्तार लोकतंत्र का नरसंहार

**लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को कहा कि थलसेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर समेत तीनों सेनाओं के प्रमुखों को दो साल का सेवा विस्तार देना "लोकतंत्र, कानून के शासन और लोगों के अधिकारों का नरसंहार है। खान ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में मीडिया और अपने वकीलों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। खान के 'एक्स' खाते से की गयी एक पोस्ट में यह जानकारी दी गई है।

## लेबनान में हवाई हमलों में 25 की मौत, 32 घायल

बेरूत, एजेंसी

लेबनान के विभिन्न इलाकों में मंगलवार को इजराइल की ओर से किये गये हवाई हमलों में कम से कम 25 लोग मारे गए और 32 अन्य घायल हो गए। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार, माउंट लेबनान के चौफ जिले के बारजा में एक आवासीय अपार्टमेंट को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में 15 लोग मारे गए।

नागरिक सुरक्षा दल अभी भी मलबे के नीचे हताहतों की तलाश कर रहे हैं। वहीं, बालबेक में तालिया की नगर पालिका, बालबेक-हर्मेल गवर्नरेट, साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के



कस्बों और गांवों पर इजराइली हमलों के कारण अतिरिक्त हताहत हुए। इसके अलावा, लेबनान और सीरिया के बीच मस्ना-जदीदत याबूस सीमा क्रॉसिंग पर एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने कब्जे वाले गोलान में इजराइल की 810वीं हरमोन ब्रिगेड के मुख्यालय माले गोलानी बैरक पर रॉकेटों से हमला किया।

### हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा

**यरूशलम।** इजराइल की सेना ने दक्षिणी लेबनान में वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा किया है। इजराइली सेना ने अपने बयान में कहा कि उसके लड़ाकू विमानों ने बुधवार को दक्षिणी लेबनान पर हमला किया, जिसमें वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर हुसैन अब्द अल-हलीम हर्ब की मौत हो गयी। बयान के मुताबिक हर्ब ने गैलील में समुदायों के खिलाफ और विशेष रूप से मेटुला के क्षेत्र के खिलाफ कई रॉकेट हमलों को अंजाम दिया था। बयान में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में इजराइली वायु सेना ने लेबनान और गाजा पट्टी में लगभग 70 हमले किये हैं।

## नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री को किया बर्खास्त, देशभर में प्रदर्शन

यरुशलम, एजेंसी

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को देश के रक्षा मंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त कर दिया। हालांकि उनके इस कदम के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। नेतन्याहू ने यह घोषणा ऐसे समय की है, जब इजराइल क्षेत्र में कई मोर्चों पर लड़ाई लड़ रहा है। गाजा में युद्ध को लेकर नेतन्याहू और गैलेंट के बीच कथित तौर पर मतभेद रहा है।

नेतन्याहू ने मंगलवार को की गई अपनी घोषणा में विश्वास की कमी का उल्लेख किया था। नेतन्याहू ने कहा, युद्ध के बीच में, पहले से कहीं अधिक, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच पूर्ण विश्वास की आवश्यकता होती है। हालांकि युद्ध के शुरूआती महीनों में ऐसा विश्वास था और बहुत ही सार्थक काम हुआ था, लेकिन


रक्षा मंत्री को निकाले जाने के बाद प्रदर्शन करते लोग।

दुर्भाग्य से पिछले महीनों के दौरान मेरे और रक्षा मंत्री के बीच यह विश्वास टूट गया। युद्ध के शुरुआती दिनों में, इजराइल के नेतृत्व ने हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का जवाब देते हुए एक एकीकृत मोर्चा बनाया था। लेकिन जैसे-जैसे युद्ध लंबा खिंचता गया और लेबनान तक फैल गया, प्रमुख नीतिगत मतभेद उभर कर सामने आ गए। नेतन्याहू ने हमास पर निरंतर सैन्य दबाव बनाए रखने का आह्वान किया, जबकि गैलेंट ने अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि सेना ने कम से कम एक अस्थायी कूटनीतिक समझौते के लिए आवश्यक परिस्थितियां पैदा कर दी हैं, जिससे आतंकवादी समूह (हमास) द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सकता है। बंधकों के परिवार, साथ ही सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल हुए हजारों लोग नेतन्याहू पर सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए समझौते को विफल करने का आरोप लगा रहे हैं। नेतन्याहू के कट्टर सहयोगियों ने धमकी दी है कि अगर वह हमास को रियायतें देते हैं तो वे सरकार गिरा देंगे, जिससे ऐसे वक्त में समय से पहले चुनाव होने की आशंका बढ़ गई है जब प्रधानमंत्री (नेतन्याहू) की लोकप्रियता कम हो गई है। विपक्षी नेता येर लैपिड ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, युद्ध के बीच में, गैलेंट को बर्खास्त करना पागलपन वाला कृत्य है। नेतन्याहू अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए इजराइल की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलिया से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

कैनबरा, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की और द्विपक्षीय समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

जयशंकर ने इस मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अल्बनीज को अभिवादन


प्रधानमंत्री एंथनी से मुलाकात विदेश मंत्री जयशंकर।

प्रेषित किया। विदेश मंत्री तीन से सात नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा आज कैनबरा में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिलकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अभिवादन प्रेषित किया।

भारत-ऑस्ट्रेलिया समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए उनके मार्गदर्शन की प्रशंसा करता हूं। उन्होंने न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री विन्स्टन पीटर्स से भी यहां मुलाकात की।

### भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश किया घोषित

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा चैंपियन सर स्टीव स्मिथ ने भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश घोषित किया है। लेबर पार्टी की सरकार के तहत देश की अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा रणनीति की समीक्षा की जा रही है। इस सप्ताह लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में इंडिया-यूके अचीवर्स ऑनर्स के तीसरे संस्करण पर दोहराया कि ग्रेजुएट रूट के तहत ब्रिटेन की, अध्ययन के बाद कार्य वीजा की पेशकश अपरिवर्तित रहेगी।

## बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर पर टिप्पणी से तनाव

ढाका, एजेंसी

- फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर हो चुकी है झड़प

बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव के कुछ हिस्सों में सेना के नेतृत्व में संयुक्त बलों ने बुधवार को गश्त की, यहां एक दिन पहले एक मुस्लिम किराना दुकानदार द्वारा इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉनशस्नेस) के खिलाफ फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर झड़प हो गई थी और इसमें कई लोग घायल हो गए थे।

अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि व्यापारी उस्मान अली ने फेसबुक पर इस्कॉन को आतंकवादी समूह करार दिया था जिसके बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया था और हजारी गली क्षेत्र में रहने वाले हिंदू समुदाय ने इसके खिलाफ नाराजगी जताई थी। हजारी गली में मुख्य रूप से हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं जो आभूषण की दुकानों और थोक दवा की दुकानों के मालिक हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस्कॉन पर की गई इस टिप्पणी को लेकर रातभर संक्षिप्त झड़प हुई।

इस दौरान मौके पर पहुंची सेना, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों द्वारा लाठीचार्ज करने से कई लोग घायल हो गए। इस दौरान हजारी गली इलाके में दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहां सेना के जवान पुलिस के साथ जीप में गश्त कर रहे हैं।

## कश्मीर पर झूठ फैलाने को लेकर पाकिस्तान की आलोचना

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंच में किया झूठ का इस्तेमाल
- भारत ने कहा- दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाने और इस वैश्विक मंच का इस्तेमाल झूठ फैलाने के लिए करने को लेकर इस्लामाबाद की आलोचना करते हुए भारत ने कहा है कि किसी भी तरह का दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा।

सूचना से संबंधित प्रश्नों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति की आम बहस को संबोधित करते हुए, राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि विश्वास, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सूचना तक समावेशी पहुंच आवश्यक है। उन्होंने कहा एक (पाकिस्तानी) प्रतिनिधिमंडल ने एक बार फिर झूठ फैलाने के लिए इस प्रतिष्ठित मंच का इस्तेमाल किया है। दुष्प्रचार और गलत सूचना का सहारा लेना इस प्रतिनिधिमंडल की आदत है। पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर मुद्दा उठाए जाने के बाद, संयुक्त राष्ट्र की बहस में कड़ा जवाब देते हुए शुक्ला ने कहा मुझे स्पष्ट करने दीजिए। वास्तविक लोकतंत्र अलग ढंग से कार्य करते हैं। हाल में संपन्न स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर से एक अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव हुए।

### भारत को दीर्घकालिक बिजली निर्यात का रास्ता हुआ साफ

**काठमांडू।** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने भारत के साथ बिजली के निर्यात के लिए हस्ताक्षरित समझौते को रद्द करने की मांग वाली एक रिट याचिका को खारिज कर दिया है। उच्चतम न्यायालय के मंगलवार को दिए गए फैसले के बाद नयी दिल्ली के साथ नेपाल के दीर्घकालिक बिजली व्यापार का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकार के दुरुपयोग की जांच के लिए आयोग (सीआईएए) के पूर्व प्रमुख सूर्य नाथ उपाध्याय द्वारा दायर रिट याचिका उस समझौते के खिलाफ थी जिसके तहत नेपाल अगले 10 वर्षों के लिए भारत को 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात करेगा। उच्चतम न्यायालय के प्रवक्ता अच्युत कुइकेल के अनुसार, पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

**खगोल विज्ञान** | नए शोध में अंतरिक्ष के विकास में एक कड़ी जोड़ने का प्रयास किया गया है

## आज भी अधूरी है ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी

संवाददाता, नैनीताल

सही मायनों में ब्रह्मांड की उत्पत्ति की गुत्थी आज भी पूर्णतः नही सुलझ सकी है। अलबत्ता बिग बैंग ब्रह्मांड के जन्म का एक सुराग है। जिसे समझने के लिए आज भी शोध जारी हैं और हालिया नया शोध ब्रह्मांड के विकास की कड़ी को जोड़ता है।

नए शोध के अनुसार बिग बैंग के बाद पहले ही क्षणों के दौरान मौजूदा भौतिकी की चार मूलभूत ताकतें एक ही बल में समाहित हो गई थीं।

यह ताकतें गुरुत्वाकर्षण, विद्युत चुंबकत्व, मजबूत परमाणु बल व कमजोर परमाणु बल के रूप में जानी जाती हैं। जैसे-जैसे ब्रह्मांड का विस्तार होता चला गया और वह ठंडा भी होते चला गया। इस बीच


बिग बैंग के दौरान ब्रह्मांड के विकास का काल्पनिक चित्र।

आये परिवर्तनों में इन शक्तियों को अलग अलग कर दिया। बिग बैंग के बाद एक सेकंड के कुछ अरबवें हिस्से में ही कई परिवर्तन हो गए। क्वार्क और ग्लूऑन उप-परमाणु कण हैं जो मजबूत परमाणु बल के लिए जिम्मेदार हैं। इसकी पुष्टि कृत्रिम रूप से 2010 में ब्रुकहेवन नेशनल लेबोरेटरी में और 2015 में एलएचसी के जरिए की गई। पता चलता है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड बेहद गर्म और घना था। मगर क्वार्क-ग्लूऑन प्लाज्मा लंबे समय तक नहीं टिक सका, जो ब्रह्मांड के विस्तार के साथ ठंडा होने से न्यूट्रॉन के रूप में एक साथ एकत्रित हो गया। वैज्ञानिक इस घटना को क्वार्क कारावास कहते हैं। यह जानकारी भी मिलती है कि जब ब्रह्मांड में अधिक उच्च ऊर्जा वाले फोटॉन थे, तो कोई भी परमाणु नाभिक उनके द्वारा तुरंत नष्ट हो जाता था।

### डार्क मैटर व एनर्जी को समझना बड़ी चुनौती

नैनीताल : डार्क मैटर व डार्क मैटर को समझना वर्तमान खगोल विज्ञान की सबसे बड़ी चुनौती है। इसे तभी समझा जा सकेगा, जब ब्रह्मांड के विकास की सही जानकारी मिलेगी। इसके लिए निरंतर शोध जरूरी हैं।